सूर्योदय 6:20 सूर्यास्त 6:34

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 11.4 न्यू | 21.5 अधि |
| धर्मशाला | 11.2 न्यू | 27.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77984.38 |
| निफ्टी | 23658.35 |
| सोना | 89,620 |
| चांदी | 1,00,922 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 25 मार्च 2025 | 12 चैत्र, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 85, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



प्रासंगिक बने रहने के लिए खुद को ढालना होगा: धोनी

पृष्ठ 14 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### यशवंत वर्मा को इलाहाबाद हाईकोर्ट भेजने की सिफारिश



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर सूचित किया कि जस्टिस यशवंत वर्मा से तत्काल प्रभाव से न्यायिक कार्य वापस ले लिया है। यशवंत के आवास से कथित तौर पर बड़ी मात्रा में नकदी बरामद की थी। वहीं, सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जस्टिस यशवंत वर्मा को उनके न्यायालय इलाहाबाद हाईकोर्ट में वापस स्थानांतरित करने की सिफारिश करते हुए प्रस्ताव जारी किया है।

### आरजी कर मामला: सीबीआई से कोर्ट ने मांगी केस डायरी

**कोलकाता।** आरजी कर अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या मामले में सोमवार को कलकत्ता हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने सीबीआई को मामले की जांच से संबंधित केस डायरी अगली सुनवाई पर पेश करने का निर्देश दिया। अदालत ने सीबीआई से पूछा कि क्या केंद्रीय एजेंसी अपनी जांच में सामूहिक दुष्कर्म या मामले में सबूतों को नष्ट किए जाने की संभावना के एंगल पर भी जांच कर रही है। वहीं, मृतका के परिजन और मामले में याचिकाकर्ता ने अदालत की निगरानी में जांच की मांग की। उन्होंने दावा किया कि ट्रायल कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल करते समय सीबीआई ने कहा था कि अपराध में बड़ी साजिश शामिल थी।

### नागपुर हिंसा: मुख्य आरोपी फहीम के घर चला बुलडोजर

**मुंबई।** औरंगजेब की कब्र हटाने को लेकर नागपुर में हुई हिंसा के मुख्य आरोपी फहीम खान के घर पर सोमवार को बुलडोजर चलाया गया। हिंसा के एक और आरोपी यूसुफ शेख के घर का अवैध निर्माण भी तोड़ा गया है। नागपुर नगर निगम ने संजय बाग कॉलोनी, यशोधरा नगर में मौजूद फहीम के मकान का अवैध निर्माण हटाने के लिए रविवार को 24 घंटे का समय दिया था, जो सोमवार को पूरा हो गया। फहीम का मकान उसकी पत्नी के नाम पर है। नगर निगम ने बिल्डिंग परमिशन अप्रूवल में गड़बड़ी को लेकर कार्रवाई का नोटिस दिया था।

### कॉमेडियन कामरा के वीडियो पर बवाल, एफआईआर दर्ज

**मुंबई।** कॉमेडियन कुणाल कामरा पर सोमवार को एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने फोन पर पूछताछ की। कामरा ने कहा कि मुझे अपने पैरोडी सांग पर कोई पछतावा नहीं है। मैं माफी नहीं मांगूंगा, अगर कोर्ट ने कहा तो ऐसा कर सकता हूं। महाराष्ट्र के गृह राज्य मंत्री योगेश कदम ने विधानसभा में कहा कि कामरा की कॉल रिकॉर्डिंग, सीडीआर और बैंक स्टेटमेंट की भी जांच की जाएगी। हम पता लगाएंगे कि इसके पीछे कौन है। उधर, मुंबई नगर निगम की टीम ने यूनीकांटिनेंटल होटल पर कार्रवाई की है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- 10 दिन में दियोटसिद्ध में चढ़ा दो करोड़ 82.32 लाख का चढ़ावा -पेज 2
- शिमला में नो एंट्री जोन में सुधीर शर्मा की कार का कटा चालान -पेज 3
- बिलासपुर जिले की 29 पंचायतें टीबी मुक्त -पेज 6
- देश की शिक्षा व्यवस्था को खत्म करने में लगा आरएसएस: राहुल -पेज 13
- हैमर बॉल नेशनल चैंपियनशिप में हिमाचल ने झटका तीसरा स्थान -पेज 14


# सांसदों की बल्ले-बल्ले

## वेतन में 24 हजार का इजाफा; अब 1.24 लाख मिलेंगे, पूर्व सांसदों की पेंशन 6 हजार बढ़ाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केंद्र** सरकार ने सांसदों की सैलरी में 24 फीसदी का इजाफा कर दिया है। सोमवार को संसदीय कार्य मंत्रालय ने इसकी अधिसूचना जारी की। अब सांसदों को 1.24 लाख रुपए प्रति माह सैलरी मिलेगी। पहले उन्हें 1 लाख रुपए प्रति माह मिलते थे। यह बढ़ोतरी कॉस्ट इंफ्लेशन इंडेक्स (लागत मुद्रास्फीति सूचकांक) के आधार पर की गई है। बढ़ी हुई सैलरी 1 अप्रैल 2023 से लागू होगी। इससे पहले मोदी सरकार ने 2018 में सांसदों के वेतन और भत्तों की हर पांच साल में समीक्षा का नियम बनाया था। यह समीक्षा महंगाई दर पर आधारित होती है।

डेली अलाउंस और पेंशन भी बढ़ाई गई है। डेली अलाउंस 2 हजार रुपए से बढ़ाकर 2,500 कर दिया गया है। पूर्व सांसदों की पेंशन 25 हजार रुपए से प्रति माह से बढ़ाकर 31 हजार रुपए प्रति माह कर दी गई है। पांच साल से ज्यादा समय तक सांसद रहे सदस्यों को हर साल के लिए मिलने वाली एक्स्ट्रा पेंशन भी 2 हजार रुपए प्रति माह से बढ़ाकर 2,500 रुपए प्रति माह कर दी गई है।

**डेली अलाउंस और पेंशन भी बढ़ाई गई**



### सांसदों को ये भी मिलती हैं सुविधाएं

**34 हवाई यात्राएं :** प्रत्येक सांसद एक साल में 34 फ्री हवाई यात्राएं कर सकता है। सांसद चाहे तो 8 यात्राओं को अपने सहयोगियों या स्टाफ को ट्रांसफर कर सकते हैं। भारतीय रेलवे की सभी क्लास में मुफ्त यात्रा की सुविधा मिलती है। यह सुविधा संसद सत्र के दौरान और बाद भी मिलती है। सड़क यात्रा के लिए 16 प्रति किलोमीटर तक का भत्ता दिया जाता है। यह तब लागू होता है, जब सांसद किसी आधिकारिक कार्य के लिए सड़क से यात्रा करते हैं और हवाई या रेल यात्रा संभव नहीं होती। संसद सत्र के दौरान सांसदों को दिल्ली में परिवहन सुविधा प्रदान की जाती है। रिटायर्ड सांसदों को भी कुछ हद तक रेल और हवाई यात्रा पर रियायत मिलती है।

**50 हजार यूनिट फ्री बिजली:** दिल्ली में मुफ्त सरकारी आवास, सरकारी आवास और ऑफिस के लिए 50,000 यूनिट फ्री बिजली और 4 लाख लीटर मुफ्त पानी की सुविधा छूट मिलती है। लोकसभा सांसदों के लिए 1,50,000 मुफ्त कॉल और राज्यसभा सांसदों के लिए 50,000 मुफ्त कॉल मिलती हैं।

**मेडिकल सुविधाएं :** सांसदों को सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों में सभी मेडिकल सुविधाएं मुफ्त मिलती हैं। सीजीएचएस अस्पतालों में मुफ्त इलाज होता है। अगर किसी बीमारी का इलाज देश में संभव नहीं, तो सरकार विशेष अनुमति के तहत विदेश में इलाज के लिए खर्च दे सकती है। सांसदों को पद छोड़ने के बाद भी सीजीएचएस के तहत मेडिकल सुविधा मिलती रहती है। पूर्व सांसदों को और उनके जीवनसाथी को भी मुफ्त इलाज की सुविधा मिलती है। सांसदों को सरकारी गाड़ी, रिसर्च और स्टाफ असिस्टेंट की सुविधा और संसद की कैंटीन में सब्सिडी वाली दरों पर भोजन भी मिलता है।

### नए वेतन और भत्ते

**सांसदों का मासिक वेतन**
पहले : 1,00,000 रुपए प्रति माह
अब : 1,24,000 रुपए प्रति माह

**दैनिक भत्ता**
**पहले :** 2,000 रुपए प्रति दिन
**अब:** 2,500 रुपए प्रति दिन

**पूर्व सांसदों की पेंशन**
**पहले:** 25,000 प्रति माह
**अब:** 31,000 रुपए प्रति माह

**अतिरिक्त पेंशन**
**पहले :** 2,000 रुपए प्रति माह
**अब :** 2,500 रुपए प्रति माह

### कोई टैक्स नहीं लगता

सांसद वेतन, भत्ता और पेंशन अधिनियम के तहत आयकर अधिनियम, 1961 में निर्दिष्ट मूल्य वृद्धि सूचकांक के आधार पर की है। सासंदों की सैलरी पर कोई टैक्स नहीं लगता है। सांसदों की पत्नी के लिए कई फ्री हवाई सफर, अनलिमिटेड ट्रेन का सफर और संसद सत्र के दौरान घर से दिल्ली तक सालाना आठ हवाई सफर भी शामिल होते हैं।

# जुब्बड़हट्टी एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा टला इमरजेंसी ब्रेक लगाकर रोका विमान, टायर फटा

## डिप्टी सीएम मुकेश और डीजीपी डॉ. अतुल थे सवार, यात्रियों में मचा हड़कंप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**हिमाचल** प्रदेश के जुब्बड़हट्टी एयरपोर्ट पर सोमवार सुबह एक बड़ा हादसा होने से टल गया। दिल्ली से शिमला पहुंचे एलायंस एयर के विमान को इमरजेंसी ब्रेक लगाकर रोका गया है। विमान का टायर भी फट गया। विमान में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और डीजीपी डॉ. अतुल वर्मा सहित पायलट व क्रू मेंबर सहित 44 यात्री सवार थे।

इस बीच यात्रियों में हड़कंप मच गया और विमान के पायलट व क्रू मेंबर ने मोर्चा संभाला और उन्होंने सूझबूझ दिखाते हुए यात्रियों को शांत किया। वहीं, एलायंस एयर कंपनी भी अपने तकनीकी विंग से जांच करवाएगा, ताकि इस घटना को निकट भविष्य में न दोहराया जा सके। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि वह तकनीकी खामी का पता लगाने के बाद ही धर्मशाला व अन्य स्थानों को उड़ान पर जाने वाले विमानों को बहाल कर देंगे।

### सीएम बोले-नागर विमानन मंत्री से करेंगे बात

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि इस मामले पर चर्चा करने के लिए नागर विमानन मंत्री से बात करेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे बताया गया है कि टायर फटने के बाद आपातकालीन ब्रेक लगाने पड़े और मैं इस संबंध में नागर विमानन मंत्री से बात करूंगा।

### धर्मशाला व अन्य स्थानों को जाने वाली फ्लाइटें रद्द

**एलायंस** एयर ने तकनीकी खामी का हवाला देते हुए धर्मशाला जाने वाली अगली फ्लाइट भी रद्द करवा दी और अन्य उड़ानों पर भी अस्थायी रोक लगा दी। गौर रहे कि शिमला स्थित जुब्बड़हट्टी एयरपोर्ट अपने सीमित रनवे की वजह से ज्यादा सुरक्षित नहीं माना जाता। यहां पर 1200 मीटर का सीमित रनवे है, जो विमान लैंडिंग के वक्त पायलट को परेशान करता है। पुलिस मुख्यालय से जानकारी के अनुसार, यह हादसा संभावित किसी तकनीकी खामी की वजह से हुआ है। विभाग इस मामले की जांच करवाएगा।

### रनवे छोटा है और हम इस तथ्य से नहीं कर सकते इनकार : मुकेश

**अग्निहोत्री** ने संवाददाताओं से कहा कि रनवे छोटा है और हम इस तथ्य से इनकार नहीं कर सकते। एक आम आदमी के तौर पर मैं कह सकता हूं कि उतरते समय विमान उस जगह जमीन पर नहीं उतरा, जहां उसे उतरना चाहिए था और हवाई पट्टी के अंत में पहुंच गया। उन्होंने कहा कि केवल हवाई अड्डा प्राधिकरण या नागर विमानन महानिदेशालय ही बता सकता है कि क्या हुआ, लेकिन मैं कह सकता हूं कि उतरने में कोई समस्या थी। हमने देखा कि रनवे खत्म हो चुका था। मुकेश ने कहा कि सभी यात्री लगभग 20-25 मिनट तक विमान में ही रहे और धर्मशाला की उड़ान रद्द कर दी गई।

### विमल नेगी मौत मामले की हाईकोर्ट में सुनवाई

# पूर्व निदेशक देशराज की अग्रिम जमानत पर सुरक्षित रखा फैसला

**पुष्पेंद्र, शिमला**

**हिमाचल** हाईकोर्ट ने विमल नेगी की मौत से जुड़े मामले में पावर कॉरपोरेशन के पूर्व निदेशक देशराज की अग्रिम जमानत याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। प्रार्थी को हाईकोर्ट से फिलहाल कोई राहत नहीं मिली है।

न्यायाधीश विरेंदर सिंह ने मामले पर सुनवाई की। सरकार ने जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि प्रार्थी का आचरण संदेहास्पद है, क्योंकि उसे उसके निजी सहायक के माध्यम से तलाशने की कोशिश की, लेकिन उसका मोबाइल फोन बंद है। प्रार्थी ने अपने कार्यालय में भी उपस्थिति दर्ज नहीं करवाई है व जांच से बचने के लिए भाग गया है। प्रार्थी मामले से जुड़े गवाहों को धमका सकता है। नेगी की पत्नी की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए न्यू शिमला पुलिस स्टेशन में कथित तौर पर आरोपी बनाए गए पूर्व निदेशक देशराज पर विमल नेगी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप लगाए हैं।

- **सरकार ने किया जमानत का विरोध**
- **जांच से बचने को भाग सकता है प्रार्थी**

# राज्य में सहारा योजना नहीं होगी बंद: सुक्खू

## बोले- सरकार ने 140 करोड़ की राशि की जारी, लाभार्थियों को हर माह मिलती रहेगी 3000 मासिक पेंशन

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**



**हिमाचल** विधानसभा के बजट सत्र की कार्यवाही सोमवार को दो बजे के बाद शुरू हुई। बजट सत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा, रेलवे से संबंधित मुद्दों को सदन के पटल रखा गया। इस बीच सत्तापक्ष व विपक्ष में खूब गहमागहमी हुई।

स्वास्थ्य क्षेत्र में सहारा स्वास्थ्य योजना पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के सवालों पर सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जवाब दिया। सुक्खू ने जानकारी दी कि राज्य के अंदर सहारा योजना बंद नहीं होगी, लेकिन नियमों में संशोधन किए जाएंगे। इसके लिए सरकार ने 140 करोड़ की राशि जारी कर दी है, जिसमें लाभार्थी को हर महीने 3000 मासिक पेंशन मिलती रहेगी। उन्होंने कहा कि यह योजना जयराम सरकार ने शुरू की थी, फिर भी वह बिना किसी राजनीतिक प्रतिशोध के इसे जारी रखे हुए हैं। लाभार्थियों को निर्धारित पेंशन दी जा रही है। विपक्ष भ्रामक प्रचार न करे। सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है और आम जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले, इसके लिए सुदृढ़ प्रयास जारी हैं। (अनंत ज्ञान)

**नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नियम के तहत खुलेंगे**

### सहारा लाभार्थियों को 8 माह से कोई पैसा नहीं : जयराम

**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सहारा योजना के लाभार्थियों को अभी बहुत ज्यादा राशि देने को है और कई मामले हैं, जिनको 8 माह से पैसा नहीं गया है। वहीं, सीएम ने कहा कि पैसे हर महीने खाते में डाले जाएंगे। उन्होंने आश्वस्त किया कि सहारा योजना से किसी को बाहर नहीं किया जाएगा। सुक्खू ने कहा कि जितनी पेंशन बची है, वह अविलंब जारी की जाएगी। हिमाचल में तय आबादी के तहत बनाए नियमों पर नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने के लिए सरकार पुनर्विचार करेगी।

# हमीरपुर में सिटिंग प्लान चेंज कर करवाई नकल

## ब्वॉयज स्कूल में अलग बिठाए थे सात स्टूडेंट्स, दो के बनाए यूएमसी केस

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

**अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव**

**हमीरपुर** जिला मुख्यालय पर स्थित ब्वॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के परीक्षा केंद्र में नकल के मामले पकड़े गए हैं। सेंटर सुपरिंटेंडेंट को तत्काल प्रभाव से हटाकर स्कूल के ही एक अन्य टीचर को अधीक्षक लगाया है। तीन दिन पहले भी एक निजी स्कूल के परीक्षार्थियों में से तीन के नकल के मामले बनाए थे।

अहम बात यह है कि परीक्षा हॉल में जहां सिटिंग प्लान था, वहां से उठाकर 7 परीक्षार्थियों को अलग से दूसरी जगह बिठाया था। यहां दो परीक्षार्थियों के यूएमसी केस बने हैं। हमीरपुर के एसडीएम संजीत कुमार ने शिकायत मिलने के बाद शनिवार को इस मामले का भंडाफोड़ किया। उन्होंने छापेमारी कर सुबूत इकट्ठा किए। दो स्टूडेंट्स के पास पर्चियां भी पकड़ीं। एक शिक्षक ने इसकी सूचना दी थी। सूत्रों के मुताबिक, कुछ और सेंटरों पर सरकारी स्कूलों के टीचर्स के बच्चे भी परीक्षा दे रहे हैं। वे पढ़ते तो प्राइवेट स्कूल में हैं, लेकिन उनका एग्जाम सरकारी स्कूल में होता है। वहीं, स्कूल के प्रिंसिपल मुस्ताक अहमद को कई बार फोन किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया है। उधर, अब एग्जाम सेंटर में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### एग्जाम सेंटर से अधीक्षक को हटाया : एसडीएम

**हमीरपुर** के एसडीएम -संजीत कुमार ने बताया कि एग्जाम सेंटर में तैनात अधीक्षक को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है और उसकी जगह नए अधीक्षक की तैनाती की है। दो मामले बनाए गए हैं। रिपोर्ट तैयार कर शिक्षा बोर्ड को भेज दी है। स्टूडेंट्स को परीक्षा के दौरान अलग से बैठाया गया था, उसका परीक्षा केंद्र के अधीक्षक के पास कोई जवाब नहीं था। जिस हाल में अन्य परीक्षार्थी बिठाए गए थे, वहां 'सिटिंग रो' की चार लाइनें खाली रखी गईं थीं और सिटिंग प्लान में गड़बड़ थी। यहां नकल की शिकायत मिली थी।

### सीसीटीवी खंगाले जाएंगे : सचिव विशाल

**स्कूल** शिक्षा बोर्ड के सचिव विशाल शर्मा का कहना है कि स्कूल के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जाएंगे, क्योंकि सात बच्चे दूसरे कमरे में अलग से बिठाए गए थे। सिटिंग प्लान के सिस्टम में गड़बड़ी पाई गई व 'चार सिटिंग रो' खाली रखी गई थीं।

# मुस्लिम आरक्षण पर संसद में संग्राम

## खड़गे बोले- कोई संविधान नहीं बदल सकता

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**संसद** में बजट सत्र के दूसरे फेज के 9वें दिन सोमवार को कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के बयान पर राज्यसभा में हंगामा हुआ। इसके चलते सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

दोबारा कार्यवाही शुरू होने पर फिर हंगामा हुआ, तो राज्यसभा की कार्यवाही पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। शिवकुमार ने 23 मार्च को कर्नाटक के एक कार्यक्रम में मुस्लिम आरक्षण के मुद्दे पर कहा था कि संविधान बदल देंगे। सोमवार को राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होते ही संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने यह मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान का अपमान किया है। जवाब में मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि बाबा साहेब के संविधान को कोई नहीं बदल सकता। आरक्षण को कोई खत्म नहीं कर सकता। इसकी रक्षा के लिए हमने भारत जोड़ो यात्रा की। आप भारत तोड़ रहे हैं। डीके शिवकुमार ने कहा कि मैंने संविधान बदलने की बात नहीं कही। ये लोग गलत बातें फैला रहे हैं। वहीं, राज्यसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक जयराम रमेश ने संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया, जिसमें कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार की ओर से दिए गए कथित बयानों को लेकर सदन को 'गुमराह' करने का आरोप लगाया गया है।

### लोकसभा में भाजपा ने उठाया मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा, हंगामा

**लोकसभा** में भी सोमवार को भाजपा ने मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा उठाया। सपा सांसद पोस्टर लेकर सदन में आए। इस पर स्पीकर ओम बिरला ने आपत्ति जताई और सदन 12 बजे तक स्थगित कर दिया। 12 बजे सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर रिजिजू सदन पहुंचे और कर्नाटक के डिप्टी सीएम को बर्खास्त करने की मांग की।

**हुनर** देश-विदेश में अलग पहचान बना चुकी हैं लाहौल-स्पीति की जुराबें, 2021 में मिल चुका है जीआई टैग

# हस्त निर्मित जुराबें बनी महिलाओं की आर्थिकी का सहारा

**कमलेश वर्मा, केलांग**



**अनंत ज्ञान स्पैशल**

**लाहौल**-स्पीति जिला हस्त निर्मित उत्पादों के लिए अपनी अलग पहचान बना चुका है। यहां की महिलाओं की ओर से ऊन से बनाई जाने वाली रंग-बिरंगी जुराबें उनकी आर्थिकी का सहारा बनी हैं।

लाहौल की हर महिला जुराब बुनने का हुनर जानती है। यहां की महिलाएं त्योहार या विशेष पर्व पर अपने से बड़ों को जुराब भेंटकर आशीर्वाद प्राप्त करती हैं। लाहौल की महिलाओं के प्रयासों से पारंपरिक कला को बनाए रखने में सफलता मिली है। 1856 में मिशनरियों से जुराब बुनने का हुनर सीखने वाले जिले के लोग पहले घरेलू ऊन के धागे से जुराबें व ग्लब्स बनाते थे। हालांकि, ऊन से बनी जुराब इतनी टिकाऊ नहीं होती थी। धीरे-धीरे समय के साथ लाहौली जुराब ऊन के धागे के साथ लाइलोन के धागा से बनने लगी। लाहौल की सेव सोसायटी की ओर से जुराबों और दस्तानों को जीआई टैग दिलाने की कवायद शुरू की गई और 2021 में जीआई टैग मिला। (अनंत ज्ञान)

### केलांग में खुला था पहला बुनाई स्कूल

**साल** 1856 में मोरेबियन मिशनरी का केलांग आगमन हुआ और लाहौल में बुनाई पर लिखित जानकारी सामने आने लगी। मारिया हाईडे ने केलांग में पहला बुनाई स्कूल खोला था। स्थानीय महिलाओं के बुनाई कौशल को विकसित करने में अहम योगदान दिया। इसके बाद घाटी में बुनाई उत्पाद के आधुनिकीकरण और व्यवसायीकरण की शुरुआत हुई। घाटी में बुनाई का काम पीढ़ी दर पीढ़ी चलता है।

> **संस्था** के प्रयास से जीआई टैग मिलने से पारंपरिक लाहौली उत्पादों को नई पहचान मिलने का फायदा हथकरघा कारोबार से जुड़ी महिलाओं को मिला है। घाटी की हजारों महिलाएं इस कारोबार से जुड़ी हैं।
>
> **-प्रेम कटोच, अध्यक्ष सेव संस्था, लाहौल-स्पीति।**

> **लाहौल**-स्पीति जिले की महिलाओं की आर्थिकी बढ़ाने के उद्देश्य से अब सभी सरकारी कार्यक्रमों में टोपी व स्टॉल की जगह अब लाहौली जुराबें अतिथि सत्कार व सम्मान के रूप में देने की पहल शुरू की है। महिलाओं के प्रयासों से ही पारंपरिक कला को बनाए रखने में सफलता मिली है।
>
> **-अनुराधा राणा, विधायक, लाहौल-स्पीति**

### घाटी की 5 हजार से अधिक महिलाएं इस कारोबार से जुड़ीं

**घाटी** की 5 हजार से अधिक महिलाएं इस पारंपरिक कारोबार से सीधे तौर पर जुड़ी हैं। जिले की शशि, कमला, तेंजिन डोलमा, कल्पना सहित अन्य ने बताया कि घाटी में अधिकतर महिलाएं अपना समय व्यतीत करने के लिए पहले जुराबें-दस्ताने बनाने का काम करती थीं। इससे सर्दियों में भी ठंड से बचाव के लिए मदद मिलती थी, लेकिन अब व्यवसाय के लिए भी महिलाएं इसका कार्य कर रही हैं। वहीं, राधा एनजीओ की संचालक सुदर्शना ठाकुर ने बताया कि उनके हाथों से तैयार लाहौली जुराब की देश सहित विदेशों में भी डिमांड बढ़ी है।




## न्यूज ब्रीफ

### डीएवी आलमपुर ने घोषित किया परीक्षा परिणाम

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** डीएवी पब्लिक स्कूल आलमपुर जिला कांगड़ा द्वारा सोमवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में रचना जोशी प्रधानाचार्य सैनिक स्कूल सुजानपुर टीहरा व देवीदत्त मैनेजर पंजाब नेशनल बैंक सुजानपुर टीहरा उपस्थित रहे। इस अवसर पर छात्रों ने कई रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिक्रम सिंह ने मुख्यातिथियों का स्वागत किया। इस समारोह में शैक्षणिक उत्कृष्टता, पूर्ण उपस्थिति, सक्रिय भागीदारी, विशेष उपलब्धि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में विजयी छात्रों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिक्रम सिंह ने बच्चों व उनके अभिभावकों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी।

### परीक्षित चड्ढा का उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान

**अनंत ज्ञान, धनेटा।** डाकघर धनेटा में आरपीएलआई दिवस पर लघु बचत व आरपीएलआई की योजनाओं के बारे में एकदिवसीय ग्राहक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें निरीक्षिक रजनीश कुमार ने मुख्यतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने लोगों को आरपीएलआई व लघु बचत के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर आरपीएलआई में अच्छा काम करने के लिए दिनेश, मतुला शर्मा व जोगिंदर पाल तथा लघु बचत योजना के लिए परीक्षित चड्ढा को इनाम देकर सम्मानित किया। एसपीएम धनेटा विवेक रैना की बेस्ट कार्यशैली को देखते हुए उन्हें भी पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर संतोष, कुशाल चंद, जोगिंद्र, पुष्पा, पलक, अनीता, प्यार चंद, संसार आदि उपस्थित रहे।

### भरेड़ी स्कूल का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत राजकीय प्राथमिक पाठशाल भरेड़ी ने अपना स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। सीनियर सिटीजन भरेड़ी ने स्कूल की 100वीं सालगिरह बड़ी धूमधाम से मनाई। इस समारोह के मुख्यातिथि सेवानिवृत्त उपनिदेशक उत्तरी जोन एसएन शोरी थे। जिन लोगों ने इस स्कूल में अपनी सेवाएं दी हैं और अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं, उनको स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस समारोह के प्रबंधक विद्यासागर शर्मा थे, जो सीनियर सीटीजन भरेड़ी के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने बताया कि यह समारोह राजकीय प्राथमिक पाठशाला भरेड़ी में रखा गया था, लेकिन किन्हीं कारणों से स्थान को बदलकर भरेड़ी में एसएन शोरी के निवास स्थान में अयोजित किया गया। बताते चलें कि मैहर परिवार ने इस स्कूल को 10 कनाल 13 मरले भूमि दान में दी थी,ए उस परिवार का सब ने धन्यवाद किया।

### प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में निधि डोगरा ने जीता स्वर्ण



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला बिलासपुर के झंडूत्ता में हिमाचल प्रदेश योगासन खेल संघ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय अस्मिता खेलो इंडिया वुमन सिटी लीग 2025 प्रतियोगिता में निधि डोगरा ने जूनियर वर्ग में परंपरागत योगासन में प्रथम स्थान हासिल करके स्वर्ण पदक प्राप्त किया। निधि डोगरा की इस उपलब्धि पर परिवार, गांव व इलाकावासियों में खुशी का माहौल है। बता दें निधि डोगरा गांव खियूंद चौरी, तहसील सुजानपुर की रहने वाली है और सुपर मैग्नेट स्कूल हमीरपुर की 11वीं कक्षा की छात्रा है इससे पहले भी निधि डोगरा राज्य स्तर पर विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में स्वर्ण पदक और राष्ट्रीय स्तर पर भी रजत पदक प्राप्त कर चुकी है और 6 विश्व कीर्तिमान स्थापित करके योग वर्ल्ड बुक की राष्ट्रीय ब्रांड एंबेसडर भी है। निधि डोगरा के योग प्रशिक्षक पिता शशि कुमार डीपीई ने निधि डोगरा को कड़ी मेहनत करके राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने की बात कही, साथ में सहयोग देने के लिए सहयोगियों का धन्यवाद भी किया।

### विश्व क्षय रोग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** विश्व क्षय रोग दिवस बीएमओ थुरल डॉ. अनीता शर्मा की अध्यक्षता में मनाया गया। इसमें बीएमओ ने लोगों को विश्व क्षय रोग की गंभीरता के बारे में बताया। इस अवसर पर रंगोली के माध्यम से भी लोगों को टीबी मुक्त भारत बनाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर एक विशाल रैली थुरल बाजार से निकाल गई तथा लोगों को टीबी मुक्त भारत बनाने की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर 100 दिन के कैंपेन में अच्छा कार्य करने के लिए स्टाफ और आशा वर्कर को तहसीलदार थुरल द्वारा सम्मानित किया गया और अच्छी रंगोली बनाने वाली आशा वर्कर को भी पुरस्कृत किया गया। अंत में अनूप चौहान एसटीएस द्वारा 100 दिनों के कैंपेन को सफल बनाने व विश्व टीबी दिवस समारोह को सफल बनाने के लिए सभी प्रतिनिधियों का धन्यवाद किया व टीबी मुक्त भारत बनाने में सभी को सहयोग की कामना की।

### एनआईटी हमीरपुर में करवाई योग मैराथन



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एनआईटी हमीरपुर के योग क्लब ने योग मैराथन का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक हमीरपुर एवं एनआईटी हमीरपुर के निदेशक ने प्रशासनिक भवन से किया गया। इस अवसर पर एनआईटी हमीरपुर के निदेशक ने कहा कि विद्यार्थियों के समग्र विकास एवं तनावमुक्त वातावरण के लिए योग और फिटनेस गतिविधियों को दिनचर्या में शामिल करना अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर, एक पांच दिवसीय योग कार्यशाला 'योग प्रभा' का भी शुभारंभ किया गया, जो 24 से 28 मार्च तक आयोजित की जाएगी। इस कार्यशाला का उद्देश्य योग एवं ध्यान के माध्यम से विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना है।

### सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के साक्षात्कार कल

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** एसआईएस इंडिया लिमिटेड शाहतलाई, बिलासपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 100 पदों पर भर्ती के लिए 26 मार्च को सुबह 11 बजे उपरोजगार कार्यालय भोरंज में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए 19 वर्ष से 40 वर्ष तक के पुरुष उम्मीदवार भर्ती किए जाएंगे। दसवीं फेल या दसवीं पास अथवा इससे अधिक शैक्षणिक योग्यता वाले उम्मीदवार, जिनकी लंबाई कम से कम 168 सेंटीमीटर हो, इन पदों के लिए पात्र हैं। चयनित उम्मीदवारों को मौके पर ही ऑफर लैटर प्रदान किए जाएंगे तथा उन्हें 17 हजार से लेकर 22 हजार रुपए तक मासिक वेतन एवं अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। जिला रोजगार अधिकारी ने इच्छुक उम्मीदवारों से साक्षात्कार के लिए 26 मार्च को सुबह 11 बजे उपरोजगार कार्यालय भोरंज में उपस्थित होने की अपील की है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

## होली मेले में खाद्य सुरक्षा विभाग ने दुकानों का निरीक्षण कर दुकानदारों को दी चेतावनी

# मिलावटी खाद्य वस्तुओं को न बेचें





होली मेले में खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी विभिन्न दुकानों का निरीक्षण करते हुए, साथ ही इस दौरान उन्होंने दुकानदारों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए।

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

राष्ट्र स्तरीय होली मेला 12 मार्च से सुजानपुर के चौगान में आयोजित किया जा रहा है।

सोमवार को खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने मेले में विभिन्न खाद्य वस्तुओं के स्टाल लगाए गए हैं, उनका निरीक्षण किया। इस दौरान स्टालों और दुकानों में बिक रही मिठाई व अन्य खाद्य वस्तुओं की जांच की गई। इसके

**साफ-सफाई का ध्यान रखने की भी दी विशेष हिदायत**

अलावा दुकानों में मिल रहे पानी की व्यवस्था को भी जांचा। जांच के दौरान पानी की व्यवस्था ठीक पाई गई, लेकिन कुछ एक दुकानों में सफाई व्यवस्था ठीक नहीं थी।

बता दें कि उपायुक्त हमीरपुर ने खाद्य सुरक्षा विभाग के साथ बैठक कर खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए थे। खाद्य सुरक्षा विभाग ने निर्देशों का अमल करते हुए यह कार्रवाई की है। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा विभाग एवं मानक विभाग के सहायक आयुक्त अनिल शर्मा व निरीक्षक मधु बाला की टीम ने की।

सहायक आयुक्त अनिल शर्मा ने बताया कि मेले में खाद्य पदार्थ बेचने वाले दुकानों की जांच की गई। उन्होंने बताया कि दुकानदारों को दुकान के अंदर व बाहर सफाई रखने के लिए कहा गया है। उन्होंने बताया कि दुकानदारों को अभी चेतावनी दी गई है उसके बाद सीधे कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान कोई भी सैंपल नहीं लिया गया है। उन्होंने बताया कि दुकानदारों को मिलावटी या आर्टीफिशियल कलर प्रयोग न करने की हिदायत भी दी गई है। (अनंत ज्ञान)

# भोरंज में 39 युवतियों की शादी पर प्रदेश सरकार ने दिया 'शगुन'

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत गठित खंड स्तरीय समन्वय समिति और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की ब्लॉक टास्क फोर्स की बैठक सोमवार को एसडीएम शशिपाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में इस वित्त वर्ष के दौरान बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की कार्य योजना के अनुसार आयोजित की गई विभिन्न गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई।

योजना के तहत बेटियों के प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण, 11-18 वर्ष की किशोरियों के लिए एक्सपोजर भ्रमण, प्रत्येक पंचायत की 3-3 स्थानीय चैंपियन बेटियों की पहचान कर उनकी फोटो सार्वजनिक स्थलों पर स्थापित करना, बेटियों को जन्म देने वाली माताओं और दतक अविभावकों को सम्मानित करना, लिंगानुपात, किशोरियों के स्वास्थ्य की जांच, किशोरों के लिए लैंगिक समानता व व्यवहार में परिवर्तन पर कार्यशाला, मैराथन और अन्य गतिविधियों का ब्यौरा बैठक में प्रस्तुत किया गया।

**एसडीएम ने की महिला एवं बाल विकास योजनाओं की समीक्षा**

एसडीएम ने कहा कि भोरंज ब्लॉक में 234 आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से 6 माह से 6 वर्ष तक के 2696 बच्चों, 764 गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पोषाहार कार्यक्रम के अंतर्गत लाभावित किया जा रहा है। इस वित्त वर्ष में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 19 और मुख्यमंत्री शगुन योजना में 39 युवतियों, विधवा पुनर्विवाह योजना के अंतर्गत 3 दंपतियों, बेटी है अनमोल योजना में 25 लड़कियों को लाभान्वित किया गया है।

एसडीएम ने दोनों समितियों के सदस्य अधिकारियों को सभी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिएबैठक में समिति के सदस्य सचिव एवं कार्यकारी बाल विकास परियोजना अधिकारी रवि दत्त ने विभिन्न योजनाओं का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कई विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## राशन ढुलाई के लिए ऑनलाइन निविदाएं 8 अप्रैल तक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने हमीरपुर जिले में राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के विभिन्न थोक बिक्री केंद्रों एवं गोदामों से उचित मूल्य की दुकानों तक राशन की ढुलाई और थोक गोदामों में मजदूरी के कार्य हेतु 8 अप्रैल सुबह 10 बजे तक अलग-अलग ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की हैं।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के जिला नियंत्रक शिव राम ने बताया कि ये सभी निविदाएं वेब पोर्टल एचपीटेंडर.जीओवी.इन पर अपलोड होनी चाहिएं। सभी निविदाएं 8 अप्रैल को ही निर्धारित प्रक्रिया के तहत खोल दी जाएंगी। निविदाओं के संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला नियंत्रक कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

# सेवानिवृत्त मेजर को 15 साल के बाद मिला कोर्ट से न्याय

**अनंत ज्ञान, भोटा**

नौकरी के दौरान पदोन्नति की पात्रता होने के बावजूद भी अगर किसी अधिकारी को प्रमोशन न मिले तो ऐसे अधिकारी को इस बात का मलाल पूरी उम्र रहता है, अगर वह अधिकारी न्यायालय में जाकर न्याय प्राप्त करने के बाद उसे पदोन्नति को पा लेता है, तो उसका यहां मलाल हमेशा के लिए दूर हो जाता है।

ऐसी ही यह कहानी लोहडर पंचायत के एक छोटे से गांव बल्ह रतनू के सेवा से सेवानिवृत्त हुए मेजर जोगिंदर सिंह पठानिया की है। पठानिया ने बताया कि 31 दिसंबर 2007 को आर्टीलरी से मेजर पद से सेवानिवृत्त हुआ तथा जब मैं भारतीय सेवा से मेजर पद पर सेवानिवृत्त हुआ तो उसे समय में लेफ्टिनेंट कर्नल की पद के लिए क्वाालिफाइड होने के बावजूद मुझे प्रमोशन नहीं मिला। मेरा सेवानिवृत्ति के दो वर्ष बाद इस संदर्भ में तथ्यों सहित सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने का मकसद अपनी पदोन्नति के लिए न्याय प्राप्त करना था। न्यायालय में 15 साल केसे चलने के बाद मुझे हाल में ही न्याय मिल गया। न्यायालय ने भारतीय सेवा को मुझे लेफ्टिनेंट कर्नल रैंक देने का आदेश दिया, जिसके लिए मैं 2007 में ही पात्र था।

उन्होंने बताया कि मैं एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखता था। उन्होंने बताया कि मेरी प्राइमरी शिक्षा कठियाणा मिडिल कूल्हेड़ा व हाई सेकेंडरी शिक्षा झिरालड़ी स्कूल में प्राप्त की। उन्होंने आगे बताया कि 22 नवंबर 2017 भारतीय सेना में सिपाही भर्ती हुआ था। सेवा में कड़ी मेहनत कमिशन क्वालीफाई करने के बाद आज मैं इस पद पर पहुंचा हूं। गांव के लेफ्टिनेंट कर्नल जोगिंद्र सिंह पठानिया ने बताया कि उनकी इस पदोन्नति से गांव में खुशी की लहर है।

# जिला परिषद की बैठक में कई मुद्दों पर मंथन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



जिला परिषद हमीरपुर की त्रैमासिक बैठक परिषद के सम्मेलन हॉल में आयोजित की गई। परिषद की अध्यक्ष बबली देवी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में सदस्यों की ओर से उठाए गए कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर संबंधित अधिकारियों के साथ व्यापक चर्चा की गई। बैठक के दौरान परिषद के सदस्यों ने सड़क, बिजली, पानी, नशे की समस्या और कई अन्य जनसमस्याओं से संबंधित मुद्दे उठाए।

सुजानपुर-संधोल सड़क और भरेड़ी-सरकाघाट सड़क के विस्तारीकरण, कक्कड़ पंचायत के गांव फगलोट में पुलिया के निर्माण, ऊना-भोटा-नेरचौक सड़क और अन्य सड़कों के कार्यों एवं मुरम्मत को लेकर संबंधित सदस्यों ने विभागीय अधिकारियों से जवाब-तलब किया। भोटा बाइपास सड़क के राजस्व रिकॉर्ड में दुरुस्ती, सड़क किनारे रेहड़ियों-फड़ियों को हटाने बारे, नादौन उपमंडल के गांव खरेड़, गांव सराय, गांव लाहड़ और पंचायत हथोल में सड़क किनारे डंगों के निर्माण, पीएचसी धनेटा की चारदीवारी, ग्वालपत्थर में रेन शैल्टर के निर्माण, रंगस क्षेत्र के गांव नियाटी में अतिक्रमण, सुजानपुर में विभिन्न सिंचाई योजनाओं, भोरंज में चैकडैम की मरम्मत एवं चैनलाइजेशन, जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल समस्या, जलशक्ति विभाग के आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन, भोटा के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, धनेटा और बड़ा में क्षेत्र में हैंडपंप लगाने, नशीले पदार्थों के सेवन एवं तस्करी की समस्या, बोर्ड की परीक्षाओं में नकल को रोकने के उपायों, धनेटा में ट्रैफिक लाइटें लगवाने, सुजानपुर और जंगलबैरी के अस्पतालों की विभिन्न व्यवस्थाओं, पीएचसी धमरोल के निर्माण कार्य, स्वास्थ्य केंद्र चंदरूही के भवन की चारउदीवारी, खैरी के गौ-अभयारण्य की समस्याओ सहित कई अन्य कार्यों को लेकर भी परिषद के सदस्यों ने संबंधित अधिकारियों से विस्तृत रिपोर्ट ली।

जिला परिषद अध्यक्ष और एडीएम एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राहुल चौहान ने भी सभी अधिकारियों को तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक का संचालन जिला पंचायत अधिकारी एवं परिषद की सचिव शशिबाला ठाकुर ने किया।

# 10 दिन में दियोटसिद्ध में चढ़ा दो करोड़ 82 .32 लाख का चढ़ावा

**एसके ठाकुर, बड़सर**

उत्तरी भारत के विश्वप्रसिद्ध सिद्ध पीठ मंदिर दियोटसिद्ध में चैत्र माह मेलों के 10 दोन के दौरान लगभग 2 लाख 253000 श्रद्धालुओं ने गुफा के दर्शन करके बाबा के दरबार में 2 करोड़ 82 लाख 32 हजार 136 रुपए चढ़ावे के रूप में प्राप्त हुए हैं।

मंदिर अध्यक्ष एवं एसडीम बड़सर राजेंद्र गौतम ने बताया कि पिछले 10 दिनों के भीतर बाबा की नगरी में 2 लाख 53 के करीब श्रद्धालु गुफा दर्शनों के लिए पहुंचे। श्रद्धालुओं ने भी बाबा के दरबार में 2 करोड़ 82 लाख 32 हजार 136 रुपए चढ़ाकर एक रिकॉर्ड बना है। उन्होंने कहा इस दौरान दान के रूप में 70 लाख 23 हजार 825 रुपए प्राप्त हुए हैं, जबकि गुफा में 2 करोड़ 12 लाख 08 हजार 311 रुपए चढ़ाए गए हैं।

इसी प्रकार गोल्ड 81.95, सिल्वर 121 9.09, विदेशी मुद्रा में इंग्लैंड पाउंड 1920, यूएस डॉलर 1448, यूरो 1270, कनाडा डॉलर 10946, ऑस्ट्रेलिया डॉलर 485, युएई दिर्हाम 1930, कतर रियाल 029, सऊदी रियाल 015, न्यू जीलैंड डॉलर 330, सिंगापुर डॉलर 110, बहरीन दिनार 08, मलेशिया करेंसी 084 विदेशी मुद्रा के रूप में प्राप्त हुई है। (अनंत ज्ञान)

# 8 कनाल भूमि में विकसित होगा डे बोर्डिंग स्कूल बड़ा

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा नादौन विधानसभा क्षेत्र के कस्बा बड़ा के दुर्गा सिंह स्मारक सीनियर सेकेंडरी स्कूल को डे बोर्डिंग स्कूल की तर्ज पर विकसित करने की घोषणा से कस्बा बड़ा के लोगों में जहां काफी खुशी का माहौल व्याप्त है, वहीं इस घोषणा से क्षेत्र में चर्चाओं का माहौल भी काफी गर्म है। क्षेत्र वासियों का कहना है कि मुख्यमंत्री सुक्खू प्रदेश की शिक्षा पद्धति को सुदृढ़ करने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में नई नई योजनाएं लागू कर रहे हैं ताकि प्रदेश के युवा वर्ग को अच्छी शिक्षा प्रदान हो।

इसी क्रम के चलते उन्हें नादौन विधानसभा क्षेत्र के कस्बा बड़ा के स्थानीय विद्यालय को डे बोर्डिंग स्कूल

**खेल स्टेडियम एवं हॉस्टल बनाने के लिए मर्ज किया जा सकता है साथ लगते प्राइमरी स्कूलों को**

की तर्ज पर विकसित करने की घोषणा की है। यही नहीं उन्होंने अन्य विधानसभा क्षेत्रों के कई स्कूलों को भी डे बोर्डिंग स्कूल की तर्ज पर विकसित करने का लिया गया फैसला उनके प्रदेश के एक समान विकास के वीजन को भी दर्शाता हैं।

मुख्यमंत्री की इस घोषणा को साकारात्मक रूप देने के लिए कस्बा बड़ा के स्थानीय विद्यालय को 8 कनाल भूमि में डे बोर्डिंग स्कूल की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। इस स्कूल में न केवल बच्चों के लिए नर्सरी से लेकर 10+2 तक शिक्षा प्राप्त करने की सुविधा प्रदान होगी बल्कि बच्चों के ठहरने एवं अन्य खेल गतिविधियों को सकारात्मक रूप देने एवम लाइब्रेरी की भी सुविधा मिलेंगी। विभागीय सूत्रों से यह भी जानकारी मिली हैं लोक निर्माण विभाग द्वारा स्थानीय स्कूल से कुल जमीन जो उनके अधीन है, के बारे में भी जानकारी भेजने को भी कहा है और स्कूल प्रशासन ने भी इसकी पूरी जानकारी लोक निर्माण विभाग को भेज दी हैं।

वहीं, आसपास के स्कूलों को इस डे बोर्डिंग स्कूल में मर्ज किया जाएगा, वहां उन स्कूलों को होस्टल एवं खेल गतिविधियों कों बढ़ावा देने के लिए खेल स्टेडियम के रूप में सकारात्मक रूप दिया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

## डीआरए ब्रांच में लोगों के अवलोकन के लिए उपलब्ध रहेगी स्टडी रिपोर्ट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नादौन के सेरी गांव में प्रस्तावित टूरिस्ट कांप्लेक्स के निर्माण के संबंध में एक विस्तृत सोशल इंपेक्ट असैसमेंट स्टडी रिपोर्ट तैयार की जा रही है। डीसी ने नादौन के एसडीएम और तहसीलदार को इस सोशल इंपेक्ट असैसमेंट स्टडी रिपोर्ट के संबंध में अतिशीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने तथा सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

डीआरओ जगदीश सांख्यान ने बताया कि फाइनल सोशल इंपैक्ट असैसमेंट स्टडी रिपोर्ट आम जनता के अवलोकन के लिए उपायुक्त कार्यालय हमीरपुर की डीआरए ब्रांच में उपलब्ध रहेगी।

## भाजपा नेताओं के दुष्प्रचार की हकीकत आई सामने : कौशल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश को प्रगति के लिए डायमंड स्टेटस अवॉर्ड से सम्मानित किया जाना बेहद गौरव की बात है और प्रदेश को मिले इस सम्मान से यह साबित हो गया कि कांग्रेस की सरकार संजीदगी और बचनबद्धता से प्रदेश को प्रगति पथ पर आगे ले जाने का कार्य कर रही है।

प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा कि डायमंड स्टेटस मिलने से सरकार के खिलाफ भाजपा नेताओं के दुष्प्रचार की हकीकत भी जनता के सामने उजागर हो गई है।

# मुख्यमंत्री सुक्खू के जन्मदिन पर हमीरपुर में होगा रक्तदान शिविर और भंडारे का आयोजन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के जन्मदिन के उपलक्ष्य में जिला कांग्रेस कमेटी हमीरपुर द्वारा 26 मार्च को गांधी चौक पर रक्तदान शिविर और भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान अध्यक्ष सुमन भारती शर्मा ने बताया कि यह आयोजन मुख्यमंत्री सुक्खू के प्रति जनता के प्यार और समर्थन को दर्शाने का एक माध्यम है।

उन्होंने कहा कि हम मुख्यमंत्री के दीर्घायु और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हैं। इस आयोजन में एनएसयूआई, युवा कांग्रेस और कांग्रेस के सभी फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारी शामिल होंगे।

शर्मा ने आम जनता से इस पुण्य कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और रक्तदान करने की अपील की है। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू होगा और दोपहर तक चलेगा। इस अवसर पर भंडारा भी आयोजित किया जाएगा। जिला कांग्रेस कमेटी ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं।

# एफपीओ के चुनाव में राजेश विशिष्ट चुने प्रधान

**अनंत ज्ञान, जाहू**



बाहनवीं कृषि उत्पादक सहकारी सभा समिति के अधिवेशन में नई कार्यकारिणी गठित।

बाहनवीं किसान उत्पादक सहकारी सभा सीमित (एफपीओ) का वार्षिक साधारण अधिवेशन मनोहर लाल शर्मा की अध्यक्षता में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें सभा सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस साधारण अधिवेशन में की नई कार्यकारिणी का गठन हुआ, जिसमें वार्ड एक से राजेश वशिष्ठ को प्रधान, वार्ड दो से ममता को उपप्रधान, वार्ड तीन से अजय शर्मा को कोषाध्यक्ष, वार्ड चार से देवी प्रकाश को कमेटी सदस्य एवं वार्ड पांच से अनीता कुमारी को भी सदस्य निर्वाचित किया गया। साधारण अधिवेशन में नए सदस्यों को सदस्यता तथा सदस्यता बढ़ाने एवं ऑडिटर की नियुक्ति तथा एफपीओ का कार्यक्षेत्र बढ़ाने पर भी प्रस्ताव पारित किया गया।

कृषि सहकारी सभा एवं एफपीओ प्रमोटर वीरेंदर शर्मा ने सभा के विकास एवं कार्यशैली के बारे में भी लोगों को जानकारी दी, जिससे सभी किसान सदस्यों को फायदा हो सके और सभी सदस्यों का वार्षिक साधारण अधिवेशन के सफल आयोजन के लिए सभी कमेटी सदस्यों एवं सभी एफपीओ सदस्यों का धन्यवाद किया।

**सुनवाई**

## कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव कंवर ने हमीरपुर में संभाला कार्यभार, की पूजा-अर्चना और हवन

# श्रमिकों के कल्याण का लिया संकल्प, बोले-पंजीकृत हो चुके 90 हजार कामगार

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव कंवर ने सोमवार को हमीरपुर में स्थापित किए गए बोर्ड के मुख्य कार्यालय में कार्यभार संभाला।

पहले यह कार्यालय शिमला से ही काम करताा था। इस मौके पर कार्यालय परिसर में पूजा-अर्चना और हवन के बाद उन्होंने विधिवत रूप से कार्य करना आरंभ कर दिया। कंवर का इससे पहले हमीरपुर पहुंचने पर उनका समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। कार्यालय के कर्मचारियों ने भी गुलदस्ते भेंट किए। ऊखली गांव में भी शिमला से आते समय उनका स्वागत किया गया। कंवर



नरदेव कंवर का भव्य स्वागत करते गणमान्य।

ने बताया कि बोर्ड के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 15 फरवरी को ही शिमला से हमीरपुर शिफ्ट कर दिया गया था। नए कार्यालय परिसर में आवश्यक निर्माण कार्य पूरा होते ही उन्होंने स्वयं भी यहीं से कार्य करना आरंभ कर दिया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हमेशा समाज के अंतिम व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की सोच के साथ कार्य करते हैं।

उनकी इस सोच को धरातल पर लागू करने के लिए कामगार कल्याण बोर्ड तत्परता के साथ कार्य कर रहा है।

**नरदेव कंवर का इन्होंने किया स्वागत**

**इससे** पहले, हमीरपुर पहुंचने पर नरदेव कंवर का शानदार स्वागत किया गया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा, एपीएमसी अध्यक्ष अजय शर्मा, कांग्रेस के निवर्तमान जिला अध्यक्ष सुमन भारती, खाद्य आपूर्ति निगम के निदेशक मंडल सदस्य विक्रम शर्मा, ईको टूरिज्म निदेशक मंडल के सदस्य प्रवेश ठाकुर, इंटक के जिला अध्यक्ष कर्मचंद जस्सल, कांग्रेस और इसके सभी फ्रंटल संगठनों के अन्य पदाधिकारियों, कामगार कल्याण बोर्ड के अधिकारियों-कर्मचारियों तथा कामगारों ने बोर्ड अध्यक्ष का स्वागत किया।

इसके लिए वह स्वयं सभी जिलों का दौरा कर रहे हैं तथा श्रमिकों के कल्याण के लिए बोर्ड के माध्यम से क्रियान्वित की जा रही 13 योजनाओं का लाभ सभी पात्र लोगों तक पहुंचाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। नरदेव ने बताया कि जिला हमीरपुर में अभी तक बोर्ड में लगभग 90 हजार कामगार पंजीकृत हो चुके हैं।

अब हमीरपुर में ही बोर्ड का मुख्य कार्यालय खुल जाने से इन कामगारों को काफी लाभ होगा। उन्होंने बताया कि जिले के सभी कामगारों की सुविधा के लिए मुख्य कार्यालय से चार कर्मचारियों को विशेष रूप से जिला कार्यालय में तैनात किया गया है। मुख्यमंत्री ने विधवा, एकल एवं दिव्यांग महिलाओं और मनरेगा की महिला वर्कर्स के लिए बोर्ड के माध्यम से मकान निर्माण हेतु तीन लाख रुपए की धनराशि का प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री ने मनरेगा की दिहाड़ी में भी काफी वृद्धि की है, जिससे प्रदेश के लाखों कामगार लाभान्वित होंगे।

हाल ही में पेश किए गए प्रदेश के बजट की प्रशंसा करते हुए नरदेव कंवर ने कहा कि यह आम जनता का बजट है। मुख्यमंत्री ने इसमें सभी वर्गों के कल्याण एवं उत्थान के लिए बहुत ही सराहनीय प्रावधान किए हैं। (अनंत ज्ञान)

# बीटेक के छात्र देवांशु का 'गेट' की परीक्षा में रहा 41वां स्थान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

एनआईटी हमीरपुर भौतिकी एवं फोटोनिक्स विज्ञान विभाग, बीटेक इंजीनियरिंग भौतिकी और एमएससी भौतिकी के छात्रों ने गेट 2025 में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। एनआईटी हमीरपुर के भौतिकी और फोटोनिक्स विज्ञान विभाग के लिए बहुत गर्व की बात है कि बीटेक इंजीनियरिंग भौतिकी के छात्र देवांशु ने राष्ट्रीय स्तर के ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट) में 41वां स्थान प्राप्त किया है।

यह प्रतिष्ठित उपलब्धि उन्हें देश के शीर्ष छात्रों में शामिल करती है और उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और असाधारण प्रतिभा का प्रमाण है। इसके अलावा बीटेक इंजीनियरिंग भौतिकी कार्यक्रम से दिव्यम झा, अनुष्का गौतम, सुदर्शन, स्वास्तिक चौधरी, देवाशीष, आयुष डाबरे, एमएससी भौतिकी कार्यक्रम से अमित कुमार और आर्यांश सक्सेना ने भी परीक्षा में सराहनीय स्थान प्राप्त किया है। यह सामूहिक सफलता विभाग द्वारा प्रदान किए गए मजबूत शैक्षणिक आधार और कठोर प्रशिक्षण को उजागर करती है।

प्रो. एचएम सूर्यवंशी, निदेशक, रजिस्ट्रार और विभाग के संकाय सदस्यों ने सभी छात्रों को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए बधाई दी है। उन्होंने छात्रों की लगन और दृढ़ता की प्रशंसा की। इन छात्रों की सफलता एनआईटी हमीरपुर के लिए गर्व का क्षण है, जो कि संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## बजट सत्र में हिस्सा लेने जाते माननीय



बजट सत्र में भाग लेने जाते विपिन सिंह परमार, दलीप ठाकुर व अन्य।



विधायक सुधीर शर्मा।



विधायक आशीष शर्मा।



विधायक रीना कश्यप।



विधायक इंद्रदत्त लखनपाल।



विधायक अनुराधा राणा।



विधायक बलबीर सिंह वर्मा।

# सदन में फिर गूंजा विमल नेगी की मौत का मामला

## नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सीबीआई जांच कराने की उठाई मांग कहा- सुख की सरकार में कानून व्यवस्था हुई तार-तार

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**हिमाचल** विधानसभा के बजट सत्र में विमल नेगी की मौत का मामला थमता नहीं दिख रहा है। प्रतिपक्ष नेगी की आत्महत्या पर आक्रामक है और वह सदन में कोई भी ऐसा मौका नहीं छोड़ रही है, जिसमें वह सत्तापक्ष पर सवालों की झड़ी नहीं लग रहे हैं।

सोमवार को सदन में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने एक बार फिर विमल नेगी की मौत का रहस्यमयी मौत का मामला उठाया और सत्तापक्ष से सीबीआई जांच करवाने की मांग बुलंद की। उन्होंने सदन में विधानसभा में कटौती प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान बताया कि हिमाचल में सुख की सरकार में कानून व्यवस्था तार-तार हुई है। हिमाचल में दो साल में 175 हत्याएं, 600 के करीब दुष्कर्म, 2000 के करीब मामले चोरी और डकैती के दर्ज हुए हैं, विधायक पर बाहर से आए गुंडे गोली चलाकर चले जाते हैं। हिमाचल प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के चीफ इंजीनियर की सीबीआई जांच से सरकार क्यों डर रही हैं। जयराम ने विमल नेगी की मौत मामले की सीबीआई से जांच की मांग रखी। हिमाचल कि कांग्रेस सरकार ने पुलिस विभाग को गंभीरता से नहीं लिया है। इस प्रमुख विभाग के लिए बजट का कोई विशेष प्रावधान किया जाता है। विमल नेगी की हत्या मामले को आत्महत्या का बताने का प्रयास किया जा रहा है और हिमाचल में खुला गैंगवार चल रहा है। पूर्व विधायक पर गोलियां चलाने वाले शूटर अभी तक नहीं पकड़े गए हैं और अधिकारी विधानसभा जैसे गरिमाय में सदन को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

उन्होंने कहा कि विमल नेगी मामले में सरकार एक अधिकारी को बचाना चाहती है। एक अधिकारी को तो सस्पेंड किया जाता है, वहीं दूसरे आईएएस अधिकारी का न तो एफआईआर में नाम और न ही सस्पेंड किया गया है। वहीं, एक आएएस अधिकारी दूसरे आईएएस अधिकारी की जांच कर रहा है। क्या सरकार अधिकारी को बचाना चाह रही है। **अनंत ज्ञान**



## प्रदेश की शांति को बचाना बहुत बड़ी चुनौती : सत्ती

**विधायक** सतपाल सिंह सत्ती ने कहा कि हिमाचल की शांति को बचाना बहुत बड़ी चुनौती है। पुलिस विभाग में अच्छे अधिकारियों को सही जगह पर बिठाने की जरूरत है। ऊना में सोसायटियां लोगों से पैसे की ठगी कर रहे हैं। ज्यादा ब्याज देने के नाम पर लोग लालच में आ रहे हैं, लेकिन पुलिस प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। जहां भी इस तरह की ठगी के मामले आते हैं, वहां के एसपी के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।



## पेखूबेला जमीन पर 220 करोड़ खर्च होने का औचित्य क्या?

**सत्ती** ने कहा कि गुजरात के भुज में 35 मेगावाट का प्रोजेक्ट लगता है, मार्च 2024 को लगता है, उस पर 144 करोड़ का खर्च आया है, लेकिन हिमाचल के पेखूबेला उसी तरह की जमीन पर 32 मेगावाट पर 220 करोड़ खर्च हो रहे हैं। 80 करोड़ का अधिक खर्च हो रहा है।

## 1308 कंप्यूटर शिक्षकों को जल्द किया जाएगा पक्का : रोहित ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**प्रदेश** विधानसभा में शिक्षा से संबंधित मामला भी गूंजा। प्रतिपक्ष की तरफ से विधायक सुधीर शर्मा ने जानना चाहा कि प्रदेश में मौजूदा समय में कंप्यूटर के कितने शिक्षक रखे गए हैं, उनकी संख्या के साथ उन्हें नियमित करने के लिए सरकार क्या पॉलिसी बना रही है। जवाब में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने सदन में जानकारी दी कि प्रदेश में 1308 कंप्यूटर टीचर रखे गए हैं, इसके लिए स्थाई नियुक्ति के लिए एसएमसी अध्यापकों की तर्ज पर नियुक्ति देने के लिए मामला चला हुआ है और इस पर गंभीर मंथन चल रहा है, जैसे मामले का समाधान निकल आएगा, वैसे ही सभी कंप्यूटर शिक्षकों को नियमित किया जाएगा।



### भानुपल्ली-बिलासपुर रेलवे लाइन 2027 तक होगी पूरी

**उपमुख्यमंत्री** मुकेश अग्निहोत्री ने सदन में बताया कि भानुपल्ली बिलासपुर बैरी रेलवे लाइन वर्ष 2027 बिलासपुर तक पहुंच जाएगी। ये रेलवे लाइन उनकी सरकार के समय में ही बिलासपुर तक पहुंच जाएगी। इसके अलावा 63.1 किलोमीटर लंबी इस रेलवे लाइन पर 6753 करोड़ खर्च हो रहे हैं। जिसमें अभी तक 5 हजार करोड़ खर्च हो चुके है।

## सत्ती ने मांगा सहारा योजना के तहत पात्रों का ब्यौरा

**सदन** में भाजपा के विधायक सतपाल सिंह सती ने सरकार से जानना चाहा कि पिछले तीन वर्षों में प्रदेश में सहारा योजना के अंतर्गत कितने पात्र व्यक्तियों को पेंशन प्रदान की जा चुकी है और कितने लोगों को वर्तमान में प्रदान की जा रही है। उन्होंने जिलावार लाभार्थियों के नाम व पते सहित देने की बात कही।

## 33181 सहारा लाभार्थियों को जारी की पेंशन : शांडिल

**जवाब** में स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने बताया कि 33181 लाभार्थियों को पेंशन दी जा रही है। इस योजना में वे हर लाभार्थियों को माह में 3 लाख रुपए मासिक पेंशन दे रहे हैं। रणधीर शर्मा ने पूछा कि 1100 पेंडिंग लाभार्थियों को कब तक पेंशन दी जाएगी, जवाब में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जल्द ही बाकी लाभार्थियों को भी पेंशन दी जाएगी।





अनंत ज्ञान, शिमला। बजट सत्र के 11वें दिन की कार्यवाही का संचालन करने से पहले विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया सचिवालय पहुंचने पर गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी लेते हुए।

# तुष्टिकरण के ठेकेदार कांग्रेस संविधान बदलने पर आमादा : अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**पूर्व** केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कांग्रेस सरकार द्वारा कर्नाटक में मुस्लिमों के आरक्षण के विषय पर सोमवार को संसद में बोलते हुए कहा कि कांग्रेस संविधान में बदलाव करके गांधी-पटेल के देश भारत को जिन्ना का मुल्क बनाने पर आमादा है।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि गली मोहल्ले गांव कूचे संविधान, संविधान, संविधान चिल्लाने वाली कांग्रेस बाबा साहेब के संविधान की दुहाई देने वाले इसके शहजादे आज कर्नाटक में सिर्फ तुष्टिकरण के लिए सरकारी ठेकों में मुसलमानों को आरक्षण देकर संविधान बदलने जा रहे हैं। धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता ये बात हर व्यक्ति जानता है मगर फिर भी सबके हक की बजाय मुस्लिमपरस्ती में मशगूल कांग्रेस अब मुस्लिम लीग बनने की ओर अग्रसर है। ये गांधी-पटेल के देश को जिन्ना का मुल्क बनाने पर आमादा हैं, लेकिन हम चुप नहीं रहेंगे और अपनी आखिरी सांस तक कांग्रेस को उसके मंसूबे में कामयाब नहीं होने देंगे



**कहा- इनके आइडियल सांगा, शिवाजी, महाराणा नहीं बाबर और औरंगजेब**

अनुराग ठाकुर ने कहा कि ये विपक्ष के नेताओं ने हमारे पूर्वजों, हमारे नायकों, भारत की गौरवों को अपमानित करने, छवि धूमिल करने को आदत में डाल लिया है। आज देश पूछ रहा है कि चंद वोटों की ख़ातिर आप अपने स्वाभिनाम को क्यों बेच डाला? दुनिया कहां से कहां पहुंच गई, लेकिन भारत में मुगलिया सोच की औलादें अभी भी 17 वीं सदी में जी रही हैं। इनके आइडियल सांगा, शिवाजी, महाराणा नहीं बाबर और औरंगजेब हैं। मैं जो दरिंदा खा गया अपना पूरा परिवार फक्र से 'आज शरियाई दीवानों को मोहब्बत है उसकी कब्र से' बस यही कहना चाहूंगा।

# शिमला में नो एंट्री जोन में सुधीर शर्मा की कार का कटा चालान

**अनंत ज्ञान, शिमला**

**शिमला** में सोमवार को भाजपा विधायक की गाड़ी नो एंट्री जोन में पहुंच गई। माल रोड पर वाहनों की एंट्री पूरी तरह से प्रतिबंधित है। जिसके बाद पुलिस ने गाड़ी का चालान काट दिया। गाड़ी का नंबर एचपी 80 0001 है। गाड़ी में सिर्फ ड्राइवर मौजूद था।

इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि माल रोड पर वाहनों की एंट्री पर पूर्ण प्रतिबंध है। यह नियम सभी के लिए समान है। चाहे कोई वीआईपी हो या आम नागरिक, सभी को नियमों का पालन करना जरूरी है।

पुलिस के अनुसार गाड़ी धर्मशाला के भाजपा विधायक सुधीर शर्मा की है। हालांकि इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई है कि गाड़ी में सुधीर शर्मा बैठे थे या नहीं। डीएसपी ट्रैफिक संदीप ने बताया कि यह सड़क प्रतिबंधित है। ट्रैफिक नियमों के तहत इसमें कार्रवाई की गई है। ट्रैफिक नियमों के अनुसार 1500 से 3000 तक चालान होता है। उसी के तहत इनके खिलाफ भी करवाई की गई है।



### कांग्रेस विधायक का भी कट चुका चालान

**बता** दें कि इससे पहले कांग्रेस विधायक कैप्टन रणजीत राणा की गाड़ी भी रिज मैदान पहुंची थी। पुलिस ने उनका भी चालान काटा था। दरअसल हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला के रिज मैदान पर गाड़ियों की आवाजाही बैन रहती है। यहां पर एम्बुलेंस और चुनिंदा वीआईपी की गाड़ियों को आने जाने की इजाजत है, लेकिन शुक्रवार को रिज मैदान के स्कैंडल पॉइंट पर भाजपा विधायक की गाड़ी पहुंच गई।

## शिक्षकों के एक तबके का हो रहा हद से ज्यादा शोषण

**अनंत ज्ञान, शिमला।** प्रदेश में पिछले कुछ वर्षों से शिक्षकों के एक तबके का हद से ज्यादा शोषण हो रहा है। पिछले वर्ष इन्हें ओल्ड आरएंडपी रुलज के तहत प्रारंभिक शिक्षा निदेशक ने प्रचलित पुराने आरएंडपी रुलज के तहत नियुक्ति तिथि से नियमित कर अधूरे लाभ ही दिए। यह बात न्यू मूवमेंट फार ओल्ड पेंशन संघ राष्ट्रीय संयोजक प्रवीण शर्मा, डॉक्टर अरुण दत्त, अजय शर्मा, हंसराज धरोच, देवेंद्र पालखु, प्रवेश कुमार, निरुपमा मिश्रा, नविता परमार, जोगिंदर, शेष राम, तिलक, अनिल कुमार, चन्द्र मोहन,देवराज, धर्मेंद्र सिंह, कमल कौंडल, प्रेम प्रकाश, रतन चंद चंबा, संजीव मलगोत्रा, अजमेर सिंह, सीमा ठाकुर, उपमा शर्मा,जसविंदर कौर, पूनम शर्मा, वंदना शर्मा, रीता शर्मा, नवीन दत्त व समस्त डीम्ड रेगुलर शिक्षकों के साथ-साथ हिमाचल राजकीय अध्यापक संघ ने कही। संघ का कहना है कि विभाग स्थिति साफ कर दे अन्यथा फिर प्रताड़ित लोगों को विभाग का घेराव करना पड़ेगा।

# उड़ान चालक दल के लिए ईपीएल कार्यान्वयन का पहला चरण शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**राज्यसभा** सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने सोमवार को केंद्रीय नागर विमानन मंत्री से पूछा, कि क्या सरकार ने नागर विमानन क्षेत्र की सुरक्षा और दक्षता को आधुनिक बनाने और उसका विस्तार करने के लिए किसी डिजिटल लाइसेंस की शुरूआत की है? एयरलाइन परिचालनों के लिए विमानन क्षेत्र में हुई अन्य डिजिटल उन्नतियों का ब्यौरा क्या है और विमानपत्तनों के लिए डिजिटल टिवन प्रणालियों के विकास और विमानन क्षेत्र में अग्रणी देश के रूप में भारत की स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने विवरण सदन पटल पर रखते हुए बताया कि आईसीएओ के 178वें संशोधन के अनुसार उड़ान चालक दल के लिए इलेक्ट्रॉनिक कार्मिक लाइसेंस (ईपीएल) कार्यान्वयन का पहला चरण 20 फरवरी, 2025 को शुरू हुआ, जिसमें ईपीएल के लिए मानक शामिल है।



**राज्यसभा सांसद सिकंदर के सवाल का नागर विमानन मंत्री ने दिया जवाब**

इस चरण में वाणिज्यिक पायलट लाइसेंस (सीपीएल) और फ्लाइट रेडियो टेलीफोन ऑपरेटर लाइसेंस (एफआरटीओएल) इलेक्ट्रॉनिक रूप से (ईपीएल) जारी किए जा रहे हैं और ईजीसीए मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से मोबाइल हैंड हेल्ड डिवाइस में उपलब्ध है। आईसीऐओ द्वारा ईपीएल का मुख्य उदेश्य नागर विमानन लाइसेंसिंग प्रणाली की संरक्षा, सुरक्षा और कुशलता को बढ़ाना है।

# साहित्यकार कल्पना व भावनाओं की देते हैं अभिव्यक्ति : राज्यपाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**राज्यपाल** शिव प्रताप शुक्ल ने गेयटी थियेटर में हिमालय साहित्य संस्कृति एवं पर्यावरण मंच द्वारा आयोजित राज्य सम्मान समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दो वर्ष पूर्व उन्हें पांच महिला साहित्यकारों को साहित्य पुरस्कार वितरित करने तथा रिज मैदान पर राष्ट्रीय पुस्तक मेले में आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। उन्होंने कहा कि वह साहित्य से जुड़ा रहना पसंद करते हैं, क्योंकि साहित्यकार कल्पना और भावनाओं को अभिव्यक्ति देता है तथा सामान्य या प्रत्यक्ष से गहन यथार्थ का वर्णन करता है।



राज्यपाल ने कहा कि हिमालय साहित्य, संस्कृति एवं पर्यावरण मंच एक ऐसा संगठन है, जो पिछले 15 वर्षों से बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों के साथ-साथ दिव्यांग लेखकों को उनकी रचनाओं और लेखन के लिए सम्मानित कर रहा है तथा साहित्य को बढ़ावा देने के लिए स्कूलों और महाविद्यालयों में पुस्तक मेले और साहित्यिक उत्सवों का आयोजन कर रहा है। इस संस्था द्वारा बच्चों के लिए आयोजित कार्यक्रमों का उद्देश्य उनमें साहित्य के प्रति रूचि जागृत करना है, ताकि उनकी रचनात्मक क्षमता का विकास हो सके।

### भलकू राम की स्मृति में मजदूर वर्ग को समर्पित साहित्य लाजवाब

**राज्यपाल** ने कहा कि कालका-शिमला धरोहर रेलवे लाइन का सर्वेक्षण करने वाले भलकू राम की स्मृति में मजदूर वर्ग को समर्पित साहित्य रेल यात्रा इस मंच द्वारा शुरू किया गया एक अनूठा कार्यक्रम है। उन्होंने कहा कि एसआर हरनोट स्वयं एक प्रसिद्ध लेखक होने के साथ-साथ एक साहित्यकार और समाजसेवी भी हैं। उन्होंने एसआर हरनोट को उनके साहित्यिक कार्यों के लिए बधाई दी।

## लक्ष्मी दास चुने कांगड़ा सहकारी बैंक लिमिटेड के चेयरमैन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** खादी और ग्रामोद्योग कमीशन के पूर्व अध्यक्ष और कांगड़ा के गांधीवादी नेता लक्ष्मी दास को राजधानी दिल्ली में हिमाचलियों द्वारा संचालित दिल्ली के सबसे बड़े सहकारी बैंक कांगड़ा सहकारी बैंक लिमिटेड के अध्यक्ष चुने गए। उन्होंने सीधे मुकाबले में अपने प्रतिद्वंदी सुदेश शुक्ला को रिकॉर्ड 2347 मतों से पराजय दी और विरोधी की जमानत जब्त करवाई। उनके नेतृत्व में उनके पैनल ने बैंक के सभी पदाधिकारियों और निदेशक मंडल के चुनावों में भारी बहुमत से जीत दर्ज की। वह इस प्रतिष्ठित पद पर पांचवीं बार चुने गए हैं। 75 वर्षीय लक्ष्मी दास कांगड़ा जिला के बाथू टिपरी गांव से संबंध रखते हैं। वह हिमाचल खादी बोर्ड के उपाध्यक्ष तथा हिमाचल भूदान बोर्ड के सदस्य सचिव रहे।



**सम्मान** | प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए दृढ़ता से कार्य कर रही सरकार : सीएम सुक्खू

# हिमाचल को डायमंड स्टेट्स अवार्ड से नवाजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**सुक्खू** सरकार की जन हितैषी सोच के साथ हिमाचल को उल्लेखनीय प्रगति के लिए डायमंड स्टेट्स अवार्ड से सम्मानित किया गया है। एक प्रतिष्ठित मीडिया समूह द्वारा नई दिल्ली में आयोजित डायमंड स्टेट्स समिट-2025 के दौरान मुख्यमंत्री को प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राज्य के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता को व्यक्त करते हुए सीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार हिमाचल को आत्मनिर्भर और देश का समृद्धतम राज्य बनाने की परिकल्पना को साकार करने के लिए दृढ़ता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वह संरचनात्मक सुधारों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिससे अभूतपूर्व परिणाम सामने आने के साथ-साथ राज्य में वित्तीय स्थिरता भी आएगी। उन्होंने कहा कि संघीय ढांचे पर राज्यों का अधिकार हैं और प्रदेश सरकार हिमाचल के अधिकारों और विकास के लिए धन की आवश्यकताओं के लिए लड़ाई लड़ रही है।

राज्य के विकास के लिए प्राथमिकताओं को रेखांकित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वह शिक्षा प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं और स्वास्थ्य संस्थानों में उन्नत चिकित्सा प्रौद्योगिकी का उपयोग कर इस क्षेत्र को मजबूत किया जाएगा। राज्य में जलविद्युत क्षेत्र में अपार क्षमताएं विद्यमान हैं, हालांकि पहले इनमें राज्य के हितों की अनदेखी की गई और अब सरकार ने रॉयल्टी बढ़ाने और जल विद्युत परियोजनाओं को अपने अधीन लेने के लिए केंद्र के समक्ष मामला उठाया है। विजन-2027 के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश शीघ्र ही हरित ऊर्जा राज्य के रूप में स्थापित होगा और इस दिशा में गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं।

### 2026 तक 500 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करने का लक्ष्य

**सीएम** ने कहा कि प्रदेश सरकार हिमाचल को वर्ष 2026 तक देश के पहले हरित ऊर्जा राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए ठोस प्रयास कर रही है। सरकारी क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने वर्ष 2026-27 तक 500 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए हिमाचल प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड के माध्यम से 626 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजनाएं विकास के विभिन्न चरणों में है।



**दिल्ली में मिला सम्मान**

**प्रदेश को 2027 तक हरित ऊर्जा राज्य के रूप में करेंगे स्थापित**

### 4 प्राकृतिक वेलनेस सेंटर होंगे विकसित

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि प्रदेश में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं और यह क्षेत्र प्रदेश की अर्थव्यवस्था का प्रमुख अंग है। प्रदेश सरकार राज्य में स्वास्थ्य पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए चार प्राकृतिक वेलनेस सेंटर विकसित करेगी। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए अनेक महत्वाकांक्षी परियोजनाएं पर कार्य किया जा रहा है। इनसे प्रदेश में पर्यटकों की आमद में वृद्धि होगी।

### लोगों के कल्याण के लिए प्रयास

**प्रदेश** के लोगों के कल्याण और उत्थान के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि वह विनम्र भाव से प्रदेश के लोगों के कल्याण और उत्थान के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऑल्टो कार से विधानसभा आने का उद्देश्य आम आदमी से जुड़ाव को प्रदर्शित करना था।

नैनं छिद्रन्ति शस्त्राणि, नैनं दहति पावकः। न चैनं क्लेदयन्त्यापो, न शोषयति मारुतः॥

भावार्थ: अर्जुन, आत्मा को न कोई शस्त्र काट सकता है, न अग्नि जला सकती है, न जल गीला कर सकता है और न ही वायु इसे सुखा सकती है।



# बहुत ही अद्भुत है वाराणसी का तुलसी मानस मंदिर

## मंदिर की दीवारों पर लिखी हैं रामचरितमानस की चौपाइयां



### मंदिर का निर्माण

लोगों का कहना है कि पहले यहां छोटा सा मंदिर हुआ करता था। सन 1964 में कोलकाता के एक व्यापारी सेठ रतनलाल सुरेका ने तुलसी मानस मंदिर का निर्माण करवाया था। मंदिर का उद्घाटन भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने किया था। यहां पर मधुर स्वर में संगीतमय रामचरितमानस संकीर्तन गुंजायमान रहता है। यहां पर भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और हनुमानजी की प्रतिमाएं हैं। इसके अलावा यहां एक तरफ माता अन्नपूर्णा और शिवजी तथा दूसरी तरफ भगवान सत्यनारायण का मंदिर भी है।

"दुनिया की सबसे प्राचीनतम नगरी काशी को मंदिरों का शहर कहा जाता है। इस शहर का सबसे ज्यादा महत्व काशी विश्वनाथ मंदिर को लेकर है, लेकिन इस मंदिर के अलावा यहां पर कई अन्य मंदिर हैं। इन्हीं में से एक तुलसी मानस मंदिर भी है। इस मंदिर की अपनी अलग ही खासियत है। यहां जो भी दर्शनार्थी आता है मंदिर उसकी यादों में बस जाता है। तुलसी मानस मंदिर की सभी दीवारों पर रामचरितमानस के दोहे और चौपाइयां लिखी हैं। तुलसी मानस मंदिर को तुलसी बिरला मानस मंदिर के नाम से भी जाना जाता है, यह मंदिर भगवान राम को समर्पित है। अंदर, आगंतुक राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान की सुंदर मूर्तियों की प्रशंसा कर सकते हैं । अंदर, एक मुख्य क्षेत्र है जहां भगवान राम की पूजा की जाती है और आपको सीता, लक्ष्मण और हनुमान की मूर्तियां भी मिल सकती हैं। दीवारों पर रामायण, एक प्रसिद्ध हिंदू महाकाव्य की तस्वीरें चित्रित हैं। बाहर, एक सुंदर बगीचा है जहां आप आराम कर सकते हैं।

### मंदिर की वास्तुकला

वाराणसी में तुलसी मानस मंदिर का डिजाइन बहुत सुंदर है जो कई आगंतुकों को आकर्षित करता है। यह सफेद संगमरमर से बना है और 1964 में बनाया गया था। मंदिर पारंपरिक उत्तर भारतीय मंदिरों की शैली का अनुसरण करता है, जिसके शीर्ष पर एक लंबा शिखर है। जब आप अंदर जाते हैं, तो आपको प्रवेश द्वार पर सुंदर डिजाइन दिखाई देंगे जो हिंदू कहानियों की कहानियां बताते हैं।





### तुलसीदास ने यहीं की थी रामचरितमानस की रचना

इस मंदिर के बारे में कहा जाता है कि इसी स्थान पर तुलसीदास जी ने रामचरितमानस की रचना की थी, इसलिए इस तुलसी मानस मंदिर कहा जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मंदिर की भव्यता की तारीफ कर चुके हैं।

### ऐसे पहुंचें मंदिर

निकटतम रेलवे स्टेशन वाराणसी जंक्शन (वाराणसी कैंट) है। वाराणसी जंक्शन से मंदिर तक टैक्सी या स्थानीय बस लें। तुलसी मानस मंदिर जाने के लिए आप वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन पहुंचकर दुर्गाकुंड जाएं। स्टेशन से सात किलोमीटर की दूरी पर स्थित दुर्गाकुंड के पास मंदिर है। बनारस के भीड़-भाड़ भरे माहौल से हटकर यह मंदिर शांति का प्रतीक है। रेलवे स्टेशन से तुलसी मानस मंदिर तक 20-30 मिनट का सफर है। निकटतम हवाई अड्डा वाराणसी के बाबतपुर में लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा है। हवाई अड्डे से मंदिर तक टैक्सी या प्रीपेड टैक्सी लें। इस यात्रा में 25-30 किलोमीटर की दूरी तय करने में लगभग 45 मिनट से 1 घंटे का समय लगता है। वाराणसी आसपास के शहरों और कस्बों से सड़क मार्ग से अच्छी तरह जुड़ा हुआ है। वाराणसी के किसी भी हिस्से से बस, टैक्सी या ऑटो-रिक्शा द्वारा तुलसी मानस मंदिर पहुंचें। यह मंदिर दुर्गा मंदिर के समीप दुर्गाकुंड मोहल्ले में स्थित है।

### आरती का समय

तुलसी मानस मंदिर सुबह 5:30 बजे से 12 बजे खुलता है और दोपहर 3:30 बजे से रात के 9 बजे तक खुला रहता है। अगर आरती में शामिल होना चाहते हैं, तो सुबह 6 बजे से और शाम की 4 बजे की टाइमिंग में मंदिर पहुंच सकते हैं। समय में बदलाव सीजन और त्योहार की वजह से बदल सकता है, तो वाराणसी पहुंचने के बाद मंदिर के बारे में पहले से जानकारी रखें।

### महत्वपूर्ण तीर्थस्थल

यह एक महत्वपूर्ण तीर्थस्थल है। वाराणसी सदियों से भारत और दुनियाभर से तीर्थयात्रियों और यात्रियों को आकर्षित करता आ रहा है, जिसे अक्सर भारत की आध्यात्मिक राजधानी भी कहा जाता है। तुलसी मानस मंदिर का पर्यटन इतिहास वाराणसी के पर्यटन इतिहास के साथ जुड़ा हुआ है, जहां हर साल पर्यटक बनारस घूमने के साथ-साथ इस मंदिर में भी आना पसंद करते हैं।

## एक शाश्वत प्रश्न 'मैं कौन हूं' का उत्तर अद्वैतवाद के प्रणेता आदि शंकराचार्य द्वारा रचित 'निर्वाण षटकम्' में वर्णित

मनो बुद्धयहंकारचित्तानि नाहम् न च श्रोत्र जिह्वे न च घ्राण नेत्रे।
न च व्योम भूर्मिन तेजो न वायु:
चिदानन्द रूप: शिवोऽहम् शिवोऽहम् ॥
न च प्राण संज्ञो न वै पञ्चवायु: न वा सप्तधातु र्न वा पञ्चकोश:
न वाक्पाणिपादौ न चोपस्थपायू
चिदानन्द रूप: शिवोऽहम् शिवोऽहम् ॥
न मे द्वेष रागौ न मे लोभ मोहौ मदो नैव मे नैव मात्सर्य भाव:
न धर्मो न चार्थो न कामो ना मोक्ष:
चिदानन्द रूप: शिवोऽहम् शिवोऽहम् ॥
न पुण्यं न पापं न सौख्यं न दु:खम् न मन्त्रो न तीर्थ न वेदा: न यज्ञा:।
अहं भोजनं नैव भोज्यं न भोक्ता
चिदानन्द रूप: शिवोऽहम् शिवोऽहम् ॥
न मृर्त्युन शंका न मे जातिभेद: पिता नैव मे नैव माता न जन्म।
न बर्न्धुन मित्रं गुरुर्नैव शिष्य: चिदानन्द रूप: शिवोऽहम् शिवोऽहम ॥
अहं निर्विकल्पो निराकार रूपों विभुत्वाच्च सर्वत्र सर्वेन्द्रियाणाम्।
न चासंगतं नैव मुक्ति र्न मेय: चिदानन्द रूप: शिवोऽहम् शिवोऽहम ॥

### भावार्थ

मैं मन, बुद्धि, अहंकार, चित्त नहीं हूं। मैं श्रोत्र, जिह्वा, घ्राण, नेत्र नहीं हूं। मैं व्योम, भूमि, तेज, वायु नहीं हूं। मैं चिदानन्द रूप हूं, शिव हूं, शिव हूं।
मैं प्राण, पंचवायु, सप्तधातु, पंचकोश नहीं हूं। मैं वाक, पाणि, पाद, उपस्थ, पायु नहीं हूँ। मैं चिदानन्द रूप हूं, शिव हूं, शिव हूं।
मुझमें द्वेष, राग, लोभ, मोह, मद नहीं है। मुझमें मात्सर्य नहीं है। मेरे लिए धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष नहीं है। मैं चिदानन्द रूप हूं, शिव हूं, शिव हूं।
मुझे पुण्य, पाप, सौख्य, दु:ख नहीं है। मैं मन्त्र, तीर्थ, वेद, यज्ञ नहीं हूं। मैं भोजन नहीं हूं, न भोज्य, न भोक्ता। मैं चिदानन्द रूप हूं, शिव हूं, शिव हूं।
मेरे लिए मृत्यु, शंका, जातिभेद नहीं है। मेरे लिए पिता, माता, जन्म नहीं है। मेरे लिए बन्धु, मित्र, गुरु, शिष्य नहीं है। मैं चिदानन्द रूप हूं, शिव हूं, शिव हूं।
मैं निर्विकल्प, निराकार रूप हूं। मैं सर्वत्र, सर्वेन्द्रियाणाम् विभुत्वाच्च हूं। मुझे आसंगत, मुक्ति, मेय नहीं है। मैं चिदानन्द रूप हूं, शिव हूं, शिव हूं।

## परंपरा को संजोए 'ढोलरू'





सतीश अवस्थी
रैत, कांगड़ा

जिला कांगड़ा में गत कई वर्षों से प्राचीन परंपरा का निर्वहन यहां के बाशिंदे अभी भी कर रहे हैं। कुछ ग्रामीण परिवार जिन्हें स्थानीय भाषा में 'ढोलरू' कहा जाता है, के मुख से विक्रम संवत के नए साल का आगाज प्रथम चैत्र माह का नाम सुनकर होता है। एक समय था जब शाहपुर, रैत, चढ़ी, रेहलु व इसके आसपास के गांवों में सैकड़ों ढोलरू परिवार चैत्र माह का नाम पारंपरिक लोकगीतों को ढोलरू की थाप से सुनाने के लिए एक-दो सप्ताह पूर्व डेरा जमा लेते थे, लेकिन वर्तमान में लोगों की सामाजिक व आर्थिक दशा में सुधार होने से यह परंपरा धीरे-धीरे अब लुप्त होती जा रही है। इस वर्ष मात्र चार-पांच ढोलरू ही इस प्राचीन परंपरा को निभाने के लिए आए हैं। चैत्र माह के प्रथम दिन ये ढोलरू परिवार घरों में नए वर्ष के नए माह के नाम सुनाते नजर आए। मान्यता है कि ढोलरू के मुख से नाम सुनने पर नया साल शुभ रहता है। लोग इस माह नए चैत्र माह पर पुराना वस्त्र, गुड़, आटा व दान-दक्षिणा देकर खुशी-खुशी विदा करके अगले वर्ष भी आने को कहते हैं। धनोटू गांव के ढोलरू परिवार संजीव महाशा एवं मोहन महाशा ने बताया कि वह गत दस वर्षों से धनोटू, कुठेड़, लदवाड़ा, डढ़म्भ और रैत आदि गांवों में प्रतिवर्ष ढोलरू लोकगीत निरंतर गाते चले आ रहे हैं। इससे पहले उनके बुजुर्ग भी आते थे इसलिए वह भी इस परंपरा को निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नई पीढ़ी इस परंपरा से दूर होती जा रही है, क्योंकि कई परिवार अब इस परंपरा को घर-घर जाकर गाना उचित नहीं समझ रहे हैं तथा उसमें शर्म महससू कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इस महीने को छिंज वाला महीना भी कहते हैं।

## चैत्र नवरात्र शुभ मुहूर्त



डॉ.सुरेंद्र शर्मा

भारत में नवरात्र एक पवित्र और महत्वपूर्ण हिंदू त्योहार है। नवरात्र का अर्थ है 'नौ रातें' हैं, जिनमें देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। चैत्र नवरात्रि विशेष रूप से हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र माह में आती है और यह भगवान राम के जन्मोत्सव, राम नवमी के साथ संपन्न होती है। इस वर्ष, चैत्र नवरात्र 30 मार्च से 6 अप्रैल तक मनाए जाएंगे। नवरात्र का प्रारंभ घटस्थापना से होता है, जिसे बहुत ही शुभ और पवित्र माना जाता है। सही समय पर घटस्थापना करने से देवी दुर्गा की कृपा प्राप्त होती है।



### घटस्थापना तिथि

**घटस्थापना** तिथि 30 मार्च को है। घटस्थापना मुहूर्त सुबह 6:13 से 10:22 तक रहेगा, जिसकी कुल अवधि 4 घंटे 08 मिनट होगी। अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:01 से 12:50 तक रहेगा, जो 50 मिनट का होगा। प्रतिपदा तिथि 29 मार्च 2025 को शाम 4:27 बजे से शुरू होकर 30 मार्च को दोपहर 12:49 बजे समाप्त होगी। घटस्थापना के लिए सबसे पहले प्रातः काल स्नान करके स्वच्छ वस्त्र धारण करें और व्रत एवं पूजा का संकल्प लें। मिट्टी के बर्तन में जौ बोकर उसके ऊपर जल से भरा कलश स्थापित करें। कलश पर लाल वस्त्र लपेटकर नारियल रखें और आम के पत्तों से इसे सजाएं। दुर्गा सप्तशती का पाठ करें और मां दुर्गा की आरती करें। पूरे नौ दिनों तक अखंड दीप जलाना शुभ माना जाता है।

### देवी दुर्गा के नौ रूपों की पूजा

**चैत्र** नवरात्र को देवी दुर्गा के नौ रूपों की पूजा के लिए जाना जाता है। इन नौ दिनों में भक्त व्रत रखते हैं, सात्विक आहार का पालन करते हैं और देवी को प्रसन्न करने के लिए विभिन्न अनुष्ठान करते हैं। पहले दिन माता शैलपुत्री, दूसरे दिन माता ब्रह्मचारिणी, तीसरे दिन माता चंद्रघंटा, चौथे दिन माता कूमांडा, पांचवें दिन माता स्कंदमाता, छठे दिन माता कात्यायनी, सातवें दिन माता कालरात्रि, आठवें दिन माता महागौरी और नवमी के दिन माता सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। नवरात्रि के दौरान प्याज, लहसुन, मांस, अंडा और शराब का सेवन वर्जित होता है। व्रत रखने वाले व्यक्ति फल, दूध, साबुदाना, सिंघाड़े का आटा और कुट्टू का आटा खा सकते हैं। कुछ भक्त पूरे नौ दिन व्रत रखते हैं, जबकि कुछ केवल पहले और अंतिम दिन उपवास करते हैं। चैत्र नवरात्रि का समापन राम नवमी पर होता है, जो भगवान श्रीराम के जन्म का दिन है। इस दिन मंदिरों में विशेष पूजन और भजन-कीर्तन होते हैं। चैत्र नवरात्र 2025 भक्तों के लिए आध्यात्मिक उन्नति और देवी की कृपा प्राप्त करने का अवसर है। सही विधि से पूजा और व्रत करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस पावन अवसर पर देवी दुर्गा का आशीर्वाद सभी पर बना रहे।





विभा शर्मा
ज्योतिषाचार्य, जोगिंद्रनगर

## भारत में नहीं दिखेगा
# 2025 का पहला सूर्य ग्रहण

सूर्य ग्रहण खगोल विज्ञान की एक महत्वपूर्ण घटना है, जिसका प्रभाव पृथ्वी के विभिन्न हिस्सों पर पड़ता है। यह तब होता है जब चंद्रमा, पृथ्वी और सूर्य के बीच से गुजरता है और सूर्य की रोशनी को पृथ्वी तक पहुंचने से रोक देता है। इस वर्ष का पहला सूर्य ग्रहण 29 मार्च 2025 को होने जा रहा है। यह ग्रहण दोपहर 2:20 बजे शुरू होकर शाम 6:16 बजे तक रहेगा। हालांकि, यह भारत में दिखाई नहीं देगा, इसलिए इसका सूतक काल भी मान्य नहीं होगा।

**इस** बार का सूर्य ग्रहण मीन राशि और उत्तर भाद्रपद नक्षत्र में घटित होगा। इस दौरान, सूर्य, राहु, शुक्र, बुध और चंद्रमा सभी ग्रह मीन राशि में स्थित रहेंगे। ग्रहों की यह विशेष स्थिति ज्योतिषीय दृष्टि से इसे महत्वपूर्ण बना रही है। चूंकि यह सूर्य ग्रहण भारत में नहीं दिखेगा, इसलिए धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सूतक काल मान्य नहीं होगा। आमतौर पर, सूर्य ग्रहण से 9 घंटे पहले सूतक काल प्रारंभ हो जाता है, लेकिन इस बार भारत में इसकी कोई धार्मिक मान्यता नहीं होगी।

### 12 राशियों पर प्रभाव

इस सूर्य ग्रहण का 12 राशियों पर अलग-अलग प्रभाव पड़ेगा। खासतौर पर मीन राशि वालों को इस दौरान विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी जाती है। अन्य राशियों के लिए यह ग्रहण मिश्रित परिणाम लेकर आ सकता है। ज्योतिषाचार्य विभा शर्मा के अनुसार, यदि किसी जातक की कुंडली में विशेष ग्रह योग है, तो वह सूर्य ग्रहण के दिन दान-पुण्य कर सकता है। ग्रहण के समय गरीबों को अन्न, वस्त्र, तिल, गुड़ और दक्षिणा का दान करना शुभ माना जाता है। यह कर्म नकारात्मक ऊर्जा को कम करने और सकारात्मक प्रभाव बढ़ाने में सहायक होता है। भारत में यह ग्रहण नहीं दिखेगा, लेकिन यह यूरोप, उत्तरी अमेरिका, दक्षिण अमेरिका, अटलांटिक महासागर और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में नजर आएगा। 29 मार्च को पड़ने वाला साल का पहला सूर्य ग्रहण भारत में अदृश्य रहेगा, इसलिए धार्मिक और ज्योतिषीय दृष्टि से इसका सीधा प्रभाव भारतवासियों पर नहीं पड़ेगा।

# 29 मार्च को मीन राशि में प्रवेश करेंगे शनि देवता



29 मार्च को न्याय के देवता शनि मीन राशि में प्रवेश करेंगे। शनि एक राशि में लगभग अढ़ाई साल तक रहते हैं और फिर राशि परिवर्तन करते हैं। शनि को ज्योतिष शास्त्र में मंद गति से चलने वाला ग्रह माना जाता है। इनकी चाल धीमी होने के कारण इनका प्रभाव भी लंबे समय तक बना रहता है। यह व्यक्ति को उसके कर्मों के अनुसार फल देते हैं, इसलिए इन्हें कर्मफलदाता भी कहा जाता है। शनि की साढ़ेसाती और ढैय्या से गुजरने वाले जातकों के लिए यह समय कठिनाइयों से भरा हो सकता है। इस दौरान व्यक्ति को स्वास्थ्य समस्याएं, मानसिक तनाव, रिश्तों में दरार और कार्यक्षेत्र में बाधाएं झेलनी पड़ सकती हैं।

### कुछ राशियों के लिए सुखद तो कुछ के लिए कठिन समय



शीतल शर्मा
ज्योतिषाचार्य
सरकाघाट, मंडी

**ज्योतिष** शास्त्र के अनुसार 29 मार्च को शनि के मीन राशि में प्रवेश करने से मकर राशि पर चल रही साढ़ेसाती समाप्त हो जाएगी। वहीं, कर्क और वृश्चिक राशि वालों पर से शनि की ढैय्या का प्रभाव भी खत्म होगा। मकर राशि के जातकों को कठिन समय से राहत मिलेगी और उनके करियर और वित्तीय स्थिति में सुधार होने की संभावना रहेगी। कर्क राशि वालों का मानसिक तनाव कम होगा और पारिवारिक जीवन में शांति आएगी। वृश्चिक राशि के जातकों के लिए कार्यक्षेत्र में स्थिरता आएगी और धन से जुड़ी परेशानियां दूर हो सकती हैं। मेष राशि के लोगों पर साढ़ेसाती का प्रथम चरण शुरू होगा, जबकि मीन राशि पर इसका द्वितीय चरण रहेगा। कुंभ राशि के जातकों पर साढ़ेसाती का अंतिम चरण होगा। मेष राशि वालों के लिए यह समय चुनौतियों भरा हो सकता है, वहीं मीन राशि वालों को करियर और पारिवारिक जीवन में सावधानी बरतनी होगी। कुंभ राशि वालों को अब राहत मिलने की संभावना है क्योंकि यह अंतिम चरण होगा। सिंह और धनु राशि वालों पर शनि की ढैय्या का प्रभाव शुरू होगा। धन हानि, कार्यों में बाधाएं और मानसिक तनाव बढ़ सकता है। वैवाहिक जीवन में समस्याएं आ सकती हैं, इसलिए धैर्य और संयम बनाए रखना जरूरी होगा।

### उपाय

शनिवार के दिन पीपल के पेड़ की पूजा करें और तेल का दीपक जलाएं। शनि मंत्र 'ॐ शं शनैश्चराय नमः' का जाप करें। काली वस्तुओं का दान करें। गरीबों और जरूरतमंदों की सहायता करें। शनिवार को सरसों के तेल में छाया देखकर दान करें। हनुमान चालीसा का पाठ करें और हनुमान जी की पूजा करें।

# मूलांक 1 वाले जातक



प्रदीप जोशी
न्यूमेरोलोजिस्ट और वास्तु कंसलटेंट

**अंक ज्योतिष में मूलांक 1 सूर्य द्वारा शासित होता है, जो ऊर्जा, नेतृत्व और आत्मविश्वास का प्रतीक है। जिन व्यक्तियों का जन्म किसी भी महीने की 1,10,19 या 28 तारीख को होता है उनका मूलांक 1 होता है। यह संख्या स्वयं में एक शक्तिशाली ऊर्जा रखती है, जो व्यक्ति के व्यक्तित्व और जीवनपथ को गहराई से प्रभावित करती है।**

### व्यक्तित्व

**मूलांक** 1 वाले व्यक्ति स्वाभाविक रूप से नेता होते हैं। उनमें आत्मविश्वास, साहस और दृढ संकल्प होता है। ये अपनी राय रखने से नहीं डरते और अक्सर दूसरों को प्रेरित करते हैं। ये स्वतंत्र और आत्मनिर्भर होते हैं और अपनी शर्तों पर जीना पसंद करते हैं।

### नेतृत्व क्षमता

**ये** व्यक्ति दूसरों को निर्देशित करने और प्रेरित करने में सक्षम होते हैं। ये अक्सर नेतृत्व की भूमिकाओं में उत्कृष्टा प्राप्त करते हैं चाहे वह व्यवसाय, राजनीति या सामाजिक क्षेत्र हो।

### आत्मविश्वास

**ये** खुद में और अपनी क्षमताओं में दृढ विश्वास रखते हैं। चुनौतियों का सामना करने से नहीं डरते और अक्सर सफलता प्राप्त करते हैं।





### स्वतंत्रता

**इन्हें** अपनी स्वतंत्रता बहुत प्रिय होती है। ये अपनी शर्तों पर जीना पसंद करते हैं और दूसरों पर निर्भर रहना पसंद नहीं करते।

### रचनात्मकता

**मूलांक** 1 वाले व्यक्ति अक्सर रचनात्मक और कल्पनाशील होते हैं। ये नये विचारों और समाधानों के साथ आने में सक्षम होते हैं।

### महत्वकांक्षा

**ये** महत्वाकांक्षी होते हैं और जीवन में बड़ी चीजें हासिल करना चाहते हैं। ये मेहनत करने और अपने लक्ष प्राप्त करने के लिए तैयार रहते हैं।

### सकारात्मक दृष्टिकोण

**ये** आमतौर पर आशावादी और सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हैं। ये चुनौतियों को अवसरों के रूप में देखते हैं।

### अहंकार

**मूलांक** 1 वाले व्यक्तियों में अहंकार की भावना भी हो सकती है। इन्हें दूसरों की राय स्वीकार करने में कठिनाई हो सकती है और ये अपनी बात मनवाने की कोशिश कर सकते हैं।

### अधीरता

**ये** अक्सर अधीर होते हैं और तुरंत परिणाम चाहते हैं। इन्हें धैर्य रखना सीखने की आवश्यकता हो सकती है।

### मूलांक 1 के लिए चुनौतियां

**मूलांक** 1 वाले व्यक्तियों को अपने अहंकार और अधीरता पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता होती है। इन्हें दूसरों की राय को स्वीकारना और धैर्य रखना सीखना चाहिए। इन्हें अपनी स्वतंत्रता और दूसरों के साथ सहयोग के बीच संतुलन बनाए रखने की भी आवश्यकता होती है। इन्हें अहंकार पर नियंत्रण, धैर्य और सहयोग को भी सीखना चाहिए। कभी कभी इनका स्वभाव इन्हें अकेला कर देता है इसलिए इन्हें अपने आस पास मित्र बनाने चाहिए।

### मूलांक 1 के लिए सुझाव

**नेतृत्व कौशल विकसित करें** : अपनी नेतृत्व क्षमता को निखारने के लिए प्रशिक्षण और कार्यशालाओं में भाग लें।
**धैर्य रखें** : परिणामों के लिए धैर्य रखें और तुरंत हार न मान लें।
**दूसरों की राय मानें** : गलतियों को स्वीकार करें और दूसरों की राय को महत्व दें।
**सकारात्मक दृष्टिकोण:** चुनौतीयों को अवसर की तरह देखें और कभी हार न माने।
**सहयोग करें:** दूसरों के साथ मिलकर काम करना सीखें और अपनी स्वतंत्रता और सहयोग के बीच संतुलन बनाए रखें।

### खूबियां



**मूलांक** 1 वाले व्यक्ति समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये नेता, नवप्रवर्तक और प्रेरक होते हैं। ये दूसरों को प्रेरित करते हैं और उन्हें अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करते हैं। इनकी ऊर्जा और आत्मविश्वास दूसरों को सकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं। मूलांक 1 वाले व्यक्ति सूर्य की ऊर्जा का प्रतीक हैं। ये उज्ज्वल, शक्तिशाली और गतिशील होते हैं। ये अपने जीवन में सफलता प्राप्त करने में सक्षम होते हैं यदि ये अपनी चुनौतियों का सामना करते हैं और अपनी क्षमताओं का सही उपयोग करते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### टांडा रेंज में आज होगा फायरिंग अभ्यास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सहायक आयुक्त सुभाष गौतम ने धर्मशाला में बताया कि टांडा फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय सेना द्वारा 25 मार्च को दोपहर 2 बजे से रात्रि 9 बजे तक फायरिंग का अभ्यास किया जाएगा। उन्होंने ग्राम पंचायत कोहाला, कच्छयारी, खोली, घुरकड़ी व साथ लगते क्षेत्रों के लोगों से अपील की है कि इस दौरान वह फायरिंग रेंज में न स्वयं जाएं तथा अपने पालतु पशुओं को भी न जाने दें ताकि किसी भी प्रकार की जान-माल की हानि से बचा जा सके।

### हेली-स्कीइंग का पहला ट्रायल रन सफल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धौलाधार में हेली-स्कीइंग का पहला ट्रायल रन सफल रहा। रविवार को तीन हेलिकॉप्टरों से 10 विदेशी स्कीयर्स ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस पुलिस ग्राउंड पर लैंडिंग की। कांगड़ा एसएसपी शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि डीसी कांगड़ा से इस विशेष उड़ान की अनुमति मिली थी। इस प्रोजेक्ट की सभी जरूरी मंजूरियां पूरी हो चुकी हैं। विशेषज्ञों की रिपोर्ट के बाद जल्द ही यह सेवा औपचारिक रूप से शुरू होगी। पर्यटन विकास अधिकारी विनय धीमान के अनुसार, एक निजी कंपनी हेली-स्कीइंग और जॉय राइड सेवा का संचालन करेगी। मनाली की तरह अब धर्मशाला को भी अंतरराष्ट्रीय पर्यटन के नक्शे पर नई पहचान मिलेगी। हनुमान टिब्बा और देव टिब्बा को हेली-स्कीइंग के लिए मुख्य स्थल चुना गया है। यहां का प्राकृतिक सौंदर्य और बर्फीली ढलानें स्कीयर्स को चुनौतीपूर्ण अनुभव प्रदान करेंगी। लैंडिंग के बाद विदेशी स्कीयर्स मैक्लोडगंज स्थित होटल हयात रीजेंसी पहुंचे। यह पहल धर्मशाला और हिमाचल प्रदेश के पर्यटन और आर्थिक विकास में अहम भूमिका निभाएगी।

### हेल्थ इलेवन-ए की टीम क्रिकेट चैंपियन

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** वर्ल्ड टीबी दिवस 24 मार्च को स्वास्थ्य खंड नगरोटा बगवा के अंतर्गत विभिन्न संस्थानों में टीबी जागरूकता हेतु प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसमें महिला कर्मचारियों का सिंबौलिक क्रिकेट टूर्नामेंट विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र रहा । यह टूर्नामेंट 24 मार्च को राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां के प्रांगण में खेला गया, जिसमें डॉक्टर रूबी भारद्वाज की कप्तानी में हेल्थ इलेवन-ए टीम विजेता घोषित की गई। इस मैच में डिग्री कॉलेज से क्लर्क किरण मैन ऑफ द मैच रहीं, जिन्होंने सर्वाधिक रन बनाए और विकेट लिए इसके साथ-साथ टीबी उल्मूलन के लिए एक जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया। इस दिन कॉलेज में रंगोली प्रतियोगिता भी करवाई गई, जिसमें रिश्ता धीमान की टीम प्रथम रही। द्वितीय स्थान पर वंशिका की टीम व शिखा की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया।

### भाजपा कार्यकर्ता केआर भारद्वाज पंचतत्व में विलीन

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** लगडू के हरदीपपुर पंचायत के भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता 99 वर्षीय कूड़ा राम भारद्वाज का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। भाजपा के एक मात्र कार्यकर्ता कूड़ा राम ने चंगर क्षेत्र लगडू में राष्ट्रवादी विचार धारा से जुड़ी भाजपा के लिए निरंतर दीपक जलाए रखा और लोगों को पार्टी की विचार धारा से जोड़ने के लिए अथक प्रयास किया। दिवंगत कूड़ा राम भारद्वाज के बड़े बेटे मुख्याध्यापक जगदीश (जग्गो) भारद्वाज ने रूंधे स्वर में बताया कि उनके पिता कूड़ा राम ने राष्ट्रविरोधी विचार धारा से ओत प्रोत विशेष पार्टी की हिंदुओं के प्रति दमन कारी नीतियों से तंग आकर राष्ट्रवादी पार्टी भाजपा का दामन थाम लिया। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी भाजपा के दीपक को निरंतर जलाए रखा। इस मौके पर खुंडियां भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय राणा ने पार्टी के कर्मठ वरिष्ठ कार्यकर्ता स्वर्गीय कूड़ा राम को पार्टी के झंडे के साथ अंतिम विदाई दी। समाज सेवी कूड़ा राम की अंतिम यात्रा में सैकड़ों लोग शामिल हुए।

### समय पर करें बिजली के बिलों का भुगतान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल-1 धर्मशाला के सहायक अभियंता रमन भरमौरिया ने उपमंडल के अधीन आने वाले सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि अपने बिजली के बिल लंबित न रखें और इसी माह उनका भुगतान सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि इस माह अंत तक बिल जमा न करने की स्थिति में बिना आगामी सूचना के नियमानुसार विद्युत कनेक्शन काट दिया जाएगा तथा मीटर का कनेक्शन दोबारा जोड़ने के लिए उपभोक्ताओं से 250 से 1500 रुपए तक वसूल किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बिजली के बिल बिजली बोर्ड की वेबसाइट या किसी भी यूपीआई पेमेंट ऐप के माध्यम से ऑनलाइन भी जमा करवाए जा सकते हैं।

### प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत सरकारी अधिकारियों, वैज्ञानिकों और किसान मास्टर प्रशिक्षकों के लिए प्राकृतिक खेती पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज हैदराबाद के सहयोग से शुरू हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य और जिला स्तर के अधिकारियों को प्राकृतिक खेती के तरीकों में उन्नत ज्ञान और कौशल से लैस करना है, ताकि टिकाऊ कृषि को बढ़ावा दिया जा सके। राज्य और जिला स्तर के अधिकारियों के बैच के लिए डिजाइन किए गए प्रशिक्षण कार्यक्रम में मृदा उर्वरता प्रबंधन, शून्य-बजट प्राकृतिक खेती तकनीक, जैव-इनपुट तैयारी और प्राकृतिक खेती की पहल का समर्थन करने वाले नीतिगत ढाँचे सहित प्रमुख विषयों को शामिल किया जाएगा। सीएसके एचपीकेवी और मैनेज, हैदराबाद के विशेषज्ञ व्यावहारिक शिक्षण अनुभव सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी सत्र, व्यावहारिक प्रदर्शन और क्षेत्र का दौरा करेंगे।

### डाडासीबा में 14 को मनाई जाएगी अंबेडकर जयंती

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य मे डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सोशल ऑर्गेनाइजेशन द्वारा डाडासीबा रेस्ट हाउस में बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष रजिंदर सिंह (गोगा) द्वारा की गई। बैठक के दौरान कार्यक्रम से संबंधित हर पहलू पर चर्चा की गई। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल को डाडासीबा पेबल होटल में मनाई जाएगी। इस अवसर पर पूर्व प्रधान धर्मचंद, सेवानिवृत्त हेड मास्टर गुरदास राम, महासचिव नवजीत भाटिया, सेवानिवृत्त हेड मास्टर रतन चंद कौडल, मास्टर गुरवतन सिंह, एक्स सर्विसमैन लाजपत राय, डॉक्टर रामकृष्ण, सरदार जसविंदर सिंह, अनिल कुमार, अनूप कुमार,मास्टर यशवंत, नरेश कुमार, भजन दास सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# भव्य शोभायात्रा के साथ राज्य स्तरीय लिदबड़ मेले का आगाज

## उपायुक्त ने किया शुभारंभ, पहले दिन बच्चों का दंगल रहा आकर्षण का केंद्र

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

जिला कांगड़ा के नगरोटा बगवां में राज्य स्तरीय लिदबड़ मेले का भव्य शोभायात्रा के साथ आगाज हुआ। उपायुक्त हेमराज बैरवा की अध्यक्षता में सभी मेला कमेटी सदस्यों और क्षेत्रवासियों ने धूमधाम से शोभायात्रा निकाली। नगरोटा के प्राचीन माता नारदा शारदा मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना के साथ उपायुक्त ने राज्य स्तरीय लिदबड़ मेले का शुभारंभ किया। इसके उपरांत उपायुक्त कांगड़ा, मेला कमेटी के सदस्यों और नगरोटा वासियों ने मिलकर लिदबड़ मेला अखाड़ा स्थल तक शोभायात्रा निकाली।

राज्य पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष प्रदेश पर्यटन विकास बोर्ड (कैबिनेट रैंक)



आरएस बाली ने कहा कि इस ऐतिहासिक मेले का राज्य स्तरीय होना सभी क्षेत्रवासियों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि मेले हमारी समृद्ध सभ्यता और सांस्कृतिक धरोहर के प्रतीक हैं। इन आयोजनों के माध्यम से न केवल आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा मिलता है, बल्कि हमारी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत को भी संरक्षित करने में ये अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि मेलों में मनोरंजन के साथ-साथ व्यापार और सांस्कृतिक गतिविधियों को संरक्षण व बढ़ावा भी मिलता है। उन्होने कहा कि इन उत्सवों में आयोजित होने वाले आयोजनों में खेलों, संस्कृति कार्यक्रमों के आयोजनों से ग्रामीण प्रतिभाओं को अवसर मिलता है।

### कांगड़ा के रजत बने बाल नगरोटा केसरी

**मेले** के प्रथम दिन बच्चों के दंगल का आयोजन किया गया, जिसमें नगरोटा, कांगड़ा व अन्य क्षेत्रों से आए बच्चों ने भाग लिया। आयोजकों ने बताया कि बच्चों का दंगल यहां आए लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। उन्होंने बताया कि बच्चों के दंगल में विजेता को बाल नगरोटा केसरी का टाइटल दिया गया। बच्चों के दंगल में कांगड़ा के रजत विजेता रहे, वहीं अमृतसर के शेरू उपविजेता।

मेला कमेटी के सदस्यों ने उपयुक्त कांगड़ा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उपायुक्त ने मेला कमेटी सदस्यों साथ प्राचीन वाद्य यंत्र व नगाड़ों को भी बजाया।

# वर्ष 2024 में जिले की 237 पंचायतें टीबी मुक्त : सीएमओ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

विश्व क्षय रोग दिवस के उपलक्ष्य पर सोमवार को धर्मशाला में टीबी के खात्मे में मीडिया की भूमिका पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जोनल अस्पताल धर्मशाला के नए सभागार में आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता सीएमओ डा. राजेश गुलेरी ने की। डॉ. गुलेरी ने कहा कि इस बीमारी को अभिशाप के रूप में देखने की सोच में बदलाव आ रहे हैं और इसको लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने का भी काम किया जा रहा है। सीएमओ ने कहा कि वर्ष 2015 के मुकाबले अब 56 केसों की कमी आई है। ऐसे में वर्ष 2030 के लक्ष्य से पहले अपने लक्ष्य को कांगड़ा व हिमाचल पूरा कर लेगा। सीएमओ ने कहा कि संक्रमित होने पर एक से दो दवाइयों के बाद मरीज संक्रमित नहीं कर सकते हैं। सीएमओ ने कहा कि टीबी मुक्त पंचायतें करने की तरफ हम बढ़ रहे हैं, एक हजार लोगों में 30 की जांच होनी चाहिए, जिसमें एक या कम केस होने चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में 237 यानी 30 फीसदी पंचायतें टीबी मुक्त करवाने में सफल हुए हैं। इन सभी पंचायतों को सम्मानित किया जाएगा। सीएमओ ने कहा कि लक्षणात्मक टीबी के अलावा जोखिमपूर्ण आबादी के तहत आने वाले दो लाख 60 हजार लोगों के एक्सरे भी करवाए जा रहे हैं। इसमें बिना लक्षण के लोगों के 20 करीब फीसदी टेस्ट करवा पाए हैं, जिसमें 800 के करीब टीबी ग्रसित मरीज सामने आए हैं। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता से ही टीबी मुक्त हिमाचल अभियान को पूरा किया जा सकता है।

**बोले, वर्ष 2030 तक टीबी मुक्त होगा कांगड़ा**

# आपदा के समय स्वीकृत मकानों का 31 तक पूरा करें निर्माण कार्य

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

प्रधानमंत्री आवास योजना में आपदा के दौरान जिला कांगडा के विधानसभा क्षेत्र नूरपुर में 104 मकान स्वीकृत हुए थे। इनमें से 93 मकान पूरे हो चुके हैं, जबकि अन्य का कार्य चल रहा है। दो मकान ऐसे हैं, जिनकी छत भी नहीं डाली गई है। अब इनको 31 मार्च तक निर्माण कार्य को पूरा करने की तिथि निर्धारित की गई है। इस निर्धारित तिथि तक इनका कार्य पूरा नहीं होता है, तो इनका पैसा लैप्स हो जाएगा। बीडीओ नूरपुर अशोक कुमार ने बताया कि संबंधित पंचायत प्रधानों और सचिवों को नोटिस दे दिए हैं। अगर इन मकानों का कार्य पूरा न हुआ तो इनको दी गई किश्त की रिकवरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि लाभार्थी जल्द से जल्द मकानों का कार्य पूरा कर लें। वहीं, मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष 2023 से आज तक 38 मकान मंजूर हुए थे, जिनमें से 29 मकान का कार्य पूरा हो चुका है और 8 का कार्य पूरा होने वाला है। इसके अलावा एक परिवार ऐसा है, जो कि कार्य ही शुरू नहीं करवा रहा है। उन्होंने कहा कि इसे नोटिस भेजा गया है और अगर कार्य शुरू न किया तो किस्त को वापस रिकवर किया जाएगा। उसे एक किस्त लंबे समय से जारी कर दी है मगर बो मकान का काम शुरु नही कर रहा है।



**बीडीओ बोले, तय समय में कार्य पूरा न करने पर वापस करनी होगी राशि**

# नवगठित पंचरुखी बाजार कमेटी का किया बहिष्कार

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी।** विकास खंड पंचरुखी की लदोह पंचायत की प्रधान अनीता कुमारी ने नवगठित पंचरुखी बाजार कमेटी का बहिष्कार किया। प्रधान ने प्रेस वार्ता में बताया कि रविवार को बाजार के कुछ दुकानदारों ने पंचायत को बिना कोई सूचना दिए नई बाजार कमेटी के प्रधान का चुनाव कर लिया, जो कि नियमों के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि पंचरुखी बाजार लदोह पंचायत के अधिकार क्षेत्र में आता है, इसलिए अगर पंचायत में किसी भी कमेटी का चुनाव होता है तो पंचायत को पता होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पुरानी कमेटी का कार्यभार 2027 तक था। इससे नाराज दुकानदारों ने ग्राम पंचायत लदोह को लिखित शिकायत की थी और ग्राम पंचायत लदोह ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पंचायत की बैठक में यह निर्णय लिया कि जब तक नई कमेटी का गठन नहीं किया जाता, तब तक पुरानी कमेटी ही कार्य करती रहेगी

# योल में एसबीआई के एटीएम तीन माह से बंद

## व्यापारियों सहित आम जनता को रोजाना परेशानी का करना पड़ रहा सामना

**अनंत ज्ञान, योल**

योल के मुख्य बाजार व आर्मी कैंटीन के पास लगे एसबीआई के एटीएम पिछले तीन महीने से बंद पड़े हैं, जिससे व्यापारियों सहित आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एटीएम की परेशानी की वजह से लोगों को बैंकों की ओर रुख करना पड़ रहा है। बच्चों के रिजल्ट आने वाले हैं। अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए ज्यादातर परिवार यहां किराए पर रहते हैं और एटीएम पर बहुत निर्भर रहते हैं। स्थानीय व्यापारियों में विकास, सोनी, तेजेश्वर, सुरेंद्र व अन्य ने बताया कि रोजाना सैकड़ों लोग इस एटीएम का प्रयोग करते हैं। हर कोई परेशान होकर एटीएम के बंद होने पर वापस पूछताछ करके चला जाता है। इतने दिन तक एटीएम बंद रहना समझ से परे है। लोगों ने मांग की है कि जल्द से जल्द एटीएम को चालू किया जाए, ताकि लोगों को बार-बार बैंकों के चक्कर न लगाने पड़ें।

### क्या कहते हैं स्थानीय लोग







**सुदर्शन** बुक डिपो के मालिक सुदर्शन ने बताया कि एटीएम बंद होने से ग्राहक काफी परेशान हैं। आजकल बच्चों के परिणाम आने वाले हैं और लोगों को किताबें-कॉपियां खरीदने के लिए पैसे की जरूरत है। वहीं, कुलदीप चंद, जो कि गाड़ी चलाते हैं ने कहा कि रोजमर्रा का सामान खरीदने के लिए एटीएम की आदत पड़ गई है और एटीएम बंद होने से परेशानी हो रही है। स्थानीय स्कूल में अध्यापक सूरज कुमार ने बताया कि वह अभी पैसे निकलवाने आए थे। कुछ खरीददारी करनी थी, लेकिन एटीएम बंद देखकर बहुत परेशान हूं। वहीं, योल बाजार स्थित जहां एटीएम लगा है उस बिल्डिंग के मालिक भूषण का कहना कि हमारा और कंपनी के बीच अक्तूबर, 2024 तक कांट्रैक्ट हुआ था। उसके बाद कंपनी ने कोई किराया नहीं दिया। हम काफी समय से कंपनी से कांटेक्ट कर रहे हैं, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पा रहा है।

### जल्द चालू हो जाएंगे एटीएम : ब्रांच हेड

**स्थानीय** एसबीआई योल ब्रांच के हेड राहुल ने बताया कि जो बैंक की रेंज से बाहर एटीएम होते हैं, उनकी जानकारी तो वही दे सकते हैं, जो इनकी देखरेख करते हैं, हमने उस कंपनी जो इन एटीएम को संचालित करती थी, उसको हटाकर काम नई कंपनी को आउटसोर्स कर दिया है। एटीएम बहुत जल्द चालू हो जाएंगे।

# हिमालय देश का ताज, इसका संरक्षण जरूरी : पांडेय

## उपायुक्त कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी में भारत, केन्या व श्रीलंका के शोधकर्ताओं ने रखे विचार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमालय की चुनौतियों तथा उसका समाधान थीम पर उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित संगोष्ठी में दिल्ली विवि के हिमालयन स्टडी सेंटर, भूगोल तथा दिल्ली स्कूल ऑफ इक्नोमिक्स के शोधकर्ताओं ने हिमालय की चुनौतियों और संरक्षण के संदर्भ अपने अपने शोध कार्यों कार्यों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि दल हिमालयन स्टडी सेंटर के निदेशक प्रोफेसर बीडब्लयू पांडेय के कहा कि हिमालय देश का ताज है, हिमालय दुनिया के 51 प्रतिशत आबादी का भरण पोषण करता है। हिमालय दुनिया की सबसे ऊंचे माउंटेन रेंज में से एक है. यहां मौजूद बड़े ग्लेशियर करोड़ों लोगों के लिए पानी का प्रमुख स्रोत है।. लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण ये ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं. इससे जलस्त्रोतों पर असर तो पड़ ही रहा है. साथ ही खतरनाक समस्याएं भी खड़ी हो रही हैं. रिसर्च से पता चला है कि हिमालय में बनने वाली ग्लेशियर झीलें लगातार बड़ी होती जा रही हैं जो कभी भी फट सकती हैं और भारी तबाही मचा सकती हैं. वैज्ञानिकों की चिंता बढ़ गई है क्योंकि ग्लेशियरों का यह अप्राकृतिक बदलाव पर्यावरण के साथ साथ इंसानी बस्तियों के लिए भी बड़ा खतरा बन सकता है।

उन्होंने कहा कि हिमालय के अधिकांश पर्यटक स्थल धीरे-धीरे कंक्रीट के जंगलों में तब्दील होते जा रहे हैं, जिससे इस क्षेत्र की पारिस्थितिकी प्रभावित हुई है। मनुष्यों के साथ वाहनों की आवाजाही ने भी बर्फ के पिघलने की रफ्तार बढ़ाई है। वनों के अंधाधुंध कटान से भी पारिस्थितिकीय तंत्र प्रभावित होता है और पहाड़ों पर पानी के ठहरने की प्रक्रिया बाधित होती है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में हिमालय क्षेत्र में भूमि उपयोग में हो रहे बदलाव के कारण भी तापमान बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हिमालय की जलवायु में हो रहे परिवर्तनों और उसके समाधान के लिए हिमालय स्टडी सेंटर के शोध कर्ता धर्मशाला तथा चंबा के भरमौर क्षेत्र में पांच दिन तक फील्ड इंवस्टीगेशन करेंगे। इससे पहले उपायुक्त हेमराज बैरवा ने हिमालय स्टडी सेंटर के शोधकर्ताओं के साथ सरकार द्वारा हिमालय के संरक्षण के लिए उठाए जा रहे कदमों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान दौर में हिमालय तथा गलेशियरों का संरक्षण अत्यंत जरूरी है इस के लिए शोधकर्ताओं के सुझाव तथा रिपोर्ट्स सरकार को योजनाएं तथा कार्यक्रम बनाने में अहम साबित होंगी। इस अवसर पर सहायक प्रोफेसर ज्योति बैरवा ने कहा कि हिमालय के किन्नौर क्षेत्र पर आधारित शोध के बारे में भी विस्तार से चर्चा की। इस अवसर एसीटूडीसी सुभाष गौतम सहित दल में केन्या, श्रीलंका, अरुणाचल प्रदेश तथा लछाख सहित देश के विभिन्न जगहों से शोधकर्ता उपस्थित थे।

### जवाली में विश्व टीबी दिवस पर निकाली रैली

**अनंत ज्ञान, ज्वाली।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग खंड नगरोटा सूरियां के सौजन्य से प्रयास आईटीआई भनेई जवाली के छात्रों ने रैली निकालकर विश्व टीबी उन्मूलन दिवस मनाया। इसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य विजय प्रताप ने की स्वास्थ्य बिभाग की ओर से स्वास्थ्य पर्यवेक्षक सुभाष चंद, रविंद्र कुमार, सुमन कुमारी, सुनीता देवी एस टी एस रुचि चौधरी और नई दिशा केंद्र ज्वाली से काउन्सलर कृष्ण कुमार ने भाग लिया।स्वास्थ्य पर्यवेक्षक सुभाष चंद ने बताया कि टीवी किस प्रकार फैलता है इसके लक्षण क्या-क्या है और इसका बचाव किस प्रकार किया जा सकता है आईटीआई के छात्रों में भाषण प्रतियोगिता करवाई गई।

### रंगोली प्रतियोगिता में हर्ष व देवेंदर अव्वल

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** नूरपुर स्थित आईटीआई में स्वास्थ्य खंड नूरपुर पर की ओर से आज विश्व टीबी दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आईटीआई के छात्र-छात्राओं ने यस वी कैन एंड टीबी विषय के ऊपर रंगोली, डिक्लेमेशन कंटेस्ट और रैली का आयोजन भी किया गया। टीबी पर बनाए रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार हर्ष व देवेंदर ने हासिल किया। दूसरा पुरस्कार शिवानी व तृषा व तृतीय पुरस्कार हिमांशी व रितिका ने हासिल किया। डिक्लेमेशन कॉन्टेस्ट में प्रथम स्थान कार्तिक, द्वितीय स्थान अभिषेक व तृतीय स्थान श्रीकांत ने हासिल किया। इस दौरान स्वास्थ्य खंड नूरपुर की नूरपुर के बीएमओ डॉक्टर दिलबर ने बच्चों को 100 डे कैंपेन के बारे में विस्तृत जानकारी दी।वहीं, सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर रीना गुप्ता ने टीबी के लक्षणों की जानकारी देते हुए बताया कि टीबी की बीमारी खांसने व छींकने से फैलती है और यदि इस बीमारी को छुपाते रहे या समय पर इलाज नहीं लेते हैं तो इससे परिवार और समाज के लोगों के जीवन को मुश्किल में डालते हैं। सभी सरकारी अस्पताल में इसकी जांच निशुल्क की जाती है। दवाई मुफ्त में मिलती है और अगर किसी को दो हफ्ते से पुरानी खांसी है बलगम है तो शीघ्र ही पास के अस्पताल में जाकर मुफ्त में जांच करवाई और जिम्मेदार नागरिक बनें।

### फार्मेसी कॉलेज कूहना में मनाया विश्व क्षय दिवस

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** स्वास्थ्य खंड डाडासीबा के अंतर्गत राजकीय फार्मेसी महाविद्यालय कूहना में विश्व क्षय दिवस मनाया गया। इसमें फार्मेसी कॉलेज के छात्रों और अप्राध्यापको ने भाग लिया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सतीश फोतेदार, चिकित्सा अधिकारी डॉ. शायना व अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सतीश फोतेदार व डॉ. शायना ने सभी उपस्थित सभी छात्रों व अध्यापकों क्षय रोग की जानकारी दी साथ ही निक्षय पोषण और नक्षय मित्र के बारे में भी बताया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सतीश फोतेदार ने क्षय रोग के शीघ्र निदान और दवाई का पूरा कोर्स करने के लिए जागरूक किया।

### तकनीकी एन्हांसमेंट प्रशिक्षण शुरू

**अनंत ज्ञान, ज्वाली।** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जवाली में आज डाइट धर्मशाला के सौजन्य से कैपेसेटी बिल्डिंग कार्यक्रम के तहत पांच दिवसीय तकनीकी एन्हांसमेंट प्रशिक्षण का आगाज हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रभात चंद्र पावा खंड परियोजना अधिकारी एवं प्रधानाचार्य ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षा खंड जवाली के 40 अध्यापक भाग ले रहे हैं।

### मई माह में होगा पहला अंतर जिला महिला अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट

**अनंत ज्ञान धर्मशाला।** प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की ओर मई में पहला अंतर जिला महिला अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट करवाया जाएगा। जल्द ही एचपीसीए की ओर मैचों काा फाइनल शेड्यूल जारी कर दिया जाएगा। दो या तीन मई से पहला अंडर-19 महिला टूर्नामेंट शुरू हो सकता है। इसमें प्रदेश के 12 जिलों की टीमों के तीन पूल बनाए जाएंगे। लीग मैच में बिलासपुर, ऊना और अमतर मैदान में करवाने का प्रयास रहेगा। प्रतियोगिता के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में करवाए जा सकते है। धर्मशाला स्टेडियम में 11 मई को तीसरा और अंतिम आईपीएल मैच खेला जाएगा।

### एयरपोर्ट प्रभावित को जारी होगी 595 करोड़ की राशि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांगड़ा एयरपोर्ट विस्तारीकरण प्रशासन तेजी के साथ कार्य कर रहा है। भूमि अधिग्रहण के बदले प्रभावित लोगों को 595 करोड़ रुपए जारी करने का खाका तैयार कर लिया गया है। अभी तक जिला प्रशासन द्वारा भूमि के बदले लोगों को 350 करोड़ दिए जा चुके हैं। प्रशासन द्वारा प्रभावित को राशि जारी करने के लिए चालान तैयार कर ट्रेजरी को भेजा जा चुका है। सरकार की ओर से भूमि अधिग्रहण के लिए राशि जारी होती है तो बाकी बचे प्रभावितों को 245 करोड़ रुपए की धनराशि आबंटित कर दी जाएगी। जानकारी के अनुसार अभी तक 9 मुहालों की 57.12 हैक्टेयर भूमि का मुआवजा दिया जा चुका है। कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के तहत 14 गांवों की 147.7587 हैक्टेयर भूमि प्रभावित हो रही है। इसमें 25.1064 हैक्टेयर सरकारी भूमि भी शामिल है। भूमि अधिग्रहण के बदले प्रभावित लोगों को राशि वितरित करने के कार्य के पूरे होने ही कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तार का कार्य भी तेजी के साथ शुरू कर दिया जाएगा। हवाई पटटी की लम्बाई बढ़ने के साथ ही यहां बड़े विमानों की सेवाएं शुरु होंगी साथ ही रात्रि विमान सेवा भी देश-विदेश के लोगों को मिल सकेगी।

# मिनी सचिवालय फतेहपुर का 90 फीसदी कार्य पूरा, मई में लोगों को किया जाएगा समर्पित

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

जिला कांगडा की विधानसभा फतेहपुर में फतेहपुर-भटोली मार्ग पर 12 करोड़ 50 लाख की लागत से बनने वाले निर्माणाधीन मिनी सचिवालय का निर्माण कार्य 90 प्रतिशत पूरा हो गया है। मई तक इसे उद्घाटन के बाद जनता को समर्पित कर दिया जा सकता है। जुलाई, 2022 मे भाजपा सरकार ने मिनी सचिवालय की आधारशिला रखी थी और अगस्त 2024 मे इसका कार्य पुरा होना था। मगर 12 करोड़ पचास 50 से बनने बाले इस मिनी सचिवालय का कार्य बजट में प्रावधान न होने के कारण अधर मे लटका हुआ था। इसके कारण अब यह भवन एक साल देरी से बन रहा है। अब बजट का सार पैसा विभाग को मिल गया चुका है, जिसके चलते इसका कार्य युद्ध स्तर पर चला हुआ है।



जिस तरह सचिवालय में सभी विभागों के काम एक ही छत के नीचे होते हैं, उसी तरह मिनी सचिवालय फतेहपुर में भी लोगों को यह सुविधा मिलेगी। मिनी सचिवालय मे एसडीएम, तहसील, डीएसपी के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण विभागों के कार्यालय होंगे। ऐसे में लोगों का डबल फायदा हो जाएगा। इसमें में एसडीएम और डीएसपी कार्यालय के अलावा तहसील, ट्रेजरी विभागों के कार्यालय होंगे। लगभग 63 ग्राम पंचायतों को इसका फायदा होगा। लोगों को अपने काम करवाने के लिए अलग अलग जगहो पर नही भटकना पड़ेगा।

लोक निर्माण विभाग मंडल फतेहपुर के अधिशाषी अभियंता विनय कुमार ने बताया कि मिनी सचिवालय का निर्माण तेजी से हो रहा है। एक ही छत के नीचे सभी कार्यलय होंगे। इससे लोगों को बहुत फायदा होगा। 12 करोड़ पच्चास लाख की लागत से यह भवन बन रहा है, जिसे मई तक जनता को समर्पित कर दिया जाएगा।

**सूरत-ए-हाल** लोगों से किए वादों को पूरा नहीं कर पाए नेता, बीच में छोड़ दिया रास्ते को पक्का करने का काम

# श्री बगलामुखी मंदिर कोटला का रास्ता अभी भी कच्चा

**शिवू ठाकुर, कोटला**

कांग्रेस हो या भाजपा दोनों ही दलों के बड़े नेता माता बगलामुखी की शरण में जीत के लिए सर झुकाते थकते नहीं यही नहीं माता के दरबार में श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए भेड़ खड्ड व देहर खड्ड के किनारे रास्ता निर्माण के लिए बड़ी-बड़ी घोषणाएं सुर्खियां बटोरने के लिए करते हैं, लेकिन धरातल पर प्रोग्रेस जीरो हैं।

गौरतलब है कि स्कूल खेल मैदान के साथ भेड़ खड्ड व देहर खड्ड के किनारे कुछ वर्ष पहले रिटेनिंग बाल लगवाई गई थी लेकिन सब कार्य अधूरा हिचकोले खाता हर यात्री को चिढ़ा रहा है। प्राचीन ऐतिहासिक शक्तिपीठ माता श्री बगलामुखी मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र होने के बावजूद आज तक पक्के रास्ते से वंचित है। समाजसेवियों ने भेड़ खड्ड पर लोहे का पुल डलवाकर श्रद्धालुओं की राह को आसान बनाया है, लेकिन पक्के रास्ते के निर्माण का वादा करने वाले राजनेता उसे पूरा नहीं कर पाए हैं। आज भी रास्ता नहीं बना है। लोहे के पुल के आगे सीढ़ियां हैं।

खड्ड के साथ लगभग 50 - 60 मीटर डंगा लगाकर रास्ता बनाना था, लेकिन आज तक यह रास्ता नहीं बन पाया है। लगभग कुछ साल पहले एक ठेकेदार को रास्ते के



निर्माण का कार्य सौपा गया था, लेकिन ठेकेदार ने अधूरा ही कार्य किया जो कि अब गिर चुका है तथा रास्ता न होने से श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यात्रियों को मजबूरन राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोटला के खेल मैदान से होकर माता बगलामुखी मंदिर जाना पड़ता है, लेकिन जब स्कूल में छुट्टी होती है तो स्कूल का गेट बंद होने से श्रद्धालु मंदिर तक जाने के लिए परेशान होते हैं। हालांकि रास्ते के निर्माण के लिए कई बार मुख्यमंत्री, प्रतिनिधि व प्रशासन से गुहार लगाई जा चुकी है। लोगों ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार, पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर सहित व पूर्व विधायक अर्जुन ठाकुर को भी अवगत करवाया, लेकिन आज तक रास्ता नहीं बन पाया।

वहीं, इस बारे में राजेश कुमार, सहायक अभियंता, लोक निर्माण विभाग कोटला से बात की तो उन्होंने कहा कि इस रास्ते के निर्माण के लिए एस्टीमेट बनाकर भेजा गया है तथा बजट का प्रावधान होते ही रास्ते का निर्माण शुरू करवाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### विद्युत कर्मचारी महासंघ ने उठाई समस्याएं

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू/कोटखाई।** विद्युत तकनीकी कर्मचारी महासंघ की रोहड़ू व जुब्बल-कोटखाई इकाई का एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल संघ के प्रदेश मुख्य लेखाकार इंजीनियर रामचंद्र भारद्वाज की अध्यक्षता में सोमवार को अधीक्षण अभियंता ऑपरेशन सर्कल रोहड़ू इंजीनियर अतुल भाटिया से उनके कार्यालय रोहड़ू में मिला, जिसमें दोनों इकाईयों के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने सर्वप्रथम रोहड़ू सर्कल में अधीक्षण अभियंता का कार्य भार संभालने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही तकनीकी कर्मचारियों को आ रही समस्याओं व मांगों के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की। जिस पर अधीक्षण अभियंता ने प्राथमिकता के आधार पर कर्मचारियों की मांगों का शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया, जिसके लिए दोनों इकाईयों के पदाधिकारियों ने उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रोहड़ू इकाई के प्रधान कृष्ण चंद भावटा, सचिव सूर्यकांत शर्मा, जिला शिमला के मुख्य सलाहकार सुरेंद्र कुल्ला, विपन कुमार डोगरा, रामलाल, जुब्बल कोटखाई इकाई के प्रधान रोशन शर्मा व सचिव अंकित कुमार मौजूद रहे।

### पनोग पंचायत की डिल्वी सड़क की हुई पासिंग

**अनंत ज्ञान, कोटखाई ।** कोटखाई क्षेत्र की ग्राम पंचायत पनोग की डिल्वी सड़क सम्पर्क मार्ग की सफलतापूर्वक पासिंग होने पर पंचायत वासियो ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का आभार व्यक्त किया हैं। लाभार्थियों ने संयुक्त ब्यान जारी करते हुए कहा कि शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर के अथक प्रयासों से डिल्वी सड़क सम्पर्क मार्ग की सफ़ल पासिंग सम्भव हो पाई हैं। गौरतलब हैं कि उप चुनाव के बाद जुब्बल-नावर-कोटखाई में अब तक रिकॉर्ड 112 सड़कें तथा कांग्रेस सरकार के गठन के बाद 92 सड़कों की सफल पासिंग हो चुकी हैं।

### गृह रक्षा विभाग के जवानों ने किए जल स्रोत साफ

**महेंद्र कुमार, सुन्नी ।** आदेशक गृह रक्षा एवम उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा तृतीय वाहिनी शिमला के आदेशानुसार वाहिनी प्रशिक्षण केंद्र सुन्नी व 3/5 कम्पनी सुन्नी के पदाधिकारियों व जवानों द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस दौरान जवानों ने ग्राम पंचायत रेवग के गांव कांगरी के जंगल में बने प्राकृतिक जल स्रोतों व दो चेकडैम की साफ सफाई व मुरम्मत की । सफाई अभियान के तहत आमजन को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित किया गया और प्राकृतिक जल स्त्रोतों को साफ रखने का भी आह्वान किया ।(अनंत ज्ञान)

### पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत लगाया शिविर

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** पशु पालन विभाग के प्रशिक्षण केंद्र, घनाहटी में सोमवार को राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य पशुओं में होने वाली संक्रामक बीमारियों जैसे खुरपका-मुंहपका रोग और ब्रुसेलोसिस के नियंत्रण हेतु टीकाकरण और जागरूकता पर जोर देना था। शिविर में 50 पशु पालकों एवं जन प्रतिनिधियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और विशेषज्ञों से पशु स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की। शिविर का संचालन पशु पालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. नीरज मोहन के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर सहायक निदेशक डॉ. अमित अत्री, सहायक निदेशक डॉ. हितेंद्र ग्रेक, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. मधुर गुप्ता, डॉ. हीना बहल, डॉ. अक्षय धवन, डॉ. ऐश्वर्या और डॉ. ऋषभ मेहता जैसे विशेषज्ञ मौजूद रहे। इन सभी ने पशुओं में होने वाली प्रमुख बीमारियों के लक्षण, संक्रमण के तरीके, उपचार और रोकथाम के उपायों के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. ऐश्वर्या और डॉ अक्षय धवन ने खुरपका-मुंहपका और डॉ ऋषभ मेहता ने ब्रुसेलोसिस रोगों पर विशेष ध्यान देते हुए इनके लक्षणों, प्रसार के माध्यमों और रोकथाम के तरीकों पर प्रकाश डाला। डॉ. अमित अत्री ने पशु पालकों द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी शंकाओं का समाधान किया। वहीं, डॉ. हीना बहल ने पशुओं के रख-रखाव और देखभाल के महत्व पर जोर दिया। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. मधुर गुप्ता ने पशु पोषण के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि संतुलित आहार से पशुओं की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, जिससे संक्रामक रोगों का खतरा कम होता है। उन्होंने यह भी सलाह दी कि कच्चे दूध को हमेशा उबालकर प्रयोग करना चाहिए, क्योंकि इसमें जूनोटिक बीमारियों का खतरा रहता है।

### भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत उपायुक्त ने दी जानकारी

# बिना अनुमति खाद्य पदार्थ बेचे तो खैर नहीं

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे खाद्य वस्तुओं एवं पेय पदार्थ बेचने वालों पर सख्ती करने करने का निर्णय लिया गया है। घटिया गुणवत्ता से परिपूर्ण खाद्य सामग्री बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उसके लिए जिला प्रशासन ने सैंपल संख्या बढ़ाने का फैसला लिया है। सोमवार को उपायुक्त अनुपम कश्यप की अध्यक्षता हुई भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक में इस आशय की जानकारी देते हुए बताया गया है कि लोगों की सेहत से खिलवाड़ करने पर कानून सम्मत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

खाद्य वस्तुएं एवं पेय पदार्थों को बेचने वालों पर निगरानी बढ़ाई जाएगी। ऐसे उत्पाद कतई नहीं बेचे जाने चाहिए, जिनसे लोगों की सेहत से खिलवाड़ हो रहा हो। सैंपल की संख्या में बढ़ौतरी की जाए। इसके साथ ही बिना अनुमति के खाद्य एवं पेय पदार्थ बेचने की अनुमति नहीं है, जो बिना अनुमति के कार्य करेगा उसके खिलाफ कानूनी करवाई की जाएगी । (अनंत ज्ञान)

### सड़क किनारे खाद्य वस्तुएं एवं पेय पदार्थ बेचने वालों पर होगी सख्ती



### होटल, रिसॉर्ट्स में बड़े समारोह आदि से भी लिए जाएंगे खाने के सैंपल

**अनुपम** कश्यप ने कहा कि होटल रिजोर्ट में होने वाली शादी या अन्य बड़े समारोह के दौरान खाने के सैंपल लिए जाएंगे, ताकि खाने की गुणवत्ता पर निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि फूड प्वाईजनिंग के मामले ऐसे बड़े आयोजन में होने की संभावना रहती है। उन्होंने कहा कि शिमला शहर के साथ सटे छोटे बाजारों में भी चेंकिग करने के लिए फील्ड स्टाफ जाएगा। स्कूलों के आसपास स्थित दुकानों में प्राथमिकता के आधार पर चैकिंग की जाएगी।

### खाद्य वस्तुओं की गड़बड़ी के मामले प्रशासन के ध्यान में लाए लोग

**उपायुक्त** ने आम जनता से अपील की है कि खाद्य वस्तुओं में जरा भी खामी पाए जाने पर प्रशासन के ध्यान में लाएं। उन्होंने कहा कि आम लोग जागरूक बनें और पूरी सजकता के साथ खाद्य वस्तुओं और पेय पदार्थ का सेवन करें। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ज्योति राणा, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा धर्मेंद्र चौहान, डाईटिशियन अंजना शर्मा, न्यूट्रिशनल काउंसलर नीलमा शर्मा सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### दूध, मिठाइयां आदि की होगी जांच

**उपायुक्त** ने कहा कि दूध, पनीर, मिठाइयों, फल-सब्जियों की चेकिंग निरंतर फील्ड स्टाफ करे। इसके साथ ही रिपोर्ट तुरंत संबधित विभाग को प्रेषित करें। भारतीय खाद्य सुरक्षा एंव मानक अधिनियम 2006 के तहत कारवाई की जाएगी, ताकि दूध या फिर मिठाई आदि की गुणवत्ता से कोई खिलवाड़ न करें। क्योंकि खराब गुणवत्ता के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रभाव पड़ता है।

## 70 करोड़ से पूर्ण होगा सुन्नी-लुहरी सड़क का कार्य : विक्रमादित्य सिंह



सड़क के भूमि पूजन को लेकर पहुंचे विक्रमादित्य सिंह का स्वागत करते हुए लोग।

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सोमवार को शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत चेबडी के गांव लोटी में सलापड़-तत्तापानी-सुन्नी-लुहरी सड़क के सुधार एवं उन्नयन कार्य का भूमि पूजन किया।

सड़क का उन्नयन कार्य लगभग 70 करोड़ रुपए से पूर्ण किया जाएगा। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि सुन्नी लुहरी सड़क क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण सड़क है, जो प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से क्षेत्र के शकरोडी, चेबड़ी, भराड़ा, ओगली एवं बाग पंचायत को जोड़ती है। सड़क का उन्नयन कार्य पूर्ण होने से क्षेत्र की जनता को इसका लाभ प्राप्त होगा।

**सड़क का उन्नयन कार्य पूर्ण होने से जनता को मिलेगा लाभ**

### प्रभावितों को रोजगार में दे प्राथमिकता

**लोक** निर्माण मंत्री ने निर्माणाधीन सुन्नी बाँध जल विद्युत परियोजना का भी निरीक्षण किया। खैरा में सतलुज जल विद्युत निगम के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में मंत्री ने कहा, कि बांध प्रभावित परिवारों को रोजगार में प्राथमिकता प्रदान करें, ताकि क्षेत्र के लोगों को उसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि बांध परियोजना से संबंधित जो भी मसले सरकार के स्तर के होंगे, उन सभी मुद्दों को सरकार के समक्ष रखा जाएगा। ताकि, उनका समाधान निकाल कर परियोजना को समयबद्ध पूर्ण किया जा सके।

## राज्यपाल ने नि:शुल्क 'एक्यूपंक्चर चिकित्सा' शिविर का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, शिमला**



राज्यपाल एवं हिमाचल प्रदेश राज्य रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष शिव प्रताप शुक्ल ने सोमवार को राज्य रेडक्रॉस भवन में दो दिवसीय नि:शुल्क 'एक्यूपंक्चर चिकित्सा' शिविर का शुभारंभ किया।

शिविर का आयोजन हिमाचल प्रदेश राज्य रेडक्रॉस शाखा द्वारा अखिल भारतीय एक्यूपंक्चर फाउंडेशन के सहयोग से किया जा रहा है। इस अवसर पर राज्य रेडक्रॉस अस्पताल कल्याण अनुभाग की अध्यक्ष जानकी शुक्ला भी उपस्थित थी। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि राज्य रेडक्रॉस सोसायटी लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

इस शिविर में प्रसिद्ध एक्यूपंक्चर विशेषज्ञ डॉ. सुनील कुमार सेवाएं प्रदान करेंगे।

### कपिल राजटा गैंग का चिट्टा तस्कर गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, जुब्बल।** पुलिस थाना जुब्बल में 13 मार्च को 252 ग्राम चिट्टा पकड़े जाने का मामला एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज हुआ है। पुलिस के अनुसार इस केस की गहन जांच पड़ताल के बाद जांच में सामने आया कि चिट्टा तस्कर कपिल राजटा रोहडू, चिड़गांव व जुब्बल क्षेत्र में ड्रग्स का व्यापार स्थानीय तस्करों के सहयोग से करता आया है।

23 मार्च को पुलिस ने चिड़गांव क्षेत्र से ड्रग्स का धंधा करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान चिड़गांव के 42 वर्षीय कुलवंत के तौर पर हुई है। वह आरोपी राजटा गैंग का सदस्य रहा है और उसके तार राजटा गैंग से जुड़े हुए है।

## सुक्खू सरकार मस्त, प्रदेश की कानून व्यवस्था त्रस्त : नैंसी अटल

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश अभाविप इकाई की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने बयान जारी करते हुए कहा है कि हिमाचल प्रदेश जो कि किसी समय शांति व अमन का प्रतीक माना जाता था, उस देवभूमि कहे जाने वाले हिमाचल प्रदेश में पिछले 81 दिनों में प्रदेश में 21 मर्डर हो चुके हैं।

प्रदेश में बिगड़ रही कानून व्यवस्था पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रदेश मंत्री ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह एक बड़ा खतरा है, जो प्रदेश की कानून व्यवस्था को कमजोर बना रहा है।

प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने कहा कि हाल ही में हिमाचल प्रदेश में खालिस्तानी समर्थकों की गतिविधियों में वृद्धि देखी गई है, जिससे राज्य की सुरक्षा और शांति पर प्रभाव पड़ा है। पड़ोसी राज्यों से आकर कुछ लोग राज्य का माहौल खराब कर रहे हैं। हिमाचल परिवहन की बसों को पंजाब में जबरन रोककर भिंडरावाले के पोस्टर भी लगाए गए।

बीते कुछ दिनों से पर्यटन के नाम पर पंजाब से आए युवकों द्वारा हिमाचल प्रदेश में अराजकता फैलाई जा रही है। मंडी में पंजाब से आए पर्यटकों ने एक दुकानदार पर गोली चला दी। युवक खालिस्तान के झंडे बाइक पर लगा रहे हैं।

### शिक्षा मंत्री ने किया कला प्रदर्शनी का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के विजुअल आर्ट्स विभाग द्वारा आयोजित कलाप्रदर्शनी क उद्घाटन जीएटी थियेटर में किया गया। इस प्रदर्शनी के संयोजक डॉ. संग्राम सिंह हैं। उद्घाटन समारोह के मुख्यातिथि हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर थे जिन्होंने इस आयोजन की सराहना की और कला के महत्व पर अपने विचार साझा किए।

रोहित ने कहा कि कला हमारी संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति आचार्य राजिन्द्र वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## पिल्लर से गिरने के कारण मजदूर की दर्दनाक मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर में एक निर्माणाधीन साइट पर हुए दर्दनाक हादसे में एक मजदूर की जान चली गई। पिल्लर से गिरने के कारण घायल हुए युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह घटना AG Infra कंपनी के निर्माण स्थल पर घटित हुई, जहां 24 वर्षीय रागीव अपने साथियों के साथ पिल्लर नंबर 25 पर शटरिंग खोलने का कार्य कर रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रागीव अपने चचेरे भाई मोसिन मलिक, मोमिन और साकिब के साथ काम कर रहा था। सभी मजदूर सुरक्षा उपकरण (सेफ्टी बेल्ट) के साथ शटरिंग खोलने में लगे थे। जब रागीव पिल्लर के नट-बोल्ट खोल रहा था, तभी अचानक शटरिंग की प्लेट नीचे गिर गई। इस दौरान सैफ्टी हुक टूट गया, जिससे वह नीचे लटक गया और ऊपर से गिरती प्लेट उसके सिर पर आकर लगी। सिर पर गंभीर चोट लगने के बाद वह पिल्लर से नीचे गिर गया। हादसे के तुरंत बाद मोसिन मलिक, मोमिन और साकिब ने उसे गंभीर हालत में बिलासपुर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्रारंभिक जांच की। मृतक के भाई मोसिन मलिक ने पुलिस को बताया कि रागीव पिछले एक साल से AG Infra कंपनी में मजदूरी कर रहा था। परिजनों ने इस हादसे को लेकर कोई संदेह व्यक्त नहीं किया। पुलिस ने फॉर्म 25.35 व 25.39 भरते हुए पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराई, जिसके बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बिलासपुर जिले की 29 पंचायतें टीबी मुक्त

### रजत और कांस्य पदक से होंगी सम्मानित, सीएमओ डॉ. शशि दत्त ने दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



डॉ. शशि दत्त शर्मा
सीएमओ, बिलासपुर

बिलासपुर जिला में स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाए गए 100 दिवसीय अभियान के तहत टीबी उन्मूलन की दिशा में बड़ी सफलता मिली है। जिले की 174 पंचायतों में से 29 पंचायतें पूरी तरह से टीबी मुक्त हो गई हैं। इन पंचायतों में पिछले एक साल से टीबी का कोई भी नया मामला सामने नहीं आया है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि दत्त शर्मा ने बताया कि टीबी मुक्त पंचायत घोषित करने के लिए छह महत्वपूर्ण नियम निर्धारित किए गए थे। प्राथमिक तौर पर 35 पंचायतों को चिन्हित किया गया था, जिनमें से 29 पंचायतें इन नियमों को पूरा करने में सफल रहीं। इन पंचायतों को उनके प्रयासों के लिए सम्मानित किया जाएगा। आपको बता दें कि स्वास्थ्य विभाग ने 7 दिसंबर से 23 मार्च तक टीबी मुक्त समाज के लक्ष्य को लेकर 100 दिवसीय अभियान चलाया था।

इस अभियान के तहत 42,452 लोगों की जांच एवं बातचीत करने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन विभाग ने 51,152 लोगों को कवर करने में सफलता प्राप्त की। वर्तमान में 829 लोग टीबी से ग्रसित हैं, जिनमें से 247 मरीजों की पहचान इस अभियान के तहत हुई है। टीबी मुक्त भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए 'निक्षय मित्र योजना' के तहत जिले में अब तक 182 लोगों ने पंजीकरण करवाया है। इनमें से 112 लोग टीबी मरीजों को पोषण किट वितरित करने के लिए सहमत हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग का प्रयास है कि इस अभियान में और अधिक 'निक्षय मित्रों' को जोड़ा जाए। स्वास्थ्य मंत्रालय ने क्षय रोगियों के इलाज में एक और राहत दी है।

अब टीबी मरीजों को लंबे समय तक इंजेक्शन लेने की जरूरत नहीं होगी। इलाज की अवधि भी 18 माह से घटाकर सिर्फ छह माह कर दी गई है। मरीज को अब दिन में केवल चार दवाएं दी जाएंगी, जिससे उपचार आसान और कम कष्टदायक होगा। जिला बिलासपुर में टीबी उन्मूलन की दिशा में यह उपलब्धि बेहद सराहनीय है। स्वास्थ्य विभाग और पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग से यह लक्ष्य हासिल किया गया है। उम्मीद है कि निकट भविष्य में जिला पूरी तरह टीबी मुक्त बनने की दिशा में और तेजी से आगे बढ़ेगा। टीबी मुक्त अभियान में सफलता प्राप्त करने वाली पंचायतों को उनके योगदान के लिए पुरस्कार दिए जाएंगे।

### रजत पदक प्राप्त करने वाली पंचायतें

**रजत** पदक के लिए चयनित पंचायतों में गतवाड़, लंजता, मरहाणा, मैरी काथला, सलाऊं उपरली, कोठीपुरा, बैहल, रोड़ जामुन, तरसूह, टोबा संगवाणा और लैहड़ी शामलि हैं।

### कांस्य पदक हासिल करने वाली पंचायतें

**डावला,** गंडालवी, हंबोट, कसारू, कोट, कुठेड़ा, संडियार, बलगाड़, गालियां, जांगला, झबोला, नग्यार, विजयपुर, द्रौवड़, कचोली, सुई सुरहाड़, कोट खास, माकड़ी को कांस्य पदक मिलेगा।

### स्वास्थ्य मंत्री ने जाना पीएसओ संजीव का हाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल ने पिछले कल देर शाम नलवाड़ी मेले के समापन समारोह के बाद एम्स बिलासपुर पहुंचकर पूर्व विधायक बंबर ठाकुर पर हुए हमले में घायल पुलिस सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) संजीव कुमार से मुलाकात की। उन्होंने संजीव कुमार का हालचाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। डॉ. शांडिल ने अस्पताल प्रशासन और चिकित्सकों से उनके उपचार की विस्तृत जानकारी ली और निर्देश दिए कि संजीव कुमार को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए हरसंभव सहायता प्रदान करेगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि उनके इलाज में कोई कमी न रहे। उन्होंने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए हरसंभव कदम उठाए जाएंगे।

### स्वाति शर्मा बनीं मिस बिलासपुर रनरअप

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय की स्वाति ने बिलासपुर जिले के नलवाड़ी मेले में आयोजित मिस बिलासपुर 2025 प्रतियोगिता में प्रथम रनरअप का खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में स्वाति को पन्द्रह हज़ार रुपए, ताज तथा स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। स्वाति वर्तमान में घुमारवीं महाविद्यालय में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं और कन्या छात्रावास में रहती है। तहसील घुमारवीं के कोट गांव की निवासी स्वाति ने आठवीं कक्षा तक की शिक्षा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोट, नवमीं और दसवीं की शिक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय कोठीपुरा से और जमा दो शाहिद सूबेदार संजीव कुमार गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल हटवाड़ से पूरी की। प्रतियोगिता के टैलेंट राउंड में, स्वाति ने %तुम खूबसूरत हो' कविता प्रस्तुत कर जजों तथा दर्शकों का दिल जीत लिया। उन्होंने बताया कि ग्रूमिंग सेशन्स के दौरान शालू ठाकुर और नीतिका से मार्गदर्शन और सीखने का अवसर उनके लिए बहुत प्रेरणादायक रहा। स्वाति शर्मा ने बताय कि हमें अपनी परम्परागत संस्कृति को सहेजने और इसे अगली पीढ़ी तक पहुँचाने के लिए और अधिक प्रयास करने होंगे। उनकी इस उपलब्धि पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ.राकेश राणा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि ये महाविद्यालय के लिए गर्व की बात है उन्होंने स्वाति के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी समितियों के संयोजक के डॉ.सुरेश शर्मा ने कहा कि इस तरह की गतिविधियां हमारी बेटियों में आत्मविश्वास तथा आत्म-सम्मान की भावना पैदा करती हैं। इस मौके पर छात्रवास अधीक्षक डॉ.रीता कुमारी, प्रो. पूनम ने भी स्वाति को इस उपलब्धि पर बधाई और शुभकामनाएं दी और भविष्य में भी इसी तरह सफलता हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया।



### एनएसएस स्वयंसेवी अमन का किया स्वागत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की एनएसएस इकाई ने सिक्किम के गैंगटोक में आयोजित नार्थ ईस्ट युवा उत्सव से लौटने पर वालंटियर का स्वागत किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ पीएस कटवाल ने इस अवसर पर अमन को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी और कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार के अवसर उनको देश दुनिया से जोड़ते हैं जब विभिन्न संस्कृतियों के बीच हम अपनी संस्कृति को जोड़ते हैं तो दूसरों को देखने का हमारा दृष्टिकोण बदल जाता है और सभी के प्रति सम्मान की भावना बढ़ती है।वालंटियर अमन ने महाविद्यालय प्राचार्य का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्होंने इस युवा उत्सव में समायोजन, नेतृत्व क्षमता, विभिन्न संस्कृतियों के प्रति सम्मान की भावना और व्यक्तित्व विकास के महत्त्वपूर्ण पहलुओं को समझा। जानकारी देते हुए एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि सिक्किम खेल कल्याण विभाग ने भारतीय खेल कल्याण विभाग के साथ मिलकर 17 मार्च 2025 से लेकर 20 मार्च 2025 तक युवा उत्सव मनाया गया। इसमें भारत के हर राज्य से उत्कृष्ट एनएसएस वालंटियर्स और प्रोग्राम ऑफिसर चुने हुए वालंटियर्स को इस प्रोग्राम में शामिल होने के लिए सिक्किम और भारत सरकार की तरफ से सुविधाएं प्रदान की गईं 7 पंजाब हिमाचल और चंडीगढ़ के अलग अलग कॉलेज और यूनिवर्सिटी से 10 वॉलंटियर्स को चुना गया।

## स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाना जरूरी : बबिता धीमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

स्वच्छ भारत मिशन के तहत विकास खंड सदर की 49 ग्राम पंचायतों के लिए खंड स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन ग्राम विकास खंड सदर, बिलासपुर में किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी बबिता धीमान ने की। कार्यशाला में 49 ग्राम पंचायतों के प्रधानों, उपप्रधानों, पंचायत सचिवों, तकनीकी सहायकों ने भाग लिया। विकास खंड अधिकारी ने ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसे जीवन का हिस्सा बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों के ग्रामीण क्षेत्रों से प्लास्टिक कचरे का प्रभावी प्रबंधन के लिए पंचायत नौनी में एक प्लास्टिक मैनेजमेंट यूनिट स्थापित की गई है। इस यूनिट में तीन बिलिंग मशीनें, डस्ट रिमूवर और कंप्रेसर मशीनें लगाई गई हैं, जिनकी मदद से सभी ग्राम पंचायतों के ग्रामीण क्षेत्रों से खुले में फैले सिंगल यूज प्लास्टिक कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निपटान किया जाएगा।

## गोलीकांड मामले में 3 और संदिग्ध पुलिस हिरासत में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में बीते 14 मार्च को हुए सनसनीखेज गोलीकांड में पुलिस की जांच तेजी पकड़ रही है। इस मामले में पुलिस ने हाल ही में तीन और संदिग्धों को हिरासत में लिया है। हालांकि, पुलिस अधिकारी अभी इस विषय पर आधिकारिक बयान देने से बच रहे हैं, लेकिन सूत्रों की मानें तो गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सौरभ पटियाल उर्फ फांदी, शिशु और एक अन्य व्यक्ति शामिल हैं।

यह खौफनाक वारदात 14 मार्च की दोपहर को उस समय घटी, जब पूर्व विधायक बंबर ठाकुर अपनी पत्नी के सरकारी आवास में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रहे थे। अचानक कुछ अज्ञात लोग वहां पहुंचे और उन पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस हमले में ठाकुर और उनके निजी सुरक्षा अधिकारी (पीएसओ) गंभीर रूप से घायल हो गए। गोलीकांड के तुरंत बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू की और सुराग जुटाने में लगी रही। प्रारंभिक जांच में इस हमले को आपसी रंजिश और राजनीतिक दुश्मनी से जोड़कर देखा जा रहा था, लेकिन अब नए तथ्यों के सामने आने के बाद मामला और भी पेचीदा हो गया है।

सूत्रों की मानें तो पुलिस इस हमले को फरवरी 2024 में जबली में हुए रेलवे प्रोजेक्ट विवाद से जोड़कर देख रही है। उस समय रेलवे प्रोजेक्ट को लेकर मारपीट की घटना सामने आई थी, जिसमें अब हिरासत में लिए गए आरोपियों के नाम भी आए थे। उस विवाद में भी बंबर ठाकुर का नाम उछला था और उस दौरान कई लोगों पर केस दर्ज किया गया था। इस गोलीकांड में पुलिस पहले ही एक शूटर सहित कई आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। अब तीन और संदिग्धों की गिरफ्तारी से मामले की गुत्थी और उलझ गई है। जांच एजेंसियां हर एंगल से इस केस की पड़ताल कर रही हैं, ताकि इस हमले के पीछे के असली मकसद का पता चल सके।

**प्रशंसा** संस्कार सोसायटी घुमारवीं के नशे के विरुद्ध चलाए अभियान की हुई जमकर सराहना

## राज्यपाल ने महेंद्र धर्माणी को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



श्यामला एजुकेशन एंड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा नशे की बुराई पर अंकुश के लिए खेल संस्कृति को बढ़ावा देने की रणनीति विषय पर आयोजित संगोष्ठी के अवसर पर संस्कार सोसायटी घुमारवीं द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान की जमकर सराहना की गई। समिति के संस्थापक महेंद्र धर्माणी को कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यातिथि राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल द्वारा सम्मानित किया गया। राज्यपाल ने अपने संबोधन में संस्कार सोसायटी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि नशामुक्त समाज की स्थापना के लिए इस तरह के अभियान अत्यंत आवश्यक हैं।

महेंद्र धर्माणी ने सोमवार को प्रेस को जारी कि अपने बयान में इसे उनकी टीम के समर्पण का परिणाम बताया। उन्होंने समिति के सभी सदस्यों और इस अभियान में योगदान देने वाले प्रत्येक व्यक्ति के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उनके अकेले का नहीं, बल्कि उन सभी लोगों का है जो समाज को नशे की गिरफ्त से मुक्त कराने के इस आंदोलन में सहभागी बने हैं। महेंद्र धर्माणी ने अपने संबोधन में कि वर्तमान समय में नशे, विशेषकर चिट्टे का प्रचलन युवाओं के भविष्य को अंधकारमय बना रहा है। इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने बताया कि संस्कार सोसायटी लंबे समय से नशे के खिलाफ जनजागरूकता अभियान चला रही है। इसमें पंचायत प्रतिनिधियों से संवाद कर लोगों को जागरूक किया जाता है। वहीं, शिक्षण संस्थानों में छात्रों से संवाद किया गया और पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके अलावा, चिट्टे के कानूनी और मनोवैज्ञानिक पहलुओं को आम जनता तक पहुंचाने के लिए कार्यशालाएं आयोजित की गईं।

## न्यूज ब्रीफ

### खुले में कचरा फेंकने पर पीसीबी का नोटिस

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पर्यावरण को प्रदूषित करने के मामले में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (पीसीबी) ने बाथरी पंचायत प्रधान को नोटिस जारी किया है। बोर्ड ने पंचायत से 15 दिनों के भीतर जवाब मांगा है। अगर जवाब नहीं मिलता है तो पंचायत को कार्रवाई के लिए चेताया है। हाल ही में पीसीबी को सूचना मिली थी कि बाथरी पंचायत में खुले में कूड़े-कचरे के ढेर लगे हुए हैं, जिससे पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। पीसीबी ने अपनी जांच रिपोर्ट के आधार पर पंचायत को नोटिस जारी कर दिया है।

### पंकज शर्मा बने ओल्ड स्टूडेंट यूनियन के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** राजकीय महाविद्यालय चौपाल में पूर्व छात्र संघ का गठन किये जाने के उदेश्य से वर्ष 2017 से 2024 तक अध्यनरत रहे विद्यार्थियों की आम सभा आयोजित हुई। पूर्व छात्र महाविद्यालय से जुड़े रहे और सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों तथा शिक्षा और करियर में सहयोग प्रदान कर महाविद्यालय को सुदृढ बनाने का कार्य करेगे। इस आम सभा में सभी पूर्व छात्रों ने अपने अनुभव साँझा किये। आम सभा में लोकतांत्रिक विधि को अपनाते उए विभिन्न पदाधिकारियों का चयन किया गया और पूर्व छात्र संघ का गठन किया गया जिसमें पंकज शर्मा को अध्यक्ष, प्रीतिका को उपाध्यक्ष, पूजा पाबटा को सचिव, रितु को सयुंक्त सचिव, गौतम सिंघटा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा हर्ष, कनिका हिमटा, मधु, गोवेश सिंघटा, स्मृति नेगी तथा रोहित को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया। कॉलेज के प्राचार्य रविंदर चौहान ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी।

### चौपाल में 66 ग्राम चरस सहित एक काबू

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** चौपाल पुलिस ने एक आरोपी को 66 ग्राम चरस के साथ दबोचने में कामयाबी हासिल की है । जानकारी के अनुसार हेड कांस्टेबल दिनेश कुमार अपनी टीम के साथ क्यारी नाला, सरैन की तरफ गश्त पर थे । इस दौरान शिलान निवासी प्रेम सिंह से 66.960 ग्राम चरस बरामद की । पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चौपाल थाना में एनडीपीएस की धारा 20 के तहत मामला दर्ज कर आगामी तफ्तीश शुरू कर दी है । डीएसपी चौपाल सुशांत शर्मा ने मामले की पुष्टि की है ।

### धबास में 12 बोतल अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** चौपाल पुलिस ने एक व्यक्ति को 12 बोतल अवैध देशी शराब बरामद की। जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी चौपाल अंबीलाल पुलिस टीम के साथ धबास-खगना की गश्त पर थे । इस दौरान धबास के समीप दिलाराम नामक व्यक्ति से संतरा नम्बर 1 ब्रांड की 12 बोतल अवैध देसी शराब बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चौपाल थाना में मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। डीएसपी चौपाल सुशांत शर्मा ने मामले की पुष्टि की है ।

### कुपवी में घर से टीडी के स्लीपर चोरी

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** उपमंडल कुपवी के तहत ग्राम बिजाडी निवासी चंद्रकला ने पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज की है कि रविवार रात उसके पुराने घर से टीडी से प्राप्त किए स्लीपर चोरी हो गए। शिकायतकर्ता ने कहा कि स्लीपर कोई व्यक्ति गाड़ी में लोड कर ले गया है। डीएसपी चौपाल सुशांत शर्मा ने मामले की पुष्टि की है और कहा कि मामले में जांच की जा रही है ।

### 5.85 ग्राम चरस सहित एक व्यक्ति गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** एसआईयू सरकाघाट की टीम ने गश्त और नाके के दौरान भोलूघाट, नजदीक रटोली में एक कार से 5.85 ग्राम चरस बरामद की। पुलिस टीम ने कुल्लू से होशियारपुर की ओर जा रही पंजाब नंबर की एक कार को जांच के लिए रोका। तलाशी के दौरान कार से चरस मिली, जिसके बाद आरोपी को तुरंत हिरासत में ले लिया गया। पूछताछ में आरोपी की पहचान बलबिंद्र सिंह पुत्र दिलवाई सिंह, निवासी होशियारपुर, पंजाब के रूप में हुई। वह कुल्लू से चरस लाकर पंजाब ले जा रहा था। डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी से पूछताछ जा रही है कि वह नशे की तस्करी से जुड़ा है या नहीं। पुलिस टीम यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आरोपी को चरस कहां से मिली और वह इसे आगे कहां सप्लाई करने वाला था। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस मुहिम की सराहना की है।

विश्व क्षय रोग दिवस पर उपायुक्त चंबा की अध्यक्षता में सम्मान समारोह आयोजित, मुकेश बोले-

# नशे की रोकथाम में सबका सहयोग जरूरी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

विश्व क्षय रोग दिवस के उपलक्ष में बचत भवन चंबा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में टीबी उन्मूलन अभियान को सफल बनाने में अहम योगदान देने वाली ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों, स्वयं सेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों व प्रतिनिधियों तथा बड़ी संख्या में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों तथा आशा कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

उपायुक्त ने कहा कि जिला चंबा में स्वास्थ्य विभाग पंचायत प्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा स्वास्थ्य कर्मियों तथा आशा कार्यकर्ताओं के सहयोग से क्षय रोग उन्मूलन की दिशा में बेहतर कार्य कर रहा है जिसके परिणाम स्वरूप जिला जिला चंबा में 7 दिसंबर 2024 से 17 मार्च 2025 तक चलाए गए 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के दौरान प्रत्येक चिकित्सा खंड में टीबी रोग से संबंधित संवेदनशील आबादी की गहन जांच की गई तथा इस बारे में लोगों को जागरूक भी किया।



**क्षय रोग उन्मूलन की दिशा में कर रहा बेहतर कार्य**

**टीबी मुक्त अभियान में लोग किए जागरूक**

### नशा ग्रामीण क्षेत्रों में भी पसार रहा पांव

**उपायुक्त** मुकेश रेपसवाल ने पंचायत प्रतिनिधियों व स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्रों में नशा मुक्त समाज की परिकल्पना को साकार करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वारे भी अपील की। उन्होंने कहा कि नशे का बढ़ता प्रचलन शहरों के साथ-साथ अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी अपने पांव पसार रहा है, जिसकी रोकथाम के लिए सरकार व प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा आम नागरिकों को भी अपना योगदान देना होगा।

### 2025 के अंत तक जिले को बनाएं टीबी रोग मुक्त

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विपन ठाकुर ने मुख्यातिथि सहित कार्यक्रम में उपस्थित सभी पंचायत प्रतिनिधियों, स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, स्वास्थ्य कर्मियों तथा मीडिया कर्मियों का स्वागत किया तथा आयोजन के उद्देश्य के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। सही समय पर जांच व इलाज के द्वारा टीबी रोग का उपचार संभव है उन्होंने मीडिया सहित उपस्थित सभी लोगों से अपील की कि वे अपने स्तर पर भी टीबी रोग बारे ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करें ताकि सरकार के दिशा निर्देशानुसार वर्ष 2025 के अंत तक जिला चंबा को भी पूर्णतया टीबी रोग मुक्त बनाया जा सके।

### पंचायतों के प्रतिनिधियों को किया सम्मानित

**मुख्य** चिकित्सा अधिकारी ने जानकारी दी की जिला में चलाए गए 100 दिवसीय टीवी मुक्त भारत अभियान के दौरान जिला के सभी 7 चिकित्सा खंडों में 79800 की आबादी को टीबी रोग की दृष्टि से संवेदनशील जनसंख्या के रूप में चिन्हित किया गया था तथा इस दौरान चिन्हित जनसंख्या की शत प्रतिशत जांच की गई। उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान 5756 व्यक्तियों के बलगम की जांच की गई, 13712 व्यक्तियों की पोर्टेबल हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन द्वारा एक्स-रे जांच की गई तथा इस अभियान के दौरान टीबी रोग से संबंधित 42 नए मामले पाए गए। डॉ. विपन ठाकुर ने बताया कि 108 टीबी रोगियों को गोद लिया गया। निक्षय मित्र योजना के तहत योग मानव विकास ट्रस्ट बनीखेत द्वारा सबसे अधिक 50 टीबी रोगी गोद लिए गए। समारोह में ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया इनमें से चार ग्राम पंचायतों को लगातार दूसरी बार तथा 24 ग्राम पंचायत को पहली बार टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के रूप में सम्मानित किया गया।

# शिक्षक युद्धवीर टंडन को मिला उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान



**अनंत ज्ञान, चंबा**

शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और उत्कृष्टता को बढ़ावा देते हुए मौड़ा स्कूल के वार्षिक कैलेंडर का भव्य विमोचन जिला चंबा के तीनों शिक्षा उपनिदेशकों प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक बलवीर सिंह, उच्च शिक्षा उपनिदेशक भाग सिंह, और गुणवत्ता नियंत्रण उपनिदेशक कमलेश ठाकुर द्वारा किया गया। इस विशेष अवसर पर सिंगापुर अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक भ्रमण की रिपोर्ट भी उपनिदेशकों को भेंट की गई, जिसमें शिक्षण की बेहतरीन वैश्विक प्रथाओं पर प्रकाश डाला गया है।

वहीं शिक्षक युद्धवीर टंडन को जिला स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान जिला अतिरिक्त दंडाधिकारी अमित मेहरा द्वारा प्रदान किया गया। शिक्षक युद्धवीर टंडन ने हाल ही में सिंगापुर के अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक भ्रमण से लौटने के बाद अपने अनुभवों पर आधारित एक व्यापक रिपोर्ट तैयार की।

**मौड़ा स्कूल का वार्षिक कैलेंडर विमोचित**

वहीं मौड़ा स्कूल के वार्षिक कैलेंडर में बीते वर्ष की प्रमुख गतिविधियों की झलक के साथ-साथ आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों का भी समावेश किया गया है।

इस कार्यक्रम में जिला मीडिया समन्वयक डॉ. कविता बिजलवान और नवाचारी शिक्षक आशीष बहल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिक्षक युद्धवीर टंडन न केवल प्रदेश और देश के सबसे कम उम्र के राज्य एवं राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार विजेता हैं, बल्कि वे शिक्षा क्षेत्र में निरंतर नवाचार के लिए जाने जाते हैं।

# अध्यापिका संगीता जिला स्तरीय बेस्ट टीचर पुरस्कार से सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चुवाड़ी**

शिक्षा विभाग द्वारा हर वर्ष कुछ ऐसे शिक्षकों को सम्मानित किया जाता है, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य किए हैं। इस बार का यह कार्यक्रम शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सरू में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एडीएम चंबा अमित मेहरा ने की, जिसमें जिले से शिक्षक मौजूद रहे।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला होबार में कार्यरत विज्ञान अध्यापिका संगीता को जिला स्तरीय बेस्ट टीचर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। संगीता विज्ञान अध्यापिका का केवल शिक्षण कार्य में ही नहीं बल्कि पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी अहम भूमिका निभा रही हैं।उन्होंने विद्यालय में कचरा प्रबंधन, पौधरोपण, तथा जैव विविधता संरक्षण पर बेहतरीन कार्य किया है।

अध्यापिका और उनकी अध्यापक टीम बच्चों की नामांकन वृद्धि के लिए प्रयास करते हैं और विद्यालय प्रबंधन समिति के साथ नामांकन वृद्धि के लिए हमेशा प्रयासरत रहते हैं। इको क्लब प्रभारी के रूप में विद्यालय का इको क्लब जिला भर में द्वितीय स्थान पर रहा। ईको क्लब प्रभारी के रूप में विप्रो अर्थियन प्रोग्राम वर्ष 2023 -24 में राज्य स्तर पर प्रथम आने के लिए रीजनल अवार्ड से सम्मानित किया गया ।

### कलाकारों के ऑडिशन 27 से

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** एक से पांच अप्रैल तक मनाए जाने वाले राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिंद्रनगर की चार सांस्कृतिक संध्याओं में प्रस्तुति देने के लिए कलाकारों के ऑडिशन 27, 28 व 29 मार्च को निर्धारित किए गए हैं।

यह ऑडिशन मिनी सचिवालय परिसर के सभागार में प्रातः 10 बजे से सायं 3 बजे तक लिए जाएंगे। मेला समिति अध्यक्ष एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने बताया 27 मार्च को जोगिंद्रनगर व पधर उपमंडल, 28 मार्च को मंडी तथा कांगड़ा के बैजनाथ व पालमपुर उपमंडल तथा 29 मार्च को अन्य जिलों के कलाकार ऑडिशन में भाग ले सकते हैं।

# वन अधिकारी व्यक्तिगत मामलों में समय पर स्वीकृति करें प्रदान : डीसी

**अनंत ज्ञान, चंबा**

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने की बैठक की अध्यक्षता, जिला मुख्यालय चंबा में वन अधिकार अधिनियम-2006 से संबंधित जिला स्तरीय कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिला चंबा के विभिन्न क्षेत्रों में वन अधिकार अधिनियम से संबंधित व्यक्तिगत तथा सामुदायिक मामलों को लागू करने बारे विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं बारे विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उपायुक्त ने सभी उपमंडल अधिकारियों (ना) व वन मंडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वन अधिकार अधिनियम के तहत व्यक्तिगत तथा सामूहिक मामलों को नियम के अंतर्गत निर्धारित प्रक्रिया द्वारा न्यूनतम समय अवधि में स्वीकृति प्रदान करें तथा ऐसे मामलों को स्वीकृति प्रदान करने संबंधी प्रक्रिया के दौरान सदैव सकारात्मक व सहयोगात्मक रवैया अपनाएं।

इस अवसर जिला परिषद की अध्यक्ष डॉ. नीलम, चांजू वार्ड से जिला परिषद सदस्य अंजू देवी, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा, जिला राजस्व अधिकारी विक्रमजीत सिंह, जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश ठाकुर, डीएफओ डलहौजी रजनीश महाजन, डीएफओ चुराह सुशील कुमार, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग दिनेश कुमार, अधिशासी अभियंता जल शक्ति विभाग गौरव ठाकुर, आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुशील कुमार, रेंज ऑफिसर लोअर चंबा सुनील कुमार, सहित कई अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# सुंदरनगर में माता कामाक्षा काओ देंगी दर्शन

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

सुकेत रियासत की अराध्य देवी माता कामाक्षा काओ 14 वर्षों के बाद अपने भक्तों को सुंदरनगर शहर में दर्शन देंगी। वर्षों से माता कामाक्षा के दरबार में पहुंचकर उन्हें सुंदरनगर बुलाने वाली मां कामाक्षा मेला कमेटी के सदस्यों को अपना आर्शीवाद देते हुए इस वर्ष अपनी स्नेहरूपी हामी भरी है। माता के इस आर्शीवाद से गदगद कमेटी के सदस्यों ने उनके स्वागत की जोरदार तैयारियां शुरू कर दी है।

कमेटी के प्रधान उमेश कुमार गौतम ने बताया कि यह बड़े हर्ष और गर्व का विषय है कि मां कामाक्षा सुकेत के भक्तों का 14 वर्ष उपरांत आर्शीवाद देने के लिए सुंदरनगर शहर पहुंचेंगी। करसोग के काओ क्षेत्र से करीब 105 किलोमीटर से अधिक की दूरी पर स्थित मंदिर से माता का रथ 27 मार्च को निकलेगा। पैदल चलने के बाद रथ हटगढ़ क्षेत्र के कोट में भक्तों को दर्शन देते हुए 29 मार्च को कामाख्या पैलेस धनोटू में रात्रि ठहराव करेंगी। यहां से 30 मार्च सुंदरनगर के लिए प्रस्थान करने के बाद 31 मार्च और पहली अप्रैल को नय मनाली बस स्टैंड सुंदरनगर के समीप रोपा में मनाली स्वीट के घर में ठहराव करने के बाद दो अप्रैल को सुकेत देवता मेले में शिरकत करेंगी।



### माता कामाक्षा के साथ आएंगे नागदेव पुंड्रिक

**माता** कामाख्या के रथ के साथ अपने देवरथ पर सवार होकर देवनाग पुंड्रिक भी सुंदरनगर पहुंचेंगे। माता कामाख्या के रथ को यहां तक लाने के लिए 32 लोगों की टीम तैयार की गई है। जो बार-बार से रथ को उठाकर 105 किलोमीटर से अधिक का सफर तय कर यहां पहुंचेंगे। इसके लिए कमेटी द्वारा करीब 2.25 लाख रुपये का खर्च वहन किया जाएगा। जबकि उनके साथ आने वाले बंजतरियों का खर्च अलग से होगा।

### विद्यार्थियों ने डीसी चंबा को सौंपा ज्ञापन

**चंबा।** भलेई कॉलेज के विद्यार्थियों का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्सम से मांग की गई कि सरकार भलेई कॉलेज को बंद करने की अधिसूचना वापस ले। उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू से मांग की है कि वह इस कॉलेज को बंद न करें। क्योंकि,यह कॉलेज दूर दराज से आने वाले विद्यार्थियों के लिए बहुत ही फायदेमंद है जिसमें अधिकतर छात्राएं ही शिक्षा ग्रहण कर रही हैं।

एसएफआई के जिला सचिव रवि कुमार ने बताया कि सरकार ने भलेई कॉलेज को बंद करने की अधिसूचना जारी की है, उसे जल वापस लिया जाए। उन्होंने चेताया कि अगर यह मांग उनकी पूरी नहीं की गई तो वह आने वाले समय सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करेंगे।

# शहीदों की याद में 30 लोगों ने किया रक्तदान

**आरके सहगल, चुराह**

शहीदों की शहादत को नमन करते हुए ईटीई शैक्षणिक संस्थान, तीसा ने एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें 30 यूनिट से अधिक रक्तदान किया गया।

इस आयोजन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी रहे संयोजक सीडी राणा, जिन्होंने इस शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समाजसेवा और शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले सीडी राणा ने यह सुनिश्चित किया कि अधिक से अधिक लोग रक्तदान कर इस पुण्य कार्य में भागीदार बनें। इस तरह के आयोजन समाज को मजबूत बनाने और जरूरतमंदों को जीवनदान देने में भूमिका निभाते हैं। (अनंत ज्ञान)



### महिलाओं ने रक्तदान कर निभाई जिम्मेदारी

**सीडी** राणा के नेतृत्व में चुराह क्षेत्र के समाजसेवी विपिन राजपूत, संदीप ठाकुर, भूरी राणा, भूमि वर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सीडी राणा के मार्गदर्शन में इस शिविर में महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। कलाकारों ने अभियान में भाग लिया और रक्तदान कर समाजसेवा की मिसाल पेश की।

### मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी ने भी दिया योगदान

**इस** रक्तदान शिविर का आयोजन सीडी राणा, अमन राठौर और राकेश राणा के नेतृत्व में किया गया। मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी ने भी इस कार्यक्रम में विशेष योगदान दिया, जिससे यह आयोजन और भी सफल रहा। शिविर का संचालन सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक किया गया।

### रक्तदान के प्रति बढ़ाई जागरूकता

**सीडी** राणा ने बताया कि उनका लक्ष्य 60 यूनिट रक्तदान करवाने का था, लेकिन ब्लड बैंक चंबा के निर्देशानुसार एक ही ब्लड ग्रुप के अधिक डोनर होने के कारण यह संख्या 30 यूनिट तक सीमित रह गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगली बार रक्तदान शिविर आयोजित करने से पहले ब्लड बैंक चंबा से समन्वय स्थापित किया जाएगा। जिससे विभिन्न ब्लड ग्रुप के डोनर्स की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके और अधिक से अधिक जरूरतमंदों को मदद मिल सके। सीडी राणा ने न केवल शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए इस रक्तदान शिविर का आयोजन किया, बल्कि समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई।

### सूडोकू नवताल- 7380 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकू नवताल -7379 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

अनंत ज्ञान

### आज का पंचांग

25 मार्च, 2025, मंगलवार

**विक्रमी संवत** : 2081, **शक संवत** :1946 (क्रोधी), **मास** : चैत्र, **तिथि** एकादशी (03:48)। **नक्षत्र** श्रवण (03:50), **पक्ष**: कृष्ण, **योग** : शिव (02:52) **शुभ मुहूर्त** : अभिजित (12:03-12:52), **राहुकाल** (03:31-05:03)।

**विशेष दिन**

» 25 मार्च : साहू समुदाय मनाएगा मां कर्माबाई की जयंती।

» 26 मार्च 2025 : पंचक कल से होंगे प्रारंभ।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

**वृषभ:** कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

**मिथुन:** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। परिवारजनों के सहयोग से काम बनाना आसान रहेगा।

**कर्क:** परिवारजन का सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान करेगा। आर्थिक लाभ हेतु किए गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा।

**सिंह:** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा।

**कन्या:** शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**तुला:** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्यवसायिक स्थितियां पैदा होंगी।

**वृश्चिक:** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**धनु:** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। अपने कार्य के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे।

**मकर:** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

**कुंभ:** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा।

**मीन:** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

# पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता का सुंदरनगर में हुआ आगाज

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के तत्वावधान में सोमवार को ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ सुंदरनगर के बीबीएमबी कॉलोनी स्थित खेल मैदान में हो गया है। कार्यक्रम में पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। बता दें कि इस प्रतियोगिता में देश के चार जोन की 16 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता में कई अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भी शामिल रहेंगे।



सोहनलाल ठाकुर ने कहा कि इस हैंडबॉल प्रतियोगिता में चार जोन से कुल 16 टीमों द्वारा भाग लेने से बड़ा आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा इस प्रतियोगिता से हिमाचल प्रदेश में हैंडबॉल खिलाड़ियों को एक अवसर प्राप्त होगा। इस दौरान लोगों को राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों का हैंडबॉल खेल में शानदार प्रदर्शन देखने को मिलेगा।

प्रतियोगिता लीग कम नॉकआउट आधार पर खेली जाएगी। चार पूल में विभाजित चार-चार टीमों में से दो सर्वश्रेष्ठ टीमें प्रत्येक पूल से क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। क्वार्टर फाइनल के बाद के मुकाबले नॉकआउट रहेंगे। प्रतियोगिता में कुल 31 मैच खेले जाएंगे।

इस प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला भारतीय संयुक्त विश्वविद्यालय के सत्र 2024-25 की पुरुष वर्ग की विजेता टीमों का निर्धारण होगा। प्रतियोगिता का समापन समारोह 27 मार्च को बीबीएमबी खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा।(अनंत ज्ञान)

### चंद्रशेखर मंदिर की छत का मरम्मत कार्य शुरू

**चंबा।** ऐतिहासिक चंद्रशेखर मंदिर की छत अब बारिश के दिनों में नहीं टपकेगी। सोमवार को मंदिर की मरम्मत का कार्य चंद्रशेखर मंदिर कमेटी साहो के पदाधिकारियों की ओर से विधिवत रूप से पूजा-अर्चना के साथ आरंभ किया गया। उपायुक्त चंबा से मिली अनुमति के बाद ही ये कार्य आरंभ किया गया।

चंद्रशेखर मंदिर कमेटी साहो के प्रधान अदीप चौणा सुनील महाजन, यशपाल, जय प्रकाश शर्मा ने बताया कि ऐतिहासिक चंद्रशेखर मंदिर की छत बारिश के दौरान अक्सर टपकती रहती थी। जिस कारण मंदिर में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को दिक्कतें उठानी पड़ती थीं। उपायुक्त चंबा से कमेटी के पदाधिकारी मिले और मरम्मत कार्य करवाने के लिए अनुमति मांगी गई थी।

**शहीदी दिवस** युवा पीढ़ी शहीदों के आदर्शों से ले प्रेरणा : ललित कुमार

# युवा पीढ़ी को राष्ट्र निर्माण में देना चाहिए योगदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सरदार पटेल विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा शहीदी दिवस के अवसर पर अमर शहीदों को नमन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य ललित कुमार अवस्थी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति आचार्य अनुपमा सिंह ने की। वशिष्ट अतिथि के रूप में मंडी निवासी 102 वर्षीय वयोवृद्ध स्वतंत्रता सेनानी ओम चंद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और स्वतंत्रता संग्राम के वीर बलिदानियों को श्रद्धासुमन अर्पित करने से हुई। मुख्यातिथि आचार्य ललित कुमार अवस्थी ने स्वतंत्रता सेनानी ओम चंद को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।



इस उपलक्ष्य पर मुख्यातिथि आचार्य ललित कुमार अवस्थी ने अपने संबोधन में कहा कि शहीदी दिवस हमें उन वीरों के बलिदान की याद दिलाता है जिन्होंने अपना सर्वस्व न्योछावर कर देश की स्वतंत्रता की रक्षा की। हमें उनके सपनों के भारत के निर्माण के लिए समर्पित होकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के नायकों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की युवा पीढ़ी को शहीदों के आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए और समाज व राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए।

कार्यक्रम अध्यक्ष आचार्य अनुपमा सिंह ने शहीदों के संघर्ष और इतिहास में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि क्रांतिकारी सरदार भगत सिंह, सुखदेव और शिवराम राजगुरु भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी थे। कार्यक्रम में जतिन कुमार ने भगत सिंह, कोमल ने सुखदेव व दीपक दीपांशु ने राजगुरु के जीवन पर प्रकाश डाला।

अनंत Classifieds

**बेदखली सूचना**

**मैं, दिले राम** पुत्र झंगन राम गांव व डाकघर जाहू खुर्द तहसील जाहू जिला हमीरपुर हिमाचल प्रदेश घोषणा करता हूं। कि मेरा बेटा मनोज कुमार मेरे कहने सुनने से बाहर है अत: मे उसे अपनी चल -अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं । भविष्य में उसके साथ लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। सभी संबंधित नोट करें

**जब** तक आप खुद पर विश्वास नहीं करते तब तक आप भागवान पर विश्वास नहीं कर सकते। –स्वामी विवेकानंद

## संपादकीय

### शहीदों की उपेक्षा

शहीदी दिवस पर शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धांजलि देने के लिए सरकारी स्तर पर कार्यक्रमों की कमी और उनकी उपेक्षा करना एक गंभीर प्रश्न बन गया है। हमारे देश की स्वतंत्रता संग्राम की कहानी उन महान व्यक्तियों के बलिदान से सजी हुई है, जिन्होंने अपनी जान की बाजी लगाकर हमें अंग्रेजों की गुलामी से मुक्ति दिलाई। भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव जैसे अनगिनत वीर सपूतों का नाम स्वर्णाक्षरों में लिखा गया है। इन शहीदों ने न केवल अंग्रेजों के खिलाफ आवाज उठाई, बल्कि उन्होंने अपनी शहादत से एक ऐसा संदेश दिया जिसे आज भी हम याद करते हैं, लेकिन शहीदी दिवस जैसे अहम दिन पर इन वीरों को भूल जाना किसी भी सूरत में सही प्रतीत नहीं होता है। ऐसी क्या वजह है कि जिन शहीदों की बदौलत हमें आजादी मिली, उन्हें और उनके बलिदान को सरकार और समाज उतनी तवज्जो नहीं दे रहा? यह सवाल समाज के हर नागरिक के मन में उठना स्वाभाविक है। दरअसल, राजनीति में आजकल इतना अधिक स्वार्थ और सत्ता की ललक बढ़ गई है कि कई बार नेताओं को उन महापुरुषों की याद तब आती है जब उनके शहीदी दिवस पर बयानबाजी या वोट बैंक की राजनीति करनी हो। शहीदों के नाम पर सिर्फ राजनीतिक लाभ हासिल करने की प्रवृत्ति बेहद शर्मनाक है।

यह कड़वी सच्चाई है कि जिन शहीदों ने देश के लिए अपनी जान दी, उनके योगदान को याद करने के बजाय कई बार सिर्फ चुनावी माहौल में ही उनका नाम लिया जाता है। यह अत्यंत दुखद है कि शहीदी दिवस पर उन्हें सही तरीके से सम्मानित करने के लिए कोई व्यापक कदम नहीं उठाए जाते। आजकल की युवा पीढ़ी में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रति जागरूकता की कमी बढ़ती जा रही है। इतिहास के प्रति अज्ञानता और अदूरदर्शिता ने शहीदों के योगदान को कम करके आंका है। आज के बच्चे और युवा मुख्य रूप से अपनी शिक्षा, करियर और व्यक्तिगत जीवन में उलझे रहते हैं, जिससे उन्हें देश की स्वतंत्रता के लिए हुए संघर्ष और शहीदों के बलिदान के बारे में जानने का वक्त ही नहीं मिलता। यही कारण है कि शहीदी दिवस पर सरकार की ओर से आयोजित कार्यक्रमों में बहुत कम भागीदारी होती है और शहीदों को उनकी सही जगह नहीं मिल पाती। हमारे शिक्षा तंत्र में स्वतंत्रता संग्राम और महान शहीदों के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं दी जाती। यदि हम स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास को सही तरीके से अपनी पाठ्यपुस्तकों और पाठ्यक्रमों में शामिल करें, तो आने वाली पीढ़ियां इन शहीदों के बलिदान को समझेंगी और उनके योगदान को कभी नहीं भूलेंगी। दुर्भाग्यवश, हमारे शिक्षा तंत्र में आज भी ऐसे कई महत्वपूर्ण पहलुओं को नजरअंदाज किया जाता है, जो शहीदों के योगदान और उनकी महानता को समझने में मदद कर सकते हैं।

समाज में एक प्रकार का बदलता हुआ सांस्कृतिक दृष्टिकोण भी शहीदों की उपेक्षा का कारण बन रहा है। आजकल के युवा मनोरंजन, फैशन, सोशल मीडिया आदि में अधिक रुचि रखते हैं और ऐतिहासिक घटनाओं तथा शहीदों के बलिदान को लेकर उनकी उत्सुकता कम हो गई है। समाज की नींव अगर स्वतंत्रता संग्राम जैसे महान संघर्ष पर आधारित नहीं होगी तो वह समाज कभी भी सशक्त नहीं बन सकता। इसलिए हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि शहीदों की याद को सजीव रखने के लिए संस्कृति, साहित्य और शिक्षा में सुधार किया जाए। हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्य में जहां जनसंख्या कम है और क्षेत्रीयता का प्रभाव अधिक है, शहीदी दिवस पर सरकार की ओर से आयोजित कार्यक्रमों की कमी और शहीदों की उपेक्षा अधिक महसूस की गई।

हिमाचल प्रदेश ने भी स्वतंत्रता संग्राम में अपना योगदान दिया था, लेकिन आज यहां शहीदी दिवस पर बड़े स्तर पर कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं होते। यह वास्तव में चिंता का विषय है, क्योंकि हिमाचल प्रदेश में भी कई ऐसे वीर शहीद हुए थे जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया और अपनी जान की आहुति दी। यह हम सभी का कर्तव्य है कि हम शहीदों के बलिदान को याद रखें और उनकी महानता को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाएं। सरकार को चाहिए कि वह शहीदी दिवस के महत्व को समझे और हर साल इस दिन को याद करने के लिए बड़े पैमाने पर कार्यक्रम आयोजित करे। साथ ही, इन शहीदों के जीवन और संघर्ष पर आधारित फिल्में, किताबें और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियां शुरू करें, ताकि युवा पीढ़ी इनके बारे में अधिक जान सके। अगर हम अपने शहीदों को याद करने में लापरवाही बरतते हैं, तो हम न केवल उनके बलिदान का अपमान करते हैं, बल्कि अपनी स्वतंत्रता की कीमत को भी भूल जाते हैं। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जो कुछ भी आज हमें हासिल है, वह इन शहीदों के बलिदान की वजह से ही संभव हुआ है। उनका योगदान कभी भी बिसराया नहीं जा सकता। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारतीय फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री

**नंदा** भारतीय फिल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री थीं। उन्होंने हिंदी और मराठी फिल्मों में विशेष रूप से कार्य किया। 60 और 70 के दशक की इस अदाकारा ने अपने फिल्मी सफर की शुरुआत एक बाल कलाकार के रूप में की थी। बाद में वे सफल नायिका बनीं और फिर चरित्र अभिनेत्री। नंदा का जन्म महाराष्ट्र के कोल्हापुर में हुआ था। इनके पिता का नाम विनायक दामोदर था, जो मराठी फिल्मों के एक सफल अभिनेता और निर्देशक थे। विनायक दामोदर 'मास्टर विनायक' के नाम से अधिक प्रसिद्ध थे। नंदा अपने घर में सात भाई-बहनों में सबसे छोटी थीं। उनकी बाल्यावस्था में ही पिता का देहांत हो गया था। जब वे मात्र छह साल की थीं, तभी उनके पिता ने उन्हें अपनी मराठी फिल्म में काम करने को कहा था। पहले तो नंदा ने इनकार कर दिया, लेकिन बाद में मां के समझाने पर वे राजी हो गईं। अभिनेत्री नंदा ने अपने समय के मशहूर अभिनेता शशि कपूर के साथ कई यादगार फिल्मों में काम किया है। फिल्मों में लगातार असफल होने के बावजूद नंदा का विश्वास शशि कपूर में बना रहा। आखिर में सूरज प्रकाश निर्देशित फिल्म 'जब-जब फूल खिले' वर्ष 1965 में प्रदर्शित हुई। इस फिल्म का एक गीत था- 'एक था गुल और एक थी बुलबुल' के द्वारा कही गई रोमांटिक कहानी ने सिल्वर गोल्डन जुबली मनाई। शशि कपूर और नंदा की सफल जोड़ी बाद में भी कई फिल्मों में दोहराई गई। ■



नंदा
जन्म : 8 जनवरी, 1938
मृत्यु : 25 मार्च, 2014

## कविता

### भावना मन भीतर की



शिव राज सान्याल, जवाली, कांगड़ा (हि.प्र.)

*सागर से मथ कर आती तिरंगे,*
*दुर्गति से वेग बढ़ाती, छूने छोर सागर का,*
*कुछ निशानियां छोड़ जाता है।*
*नीले गगन से बवंडर,*
*इठलाता धरा पर बिखर जाने के बाद,*
*खौफनाक मंजर छोड़ जाता है।*
*चट्टानों से टकराता नीर तटिनी का,*
*ध्वंस कर आगे बढ़ जाने को तबाही मचा जाता है,*
*वैसे ही प्रस्फुटित होती करुण भावना मन भीतर की,*
*पाषाण हृदय को भी पिघला कर मोम सा कर देती है।*
*सागर गगन तटिनी ही तो मन की अवस्थाएं हैं,*
*जो प्राण अर्पण करती नव जीवन को।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# डम्मी एडमिशनः अभिभावक सोचें, नुकसान किसका ?



राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का मूल उद्देश्य बच्चों के समग्र विकास पर जोर देना है। यह नीति केवल अकादमिक शिक्षा तक सीमित न रहकर, बच्चों के बौद्धिक, सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक और शारीरिक विकास को भी प्राथमिकता देती है। इसका लक्ष्य ऐसी शिक्षा प्रणाली तैयार करना है जो ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक कौशल, नवाचार, रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा दे।, जिसमें उनकी शैक्षणिक, सह-पाठ्यक्रम और व्यावसायिक शिक्षा को संतुलित रूप से बढ़ावा देना शामिल है। सरकार, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर, ऐसी नीतियों को लागू करने का प्रयास कर रही है, जो छात्रों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करें। स्कूलों में बहु-विषयक शिक्षा, कौशल-आधारित शिक्षण और प्रतियोगी मूल्यांकन पद्धतियां अपनाई जा रही हैं, ताकि छात्रों को भविष्य के लिए बेहतर रूप से तैयार किया जा सके, लेकिन इन सकारात्मक प्रयासों के बीच एक गंभीर समस्या उभर रही है—डम्मी एडमिशन। हाल ही में कई स्कूलों और कोचिंग संस्थानों पर छापे मारे गए, जिनमें यह पाया गया कि कई छात्र नियमित स्कूल नहीं जाते, बल्कि केवल कोचिंग सेंटरों पर निर्भर हैं।



लेखक : अशोक सिंह गुलेरिया
नगरोटा सूरियां

यह प्रथा न केवल शिक्षा की गुणवत्ता को नुकसान पहुंचा रही है, बल्कि छात्रों के मानसिक और सामाजिक विकास पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल रही है। डम्मी एडमिशन का मतलब है कि छात्र स्कूल में नामांकित तो होते हैं, लेकिन वे नियमित कक्षाओं में शामिल नहीं होते। इसके बजाय, वे पूरा समय निजी कोचिंग संस्थानों में बिताते हैं, जहां केवल प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाती है। कई कोचिंग संस्थान स्कूलों से मिलकर ऐसे कार्यक्रम चलाते हैं, जहां छात्रों को नियमित पढ़ाई से अलग कर केवल परीक्षा-आधारित शिक्षा दी जाती है। माता-पिता, जो अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर चिंतित होते हैं, इस झांसे में आ जाते हैं और सोचते हैं कि यह तरीका उन्हें सफलता की ओर ले जाएगा।

कोचिंग संस्थानों के प्रभाव, सामाजिक दबाव और स्कूल शिक्षा के प्रति गलतफहमी के कारण यह प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। हालांकि डम्मी एडमिशन पहली नजर में फायदेमंद लग सकता है, लेकिन इसके गंभीर दुष्परिणाम हैं। स्कूल न जाने से छात्रों का समग्र विकास बाधित होता है—वे सामाजिक कौशल, भावनात्मक समझ, संचार क्षमता और आत्मविश्वास खोने लगते हैं। इसके अलावा, केवल परीक्षा केंद्रित अध्ययन करने से उनकी आलोचनात्मक सोच और रचनात्मकता पर असर पड़ता है। कोचिंग संस्थानों के अत्यधिक दबाव के कारण कई छात्रों में तनाव, चिंता और मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रही हैं। कई बार ये छात्र परीक्षा में तो अच्छे अंक ले आते हैं, लेकिन आगे चलकर वे पेशेवर जीवन में तालमेल बैठाने में असमर्थ रहते हैं। आज के प्रतिस्पर्धी माहौल में छात्र बेहद दबाव, अलगाव और सामाजिक जीवन के अभाव का सामना कर रहे हैं। अत्यधिक अध्ययन, करियर की चिंता और असफलता का भय उन्हें मानसिक रूप से कमजोर बना रहा है। माता-पिता की ऊंची अपेक्षाएं, लगातार तुलना और संवाद की कमी उनकी भावनात्मक स्थिति को प्रभावित करती है। जब यह तनाव असहनीय हो जाता है, तो कुछ छात्र नकारात्मक विचारों के जाल में फंसकर गलत रास्तों की ओर बढ़ जाते हैं। अकेलापन, अवसाद और मानसिक अस्थिरता कभी-कभी उन्हें ऐसे निर्णय लेने पर मजबूर कर देती है, जिससे उनका भविष्य अंधकारमय हो सकता है। कुछ नशे या अन्य हानिकारक प्रवृत्तियों की ओर मुड़ जाते हैं, जबकि कुछ घर की चारदीवारी में ही घुटते रहते हैं। ऐसे में परिवार, शिक्षकों और समाज की जिम्मेदारी बनती है कि वे छात्रों को भावनात्मक समर्थन दें और उन्हें यह अहसास कराएं कि किसी परीक्षा या करियर से बढ़कर जीवन की कीमत है। सरकार ने इस समस्या की गंभीरता को समझते हुए डम्मी एडमिशन पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं।

स्कूलों में नियमित उपस्थिति को अनिवार्य किया जा रहा है, ताकि वे इस तरह की अनैतिक प्रथाओं में शामिल न हों। कई राज्यों में कोचिंग संस्थानों के पंजीकरण को अनिवार्य कर दिया गया है और उन्हें स्कूलों के समानांतर शिक्षा प्रणाली चलाने से रोका जा रहा है। इसके अलावा, माता-पिता को जागरूक करने के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं, जिनमें यह बताया जा रहा है कि डम्मी एडमिशन से उनके बच्चे को क्या नुकसान हो सकता है। स्कूलों को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है कि वे व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास कार्यक्रमों को अपनाएं, जिससे छात्रों को उनके रुचि के अनुसार सीखने का अवसर मिले। इस बढ़ती समस्या को रोकने का एकमात्र उपाय है। माता-पिता की जागरूकता और सरकार द्वारा कड़े कदम। माता-पिता को यह समझना होगा कि शिक्षा केवल परीक्षा पास करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह एक बच्चे के व्यक्तित्व, आत्मनिर्भरता और भविष्य निर्माण का आधार है।

स्कूलों को भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे छात्रों को एक समृद्ध शिक्षण अनुभव दें और उनकी रुचि के अनुसार अवसर प्रदान करें। सरकार को चाहिए कि वह डम्मी एडमिशन पर सख्ती से रोक लगाए और ऐसे कोचिंग संस्थानों पर कार्रवाई करे, जो छात्रों के शैक्षणिक भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। यदि इस समस्या पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया, तो इससे हमारी शिक्षा प्रणाली और युवा पीढ़ी का संतुलन बिगड़ सकता है। छात्रों का भविष्य कोचिंग सेंटरों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उन्हें एक ऐसा विद्यालयी अनुभव मिलना चाहिए जो उनके संपूर्ण विकास को बढ़ावा दे। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और राज्य सरकारें भी अब डम्मी एडमिशन पर रोक लगाने के लिए कड़े कदम उठा रही हैं। हालिया छापों के बाद, हिमाचल सरकार ने शिक्षा विभाग के माध्यम से सभी स्कूलों को निर्देश दिए हैं कि वे डम्मी एडमिशन की प्रथा को समाप्त करें। इसके साथ ही, अभिभावकों को भी सतर्क किया गया है कि वे ऐसे स्कूलों का चयन करें, जो नियमित शिक्षा को संतुलित रूप से जोड़कर छात्रों की प्रतियोगी आवश्यकताओं को पूरा करें। माता-पिता को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे अपने बच्चों के लिए ऐसे स्कूल का चुनाव करें, जहां शिक्षा केवल परीक्षा तक सीमित न रहकर उनके समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त करे। सही शैक्षणिक वातावरण बच्चों को न केवल अकादमिक रूप से बल्कि मानसिक और व्यवहारिक रूप से भी मजबूत बनाता है। ऐसे स्कूल, जो नैतिकता और गुणवत्ता-आधारित शिक्षा पर जोर देते हैं, छात्रों को परीक्षा-केंद्रित पढ़ाई से आगे बढ़ाकर एक उज्ज्वल और आत्मनिर्भर भविष्य के लिए तैयार करते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# हिमाचल हित को प्राथमिकता दें जनप्रतिनिधि

प्रदेश में हर पांच साल उपरांत एक बार कांग्रेस और एक बार भाजपा सत्ता में रहती है। यह जनादेश हिमाचलियों का होता है। इस जना देश को दोनों दल स्वीकारते भी हैं, परंतु आपस में गतिरोध बनाए रखते हैं। केंद्र में भाजपा और प्रदेश में कांग्रेस सत्ता में है। प्रदेश के लिए 68 प्रतिनिधि व केंद्र के लिए (4+3) बराबर 7 प्रतिनिधि जनता ने चुने हैं, जनता चाहती है कि उसके क्षेत्र का विकास हो, परंतु विकास की गति सत्ता पक्ष ने तय करनी है।

विपक्ष विरोध करते हुए अपने क्षेत्र के विकास करवाने में असफल रहता है। अच्छा होगा, यदि चुने हुए समस्त प्रतिनिधि मिल बैठकर प्रदेश हित में कार्य करके दिखाएं। प्रदेश में भाजपा विपक्ष में है, परंतु केंद्र में भाजपा की सरकार है। हिमाचल की समस्याओं को भाजपा केंद्र में उठाएं और वहां से विशेष मदद मांगे। यदि मदद आए तो प्रदेश कांग्रेस सरकार को उसका स्वागत करना चाहिए। केंद्र व प्रदेश एक ही है। यह भावना प्रत्येक नेता में होनी चाहिए। हमारे जल का प्रयोग बिजली उत्पादन में हो रहा है।



लेखक : योगिंद्र पाल वालिया
डडौर, बल्ह (मंडी)

उस बिजली पर अन्य राज्यों का हक है यदि इस पर कर लग जाए तो प्रदेश की आय बढ़ेगी, जो विकास कार्यों में खर्च होगी। प्रदेश सरकार पानी कर चाहती है तो उसमें भाजपा नेताओं को भी आवाज उठानी चाहिए। बीबीएमबी से हिमाचल सरकार का जो पैसा आना है, उसके लिए भाजपा नेता केंद्र पर दबाव डालें और पैसा प्राप्त हो जाए, तो कांग्रेस सरकार उसका स्वागत करें। यह पैसा 68 विधानसभा व 4 लोकसभा क्षेत्र में प्रयोग हो, यह भी सुनिश्चित रहना चाहिए। यहां के जल पर हिमाचल का हक बनता है।



इस हक का लाभ हिमाचलियों को मिलना चाहिए। देखने में आया है, जैसे सेंट्रल यूनिवर्सिटी, रेलवे प्रोजेक्ट निर्माण आदि अन्य प्रोजेक्ट में प्रदेश सरकार अपना हिस्सा नहीं दे पा रही है। बेहतर होगा, यदि सत्तापक्ष अपने हिस्से की छूट मांग देने का प्रस्ताव पास करें, विपक्ष इसमें शामिल होकर सहयोग दे और दोनों दलों के नेता मिलकर केंद्र से आग्रह करें, कि प्रदेश के हिस्से को केंद्र सरकार ही खर्च करें। हिमाचलियों का इतना तो हक बनता है कि केंद्र सरकार द्वारा पारित व संचालित प्रोजेक्ट में हिमाचल के हिस्से का पैसा न ले। सातों सांसद भाजपा से संबंधित हैं। सांसद स्वयं में हिमाचल की मिनी सरकार है।

हमारे सांसद मिलकर यह मांग केंद्र के समक्ष रखकर और विशेष राहत प्राप्त कर सकते है। सत्ता पक्ष के नेता व सरकार विपक्ष के नेताओं को भी उतना ही सम्मान दे, जितना वह अपने नेताओं को देते हैं। हमें याद रखना चाहिए कि सभी प्रतिनिधि जनता द्वारा ही चुने गए हैं।

लोकतंत्र की व्यवस्था को महत्व देना चाहिए। आरोपों की राजनीति से जो अवरोध पैदा होता है उससे बचना चाहिए। आपसी दोषारोपण से हिमाचलियों को क्या मिलेगा? हिमाचल के विकास में क्या योगदान होगा? केंद्र से क्या मिल रहा है व प्रदेश क्या दे रहा है? हिमाचल वासी जानते ही नहीं, बल्कि समझते भी हैं की केंद्र व राज्य की क्या भूमिका है? राजनेता अपनी शक्ति का प्रयोग जनहित में करे, तो हिमाचल व हिमाचल वासियों के लिए बेहतर होगा। आपसी टकराव छोड़, हिमाचल हित को आपसी सहयोग से प्राथमिकता दें राजनेता, ताकि हिमाचल के विकास को अधिक गति मिले। हिमाचलियों का विश्वास बना रहे, यह सत्ता पक्ष व विपक्ष के नेताओं को याद रखना चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**हिंदू** समाज में जहां गौ को एक माता के रूप में पूजा जाता था तथा डॉग को एक वफादार जानवर माना जाता रहा था, जहां किसी समय डॉग की वफादारी के उदाहरण दिए जाते थे, परंतु वर्तमान समय में वही वफादार जानवर एक हिंसक जानवर के रूप में उभर रहा है। वहीं गौ और सांड जो हिंदू समाज में किसी समय पूजनीय थे, आज हमारा समाज उन्हीं का बहिष्कार कर रहा है, जो कि हमें ही महंगा पड़ रहा है। ज्यादातर सड़क दुर्घटनाएं इन्हीं के कारण हो रही हैं और यह कहना गलत नहीं है कि इसमें कहीं न कहीं मानव जाति का ही दोष है। आवारा जानवरों को सड़क के जानवरों के रूप में परिभाषित किया गया है, जो सड़क पर पैदा होते हैं और प्रजनन करते हैं और कभी भी स्वामित्व में नहीं होते हैं, खोए हुए जानवर जो घर का रास्ता नहीं ढूंढ सकते हैं तथा सड़क पर ही विचरण करने लग जाते हैं।

**रतन, शाहपुर**

# सरकारी कर्मचारियों में बढ़ता तनाव : मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना जरूरी

सरकारी क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारियों के बीच तनाव और अवसाद की समस्या लगातार बढ़ रही है। विशेष रूप से निचले स्तर के अधिकारी, कर्मचारी और अन्य सहायक स्टाफ, इस समस्या से सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं।

इन कर्मचारियों को अक्सर लंबे समय तक काम करना पड़ता है, उचित संसाधनों की कमी का सामना करना पड़ता है और उनके पास काम-जीवन संतुलन बनाए रखने के लिए बहुत कम विकल्प होते हैं। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्ट्स के अनुसार, यह समस्या केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी सरकारी क्षेत्र में कामकाजी तनाव एक गंभीर मुद्दा बन गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार, काम से जुड़ा तनाव वैश्विक स्तर पर एक बड़ी समस्या है, जिससे लाखों कर्मचारी प्रभावित हो रहे हैं। यूरोप और अमेरिका में सरकारी कर्मचारियों के बीच तनाव और बर्नआउट की दर लगातार बढ़ रही है। ऑस्ट्रेलिया और कनाडा जैसे देशों में सरकारी कर्मचारियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम शुरू किए गए हैं, जो तनाव प्रबंधन और काम-जीवन संतुलन को बेहतर बनाने पर केंद्रित हैं। भारत में भी सरकारी कर्मचारियों के बीच तनाव के मामले लगातार बढ़ रहे हैं।



लेखिका : राधिका सैनी
तहसीलदार नूरपुर

एक रिपोर्ट के अनुसार, 60 प्रतिशत से अधिक सरकारी कर्मचारी काम के दबाव और लंबे समय तक काम करने के कारण तनाव महसूस करते हैं। मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं, जैसे चिंता और अवसाद, सरकारी कर्मचारियों में तेजी से बढ़ रही हैं। राज्य के कई विभागों में कर्मचारियों को लंबे समय तक काम करना पड़ता है, जिससे उनका काम-जीवन संतुलन बिगड़ रहा है। इन समस्याओं को हल करने के लिए कई कदम उठाए जा सकते हैं। मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम शुरू करके कर्मचारियों को नियमित काउंसिलिंग और तनाव प्रबंधन की सुविधा प्रदान की जा सकती है।



लचीले काम के घंटे और वर्क फ्रॉम होम जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराकर काम-जीवन संतुलन को बेहतर बनाया जा सकता है। सहायक वातावरण बनाकर कर्मचारियों के बीच सहयोग और टीम वर्क को बढ़ावा दिया जा सकता है। नियमित स्वास्थ्य जांच और मानसिक स्वास्थ्य मूल्यांकन करके कर्मचारियों की सेहत का ध्यान रखा जा सकता है। सरकारी कर्मचारियों के बीच बढ़ता तनाव न केवल उनके व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित कर रहा है, बल्कि प्रशासनिक कार्यक्षमता को भी कमजोर कर रहा है। इस समस्या को हल करने के लिए सरकार और प्रशासनिक निकायों को गंभीरता से कदम उठाने की आवश्यकता है।

मानसिक स्वास्थ्य और काम-जीवन संतुलन को प्राथमिकता देकर ही सरकारी कर्मचारियों की उत्पादकता और खुशहाली को बढ़ाया जा सकता है। सरकारी कर्मचारियों के लिए बेहतर कामकाजी परिस्थितियां और मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्रदान करके ही इस चुनौती का सामना किया जा सकता है। 60 प्रतिशत सरकारी कर्मचारी तनाव महसूस करते हैं। 40 प्रतिशत कर्मचारियों ने अवसाद के लक्षणों की सूचना दी है। 70 प्रतिशत कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें मानसिक स्वास्थ्य सहायता की आवश्यकता है। यह समस्या केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। सरकारी कर्मचारियों के लिए बेहतर कामकाजी परिस्थितियां और मानसिक स्वास्थ्य सहायता प्रदान करके ही इस चुनौती का सामना किया जा सकता है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# पाठकों के पत्र...

**सोशल** मीडिया की चुनौतियों के बीच अनंत ज्ञान समाचार पत्र विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अपना अलग मुकाम हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। खबरों में अच्छे कंटेंट पढ़ने को मिल रहे हैं। अनंत ज्ञान समाचार पत्र में देश प्रदेश की खबरों को प्राथमिकता दी जा रही है। साथ ही पड़ोसी राज्यों से जुड़ी खबरों को भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जा रहा है। इससे पाठकों का ज्ञानवर्धन होता है। इसके अलावा हिमाचल में पर्यटन, कृषि को बढ़ावा देने के लिए चलाए जा रहे विशेष कॉलम से पर्यटन और कृषि से संबंधित जानकारी आसानी से पाठकों तक पहुंच रही है। जिला स्तरीय खबरों को अलग-अलग पन्नों में प्रकाशित करने से एक हो स्थान पर जिला की खबरे पढ़ने को मिलती है। अखबार का लेआउट अच्छा होने के साथ प्रिंटिंग भी अच्छी है।



**वर्षा शर्मा, सोलन**
**मो. 98052-47130**

**दैनिक** अनंत ज्ञान पिछले एक साल में लोगों के बीच अपनी पैठ बनाने की कोशिश करते हुए सफल हो रहा है। अखबार में दिन-प्रतिदिन बदलाव की कोशिश भी हो रही है, यह बहुत अच्छी पहल है। मेरा मानना है कि जिला स्तर का पेज निकालना एक अच्छा प्रयोग है, जिससे पूरे हिमाचल की खबरें पाठकों को एक साथ ही पढ़ने को मिल जा रही हैं, लेकिन इसका दूसरा पहलू यह भी है कि इससे ऐसा नहीं लगता कि अनंत ज्ञान एक स्थानीय अखबार है। मेरे दो-तीन सुझाव हैं, अगर संपादक मंडल इस ओर ध्यान दे तो अनंत ज्ञान और बेहतर हो सकता है। समय अभाव के कारण देश और प्रदेश के ज्वलंत मुद्दे कई बार अखबार में नहीं दिखते हैं। आजकल आईपीएल मैच चल रहे हैं, लेकिन अनंत ज्ञान में पूरी कवरेज नहीं हो रही है। निश्चित रूप से इससे पाठक नाराज हो जाते हैं। अगर अखबार के प्रकाशन को थोड़ा समय और दे दिया जाए तो इससे सारी महत्वपूर्ण खबरें कवर हो सकती हैं। मेरा मानना है कि पाठक जिज्ञासा रखते हैं कि आज ज्वलंत मुद्दों पर क्या अपडेशन होगी और अगले दिन उन्हें अखबार में वो पढ़ने को मिलना चाहिए। 'हर गांव कुछ कहता है' यह अपनी तरह का अलग पैटर्न है, जो बहुत सराहनीय कदम है। अनंत आरोग्य पेज या न्यूज शॉर्ट्स व न्यूज ब्रीफ भी स्वागत योग्य कदम है, क्योंकि इससे हर खबर को कुछ न कुछ स्थान मिलता है। हालांकि, अनंत ज्ञान में एक्सक्लूसिव खबरों की भरमार है, लेकिन जिस तरह से दूसरी अखबारें शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से संबंधित समाचारों को ज्यादा तवज्जो देती हैं अगर उस तरह से खबरें पढ़ने को मिलें तो इससे पाठकों की हमारे अखबार में गहरी रुचि पैदा होगी। जनता के ज्वलंत मुद्दों को लेकर कुछ सीरीज चलाना भी श्रेयस्कर रहेगा। महोदय, अगर इन सुझावों पर अमल हो जाए तो हम अखबार की पाठकों के बीच और ज्यादा पकड़ बना सकते हैं।



**मनोज चंदेल, योल कैंट**

**पत्रकारिता** की दुनिया में अनंत ज्ञान एक ऐसा नाम उभरकर सामने आ गया है जो दारा सिंह वाली पटकनी दे रहा है। मतलब यह कि यह उम्दा दैनिक है ही इतना रुचिकर एवं ज्ञानवर्धक, जिसको हर आयु वर्ग के लोग पढ़ना चाह रहे हैं। 17 मार्च का संपादकीय ट्रंप की पाबंदियां बेहतर लगा। वहीं, महोदय आपका आलेख हिमाचल में आफत में वन्य प्राणियों की जान भी बहुत अच्छा लगा। इसके साथ ही आलेख 'वक्त बदला, हालात बदले, वक्त के साथ बच्चों के संस्कार बदले' और अगला आलेख राष्ट्रीय संपत्ति की क्षति का जिम्मेदार आखिर कौन भी बहुत बढ़िया लगा। 18 मार्च को हिमाचल बजट के तीन पृष्ठों की खबरें पढ़ी जो अन्य रंगदार फोटो सहित छपी, सच में खबरों के साथ मन को भायी। इसी तरह 19 मार्च के अनंत ज्ञान में अनंत फैशन एंड ब्यूटी की सामग्री खासकर गर्मियों में रहना है कंफर्ट तो पहनें कॉटन कुर्तियां तथा 20 मार्च का अनंत एजुकेशन/करियर लाजवाब लगे और अच्छा लगा नजरिया में लिखा आलेख समस्त वर्गों को राहत देने वाला बजट। 23 मार्च रविवार को ओपिनियन में प्रकाशित लेख घोर लापरवाही : कब तक नदियों में डूबते रहेंगे पर्यटक और छात्र? यहां भी लेखक की चिंता की दाद देनी होगी। 24 मार्च का संपादकीय न्याय की आस तथा संपादक महोदय आपका आलेख संवाद, सुरक्षा और समन्वय से खात्मे की ओर अग्रसर नक्सलवाद बेहतरीन लगे। कृपया यह मजेदार सिलसिला आगे भी जारी रखें।



**भीम बसेडू राजपूत, ( मंडी )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### व्यक्ति ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस थाना बल्ह के अंतर्गत अमित कुमार पुत्र लखन मंडल गांव और डाकघर अटहर गोट तहसील बहेड़ी जिला दरभंगा बिहार उम्र 32 साल जो टेंट लगाने का काम करता था ने अपने क्वार्टर नेरचौक में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। जिसका परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम मेडिकल कॉलेज नेरचौक में करवाया जाएगा। स्थानीय पुलिस नियमानुसार कार्यवाही कर रही है।

### क्षय रोग दिवस पर निकाली जागरूकता रैली




**अनंत ज्ञान, मंडी।** विश्व क्षयरोग दिवस के अवसर पर आज क्षेत्रीय अस्पताल मंडी में जिला स्तरीय क्षय रोग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजकीय नर्सिंग विद्यालय मंडी की प्रशिक्षु छात्राओं तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश ठाकुर ने क्षेत्रीय अस्पताल मंडी के परिसर से एक जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली अस्पताल से सेरी मंच तक निकाली गई, जिसमें प्रशिक्षुओं ने स्लोगन व नारों के माध्यम से क्षय रोग से बचाव संबंधित जानकारी प्रदान की।

### उच्च बिजली खपत से पहले विभाग से लें अनुमति

**कविता, पधर।** विद्युत उपमंडल पधर के सहायक अभियंता नितिन चंदेल ने क्षेत्र के सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने घरों में बेल्डिंग मशीन, पॉलिशिंग मशीन, प्लैनर मशीन और अन्य उच्च बिजली खपत वाले (डिस्टरबिंग लोड) उपकरणों का उपयोग करने से पहले विद्युत विभाग से अनुमति अवश्य लें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई उपभोक्ता मोबाइल वेल्डिंग सेट, पॉलिशिंग मशीन, प्लैनर मशीन या अन्य भारी विद्युत लोड वाले उपकरणों का उपयोग करता है तो उसे नियमानुसार प्रतिदिन 200 रुपये अतिरिक्त शुल्क विद्युत उप-मंडल कार्यालय पधर में जमा करना होगा। इसके अलावा यदि कोई उपभोक्ता बिना पूर्व अनुमति के इन उपकरणों का उपयोग करता पाया जाता है तो उसे नियमानुसार जुर्माना भरना होगा। इस संबंध में उपभोक्ताओं से अनुरोध किया गया है कि वे किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए विद्युत विभाग से पूर्व स्वीकृति प्राप्त करें। सहायक अभियंता नितिन चंदेल ने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि यह कदम विद्युत आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने और ओवरलोडिंग जैसी समस्याओं से बचने के लिए आवश्यक है।

### चित्रकला प्रतियोगिता में चिरंतन प्रथम



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) जोगिंद्रनगर में विश्व जल दिवस के अवसर पर चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान की प्रधानाचार्या, इं. नवीन कुमारी ने की। कार्यक्रम के तहत सड़क सुरक्षा अभियान से जुड़ी प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिसमें संस्थान के विभिन्न व्यवसायों के प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रधानाचार्या ने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया और जल संरक्षण एवं सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। चित्रकला प्रतियोगिता में जल संरक्षण विषय पर चिरंतन (एसओटी व्यवसाय) ने प्रथम, नीलाक्षी (कॉस्मेटोलॉजी व्यवसाय) ने द्वितीय और प्रमिला (एमएमवी व्यवसाय) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या इं. नवीन कुमारी ने कहा कि जल संरक्षण और सड़क सुरक्षा वर्तमान समय की महत्वपूर्ण चुनौतियां हैं।

### बलिदान दिवस पर शहीदों को किया नमन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** छत्रपति शिवाजी महाराज अध्ययन मंडल जोगिंद्रनगर द्वारा बलिदान दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर शहीद भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव को नमन किया। मुख्यातिथि के रूप में सेवानिवृत्त अधिष्ठाता हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय युद्धवीर सिंह पाल उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर संघचालक ओपी ठाकुर ने की। इस दौरान विशिष्ट अतिथि संत अविचलदास जी महाराज और वक्ता जोगिंद्र पांडे (पूर्व संयोजक, बजरंग दल हिमाचल प्रांत) ने वीर बलिदानियों के त्याग और बलिदान पर प्रकाश डाला। सभी उपस्थितजनों ने पुष्पांजलि अर्पित कर वीर बलिदानियों को नमन किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि युद्धवीर सिंह पाल जी ने छत्रपति शिवाजी महाराज अध्ययन मंडल को दो पवित्र ग्रंथ-श्री रामचरित मानस और श्रीमद् भागवत गीता भेंट की। इस आयोजन में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और युवा उपस्थित रहे।

### स्वयंसेवकों को दिया जा रहा आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी के सौजन्य से जोगिंदरनगर उपमंडल में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें ग्राम पंचायत कुठेडा, पिपली, भडयाडा-बुहला, तैरम्बली और द्राहल से 75 स्वयंसेवकों को आपदा प्रबंधन का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस कार्यशाला का उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं के प्रभावों को कम करना और आपातकालीन परिस्थितियों में जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। कार्यशाला के पहले दिन जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी के प्रशिक्षक एवं जिला समन्वयक अमरजीत सिंह ने आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

### सौरभ का अग्निवीर के लिए हुआ चयन



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** आईटीआई जोगिंद्रनगर के इलेक्ट्रीशियन ट्रेड ट्रेनी सौरभ का चयन अग्निवीर के लिए हुआ है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर संस्थान की प्रधानाचार्य नवीन कुमारी ने उन्हें हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य ने कहा कि सौरभ की यह सफलता न केवल आईटीआई जोगिंद्रनगर बल्कि पूरे क्षेत्र और प्रदेश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि सौरभ की कड़ी मेहनत और समर्पण ने उन्हें यह मुकाम दिलाया है। सौरभ की उपलब्धि से संस्थान में हर्ष का माहौल है, वहीं क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

### क्षय रोग दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

**अनंत ज्ञान, पधर।** विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर आज सिविल अस्पताल पधर में एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ठाकुर ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को टीबी मुक्त भारत की शपथ भी दिलाई गई। खंड चिकित्सा अधिकारी पधर डॉ. संजय गुप्ता ने क्षय रोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। खंड चिकित्सा अधिकारी ने लोगों से आह्वान किया कि सभी टीबी के मरीजों के लिए सहानुभूति रखें। इस अवसर पर हिमालयन ग्रुप नर्सिंग कॉलेज जोगिन्दनगर की छात्राओं ने भाषण प्रतियोगिता और नुक्कड़-नाटक के माध्यम से क्षय रोग के प्रति लोगों को जागरुक किया।

---

राजस्व विभाग से जुड़े मामलों की समीक्षा बैठक आयोजित, उपायुक्त बोले–

# कार्यों में देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारी की होगी जवाबदेही

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन की अध्यक्षता में सोमवार को ग्रामीण विकास कार्यालय के सभागार में राजस्व विभाग से जुड़े मामलों की समीक्षा करने के लिए राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त ने एक-एक कर जिला की सभी तहसीलों और उपतहसीलों में तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों द्वारा पिछले माह निपटाए गए तकसीम हुक्मी और खानगी, निशानदेही, अतिक्रमण, राजस्व प्रविष्टियों में सुधार तथा एग्जीक्यूशन ऑफ वारंट के मामलों में हुई प्रगति की समीक्षा की।

उपायुक्त ने कहा कि आम लोगों से सीधे जुड़े हुए इन मामलों का समयबद्ध तरीके से निपटारा होना बहुत जरूरी है ताकि आम जनमानस को राहत प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि तकसीम और निशानदेही के मामलों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करें। उन्होंने कहा कि मामलों की देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी ताकि मामलों के निपटारे में अनावश्यक विलंब न हो और मामलों का निपटारा करने में गति बनी रहे।

> लंबित कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करें

राजस्व अधिकारियों को एक वर्ष पुराने मामलों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर संबंधित मामलों को निपटाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करें। उन्होंने तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों को पटवारियों व फील्ड कानूनगो से बेहतर समन्वय स्थापित करने का आह्वान किया।

#### पटवार भवन निर्माण के लिए होंगे प्रयास

**उपायुक्त** ने अधिकारियों से जिले में निर्माणाधीन पटवार भवनों की जानकारी भी प्राप्त की तथा इन्हें शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन मुहालों में पटवार भवन नहीं बने हैं उनके लिए जमीन ढूंढने का प्रयास करें। उन्होंने लंबित जमाबंदियों को भी पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ मदन कुमार, जिला राजस्व अधिकारी हरीश शर्मा, समस्त उपमंडलाधिकारी, तहसीलदार व नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

### 27 को होने वाले प्रदर्शन में कार्यकर्ता लें भाग : रजत

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** भारतीय जनता पार्टी धर्मपुर के नवगठित टिहरा मंडल की महत्वपूर्ण बैठक आज मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा लाल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिला अध्यक्ष हीरा लाल ने कार्यकर्ताओं के साथ आगामी 27 मार्च को प्रदेश भाजपा द्वारा शिमला में किए जाने वाले धरना प्रदर्शन को लेकर विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की भ्रष्ट नीतियों के खिलाफ पार्टी पूरी ताकत से विरोध दर्ज कराएगी। इस अवसर पर प्रदेश सह मीडिया प्रभारी रजत ठाकुर ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि टिहरा मंडल से 100 से अधिक कार्यकर्ता इस धरना प्रदर्शन में भाग लेंगे। उन्होंने सभी वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे कांग्रेस सरकार के कुशासन और भ्रष्टाचार के विरुद्ध इस आंदोलन में पूरी शक्ति से भाग लें।

मंडल प्रवक्ता राजीव आर्य ने बताया यह प्रदर्शन कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार, जनविरोधी नीतियों और जनता से किए गए झूठे वादों के खिलाफ एक मजबूत संदेश देने का कार्य करेगा। बैठक में मंडल उपाध्यक्ष रविंद्र बिट्ठू, युद्धवीर ठाकुर, राजेश ठाकुर, सचिव अंतिम ठाकुर सहित आदि मौजूद रहे।

## ठाठी गांव के लिए सड़क न होने से लोग परेशान, हो समाधान



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मसेरन के ठाठी गांव में सड़क सुविधा न होने पर इस गांव के लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है यहां के ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की सुविधा न होने के कारण इस गांव के छह लोगों ने अस्पताल को ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया इस गांव की दूरी मुख्य सड़क से लगभग 1 किलोमीटर है। इस गांव में अनुसूचित जाति व सामान्य वर्ग के लोग रहते हैं। लोगों का कहना है कि उन्होंने कई बार सरकार व अधिकारियों से इस गांव को सड़क से जोड़ने की गुहार लगाई लेकिन किसी ने उनकी समस्या का निदान नहीं किया।

आखिरकार उन्होंने अपनी मांग संयुक्त मोर्चा सरकाघाट के समक्ष रखी व इनके साथ बैठक की इसके बाद संयुक्त मोर्चा ने उनकी आवाज को सरकार व केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री तक बुलंद करने का व उनके गांव को सड़क निकलवाने का आश्वासन दिया संयुक्त मोर्चा सरकाघाट के अध्यक्ष अंमी चंद ने कहा कि आजादी के 78 वर्ष बीत जाने के बाद भी यह गांव सड़क सुविधा से वंचित है। लोगों ने कहा कि सड़क निर्माण जल्दी नहीं किया जाएगा तो संयुक्त मोर्चा आंदोलन करने से भी गुरेज नहीं करेगा।

> ग्रामीणों को सड़क सुविधा से जोड़ने के लिए कई बार प्रयास किया, लेकिन जहां से यह रोड प्रस्तावित है वहां पर लोगों की मलकियत भूमि व मकान आते हैं और जमीन के मालिक जमीन देने के लिए इंकार करते हैं इसलिए ठाठी गांव को सड़क सुविधा से नहीं जोड़ा जा सका, अगर लोग जमीन देने के लिए तैयार हो जाएंगे तो इन ग्रामीणों को सड़क सुविधा अवश्य उपलब्ध करवाई जाएगी।
> – एडवोकेट नरेश कुमार शर्मा, प्रधान ग्राम पंचायत मसेरन।

## हिमाचल के विकास को निरंतर बल दे रही मोदी सरकार : राकेश

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

केंद्र की भाजपा सरकार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश के विकास को प्राथमिकता दे रही है और राज्य के हर क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार सहयोग कर रही है।

सुंदरनगर नगर परिषद क्षेत्र में उन इलाकों को भी सीवरेज कनेक्टिविटी से जोड़ा जा रहा है, जो अब तक इस सुविधा से वंचित थे। यह दर्शाता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार हिमाचल के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सुंदरनगर के रोपा और भेछना क्षेत्रों में सीवरेज नेटवर्क बिछाने के लिए भेजी गई डीपीआर को केंद्र सरकार ने मंजूरी देते हुए 3.85 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत कर दी है। भाजपा के मुख्य प्रवक्ता व विधायक राकेश जम्वाल ने इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना सुंदरनगर की जनता के लिए एक बड़ी राहत साबित होगी और शहर में स्वच्छता व बुनियादी सुविधाओं के स्तर को और ऊंचा उठाएगी। राकेश ने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस सरकार की नाकामी के कारण विकास कार्य ठप पड़े हैं।

### भंगरोटू में छिंज प्रतियोगिता 15 को

**विनोद जसवाल, नेरचौक।** जय लखदाता छिंज कमेटी भंगरोटू के प्रधान फिरोज खान ने कहा कि भंगरोटू छिंज प्रतियोगिता का आयोजन 15 अप्रैल को भंगरोटू के ऐतिहासिक छिंज मैदान में किया जाएगा, जिसमें छोटी व बड़ी माली के लिए मुकाबले करवाए जाएंगे तथा विजेता पहलवानों को गुर्ज सहित धनराशि बतौर इनाम प्रदान की जाएगी। कमेटी ने निर्णय लिया कि इस बार अपनी ऐच्छिक निधि से 14 अप्रैल को एक सांस्कृतिक संध्या भी करवाएगी जाएगी। उपरोक्त बैठक का आयोजन राम चंद्र चौधरी उपनिदेशक कृषि की अध्यक्षता में किया गया।

## विवादित नारे लगाने पर 7 युवकों की हुई पहचान

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

जिला मंडी के नगर परिषद क्षेत्र सुंदरनगर में खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगने वाले प्रकरण में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक दिन बाद मामला सुलझा लिया है।

पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम ने नगर परिषद सुंदरनगर के भोजपुर बाजार से लेकर अन्य क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच और लोगों से जानकारी के बाद विवादित नारेबाजी में संलिप्त 7 आरोपी युवकों की शिनाख्त की है। पुलिस सभी आरोपी युवकों की धड़पकड़ को लेकर कार्रवाई कर रही है। आरोपी युवक अपने परिवारों के साथ बस स्टैंड सुंदरनगर के साथ बनी झुग्गी-झोपड़ी बस्ती में रहते हैं। वहीं मामले में संलिप्त युवक मूल रूप से पंजाब के विभिन्न क्षेत्रों के रहने वाले हैं। अभी मामले में पुलिस द्वारा आरोपी युवकों से जांच अमल में लाई जाएगी। गौरतलब है कि राज्यस्तरीय नलवाड़ मेला सुंदरनगर की पहली सांस्कृतिक संध्या खत्म होने के बाद बीते शनिवार को युवाओं की एक टोली ने सुंदरनगर शहर की सड़कों पर सरेआम खालिस्तान जिंदाबाद के विवादित नारे लगाए थे। युवाओं ने उपमंडल के सबसे बड़े व्यापारिक केंद्र भोजपुर बाजार और बस स्टैंड क्षेत्र में खालिस्तान के समर्थन में जोरदार नारेबाजी की।

पुलिस थाना सुंदरनगर ने जांच अमल में लाई गई जिसमें अब एक दिन उपरांत सोमवार को पुलिस को आरोपियों की शिनाख्त को लेकर सफलता प्राप्त हुई है। थाना प्रभारी सुंदरनगर नानक चंद ने बताया कि मामले में संलिप्त युवकों की शिनाख्त कर ली गई है और आगामी कार्रवाई की जाएगी।

> **अनंत ज्ञान फॉलोअप**
> आरोपी युवकों को पुलिस थाना सुंदरनगर ने किया तलब

## शेष जीवन गरीबों की सेवा में व्यतीत करेंगे बंबर ठाकुर : सन्नी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सह संयोजक सन्नी ईपन ने आईजीएमसी शिमला में पूर्व विधायक बंबर ठाकुर का कुशलक्षेम पूछा और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। बता दें कि बंबर ठाकुर के ऊपर हमलावरों ने गोलियों की बौछार कर घायल कर दिया था। सन्नी ईपन ने कहा कि बंबर ठाकुर नेक दिल इंसान हैं और उन्होंने स्वस्थ होकर अपनी पेंशन गरीबों के लिए खर्च करने का ऐलान किया है। बंबर ठाकुर ने कहा कि ईश्वर ने उन्हें बचाकर नया जीवन दिया है, ऐसे में वह अब गरीबों की सेवा करेंगे। इस मौके पर सन्नी ईपन के साथ अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद हि.प्र. के महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही भी थे।

## छात्राओं ने क्षय रोग पर लोग किए जागरूक

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



विश्व क्षय रोग रोकथाम दिवस पर सोमवार को अरोमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्राओं ने क्षेत्र के खिलड़ा गांव में लोगों के लिए विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

इस दौरान कॉलेज की प्रशिक्षु छात्राओं ने ग्रामीणों के घर-घर जाकर लोगों को क्षय रोग को लेकर जागरूक किया गया। नर्सिंग छात्राओं ने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि आज यह रोग एक महामारी की तरह अपने पैर पसार रहा है। लोग खांसी और बुखार को हल्के में लेकर इसकी जांच नहीं करवाते हैं। इस कारण यह बीमारी दूसरे लोगों तक फैल रही है।

छात्राओं का कहना है कि समय रहते इसका उपचार किया जा सकता है। अब यह बीमारी लाइलाज नहीं है इसका उपचार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि टीबी का इलाज सभी स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में निशुल्क किया जाता है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि किसी भी व्यक्ति को दो हफ्तों से ज्यादा खांसी होने पर मरीज को तुरंत किसी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर अपने बलगम की जांच जरूर करवाने और क्षय रोग की पुष्टि होने पर पूरा इलाज करवाएं।

इस मौके पर छात्राओं ने नाटक के जरिए लोगों को जागरूक किया और गांव में एक जागरूकता रैली भी निकाली।

### नवीन बने देव बाला कामेश्वर मंदिर कमेटी गागल के प्रधान

**अनंत ज्ञान, मंडी।** श्री देव बाला कामेश्वर मंदिर गागल में देव समिति द्वारा महेंद्र सिंह की अध्यक्षता में नई कार्यकारिणी का गठन आगामी तीन वर्ष के लिए किया गया। इसमें सर्वसम्मति से नवीन शर्मा को प्रधान, अक्षय शर्मा व भंवर शर्मा को उपप्रधान बनाया गया।

मुख्य सलाहकार प्रकाश चंद अवस्थी पूर्व प्रधान को बनाया गया। खेम चंद शास्त्री, बाबू राम, चंद्रमणी शर्मा, तुलसी राम अग्रवाल, चमन शर्मा, चमन वर्मा, सुशील शर्मा को इस युवा कार्यकारिणी के मार्गदर्शक मंडल हेतु चुना गया।

## अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन में विभा शर्मा सम्मानित

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**




काशी हिंदू विश्वविद्यालय के संस्कृत विद्या धर्म विज्ञान संकाय, ज्योतिष विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन का समापन हुआ। इस सम्मेलन का शुभारंभ प्रो. राजाराम शुक्ल की अध्यक्षता में हुआ। सम्मेलन में देश-विदेश के अनेक प्रतिष्ठित विद्वानों ने भाग लिया और ज्योतिष शास्त्र के समसामयिक व गूढ़ विषयों पर शोध प्रस्तुत किए।

प्रो. शत्रुघ्न त्रिपाठी और प्रो. विनय कुमार पांडेय के विशेष मार्गदर्शन में यह आयोजन अत्यंत शोधपरक और ज्ञानवर्धक बना। इस सम्मेलन में जोगिंद्रनगर स्थित शारदा ज्योतिष निकेतन की प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य विभा शर्मा को उनके उत्कृष्ट शोध एवं ज्योतिष विद्या में योगदान हेतु विशेष रूप से सम्मानित किया गया। विभा शर्मा ने ज्योतिष के दो महत्वपूर्ण समसामयिक विषयों पर शोध पत्र प्रस्तुत किया, जिसे विद्वानों ने अत्यंत ज्ञानवर्धक बताया। सम्मेलन के दौरान प्रो. बिहारी लाल शर्मा और लेखराज शर्मा के बीच विशेष भेंटवार्ता भी हुई, जिसमें संस्कृत शिक्षा और हिमाचल प्रदेश में संस्कृत विश्वविद्यालय की संभावनाओं पर विचार किया गया। प्रो. बिहारी लाल शर्मा, जो वर्तमान में संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के कुलपति हैं, हिमाचल प्रदेश के झंडूता उपमंडल, भदोल गांव के निवासी हैं। समिति ने इस सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की। (अनंत ज्ञान)

### नरोला में लगाया जागरूकता शिविर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** तहसील कल्याण अधिकारी बलद्वाड़ा के सौजन्य से आज सोमवार को ग्राम पंचायत नरोला के पंचायत घर में अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के प्रचार-प्रसार हेतु तहसील स्तरीय जागरूक शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 50 लोगों ने भाग लिया। शिविर में तहसील कल्याण अधिकारी पूनम शर्मा द्वारा अतिरिक्त विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा जरूरतमंद लोगों को इस विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन पत्र भी वितरित किए गए।

## प्रदेश में अराजकता का माहौल कानून व्यवस्था चरमराई : पंकज

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

हिमाचल प्रदेश भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता पंकज जम्वाल ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन का दावा करने वाली कांग्रेस सरकार के शासनकाल में प्रदेश में अराजकता और अव्यवस्था का माहौल बन गया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में लगातार बढ़ रही गोलीबारी की घटनाओं से आम जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि झूठी गारंटियों के सहारे सत्ता में आई कांग्रेस सरकार की नीतियों से प्रदेश का हर वर्ग नाराज है। उन्होंने दावा किया कि 27 मार्च को शिमला में होने वाली भाजपा की जन आक्रोश रैली में प्रदेशभर से जनता का जनसैलाब उमड़ेगा और कांग्रेस सरकार की नीतियों का करारा जवाब देगा। पंकज ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही पूर्व भाजपा सरकार द्वारा खोले गए कार्यालयों और शिक्षण संस्थानों को बंद कर दिया, जिससे आम जनता प्रभावित हुई है। उन्होंने 27 मार्च को शिमला में होने वाले प्रदर्शन में भाग लेने की अपील की।

---

**कला** सैंड आर्टिस्ट रजत कुमार का नलवाड़ मेले में आर्ट का प्रदर्शन

# रेत पर उकेरा सुकेत रियासत का इतिहास

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

देश के प्रसिद्ध सैंड आर्टिस्ट रजत कुमार ने अपनी प्रतिभा के जरिए कुछ ही मिनटों में सुकेत रियासत के इतिहास को रेत पर उकेर कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

दिल्ली के रजत ने अपनी यह शानदार परफॉर्मेंस मंडी जिला के राज्यस्तरीय नलवाड़ मेला सुंदरनगर में दिखाई है। इस दौरान उन्होंने कला का प्रदर्शन करते हुए हजारों की संख्या में सुंदरनगर के जवाहर पार्क में मौजूद दर्शकों को मुरीद कर दिया। रजत कुमार ने सैंड आर्ट के माध्यम से मेले की थीम 'नशा मुक्त सुंदरनगर' को लोगों के सामने प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुति के दौरान रजत ने राज्यस्तरीय नलवाड़ और सुकेत देवता मेला के इतिहास से रूबरू करवाया।

रजत कुमार ने विश्व के 12 देशों के साथ देशभर में रेत के माध्यम से अपनी कला की प्रस्तुति दी है। रजत ने कहा कि राज्य स्तरीय नलवाड़ मेले में प्रशासन की नशे को छोड़ने और जिंदगी को चुनने के मंत्र यानी 'आई चूज लाइफ' की मुहिम को अपनी कला के माध्यम से प्रदर्शित किया है। इस परफॉर्मेंस के दौरान एक कहानी के माध्यम से सुंदरनगर में मेलों के आयोजन को लेकर बताया गया है।





#### क्या है सैंड आर्ट कला

**सैंड** आर्ट एक प्रकार की ऐसी कला है जिसमें रेत का उपयोग करके विभिन्न प्रकार की आकृतियां, चित्र और डिजाइन बनाए जाते हैं। यह कला आमतौर पर समुद्र तटों तथा अन्य रेतीले क्षेत्रों में बनाई जाती है, जहां रेत को आकार देने और डिजाइन बनाने के लिए उपयोग किया जाता है। वहीं अब इस आर्ट को सैंड पेंटिंग के जरिए अन्य क्षेत्रों में भी नई तकनीक के माध्यम से लोगों को दिखाया जाता है। सैंड आर्ट कलाकार भावनाओं और विचारों को रेत पर आकृति बनाकर व्यक्त करते हैं।

## अभिलाषी के 26 छात्र नामी फार्मा कंपनी में सिलेक्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



अभिलाषी एजुकेशनल ग्रुप मंडी के लिए यह गर्व का क्षण है कि 26 छात्रों का चयन प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय दवा कंपनी मैक्लिओड्स फार्मास्यूटिकल्स में हुआ है। इस नियुक्ति प्रक्रिया में अभिलाषी विश्वविद्यालय, अभिलाषी कॉलेज ऑफ फार्मेसी, अभिलाषी पीजी इंस्टीट्यूट ऑफ साइंसेज और टीआर अभिलाषी मेमोरियल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अंतिम वर्ष के छात्रों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा एवं उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल का प्रदर्शन किया।

लिखित परीक्षा, समूह चर्चा और साक्षात्कार सहित विभिन्न चयन चरणों के बाद इन छात्रों को चयनित किया गया। इस उपलब्धि पर अभिलाषी ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आरके अभिलाषी ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा, मैक्लिओड्स जैसी प्रतिष्ठित कंपनी में हमारे छात्रों का चयन हमारे लिए गर्व की बात है। वहीं अभिलाषी ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. एलके अभिलाषी ने बताया कि चयनित छात्र अब मैक्लिओड्स के साथ अपने पेशेवर करियर की यात्रा शुरू करने के लिए तैयार हैं। इस प्लेसमेंट ड्राइव के बारे में अधिक जानकारी देते हुए अभिलाषी ग्रुप के डायरेक्टर ट्रेनिंग व प्लेसमेंट डॉ. शैम्पी दुग्गल ने बताया कि सभी चयनित छात्र क्वालिटी कंट्रोल, क्वालिटी एश्योरेंस, रिसर्च एंड डेवलपमेंट व प्रोडक्शन एक्जीक्यूटिव के पद पर अपनी सेवाएं देंगे। वहीं चयनित छात्रों को सालाना 2 से 3 लाख तक के पैकेज ऑफर किए गए हैं।

इस उपलक्ष्य पर अभिलाषी ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आरके अभिलाषी, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. एलके अभिलाषी, वाइस चांसलर प्रो. एचके चौधरी, रजिस्ट्रार डॉ. कपिल कपूर, जीनीयस एजुकेशन सोसाइटी की चेयरपर्सन डॉ. नर्वदा अभिलाषी सहित आदि मौजूद थे।

## न्यूज ब्रीफ

### पानी में डूबने से लोनिवि के कर्मी की मौत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जोगीपागा क्षेत्र में एक दुखद हादसे में स्कूटी सवार पानी में गिर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान गुलजारी लाल निवासी टिहरा के रूप में हुई है। यह हादसा स्कूटी के अनियंत्रित होने से घआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुलजारी लाल लोक निर्माण विभाग में कार्यरत थे।

### शाइन और पलक की रंगोली सबसे अच्छी



**अनंत ज्ञान, ऊना।** स्थानीय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीबीए विभाग ने प्रबंधन उत्सव 'ब्रेनवेव्स' का आयोजन किया। इसमें रंगोली प्रतिस्पर्धा, पोस्टर मेकिंग एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मीता शर्मा शामिल हुए। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर शाइन एवं पलक, द्वितीय स्थान पर सलोनी व पूर्णिमा एवं तृतिया स्थान पर त्रिशा व अनामिका रही। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम पर आर्यन, द्वितीय स्थान पर सूरज एवं तृतीय स्थान पर प्रभजोत रही। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम बिरला समूह (जसविंदर, राहुल, करण मिन्हास), द्वितीय स्थान पर रिलायंस समूह (विवान, साहिल, कनिका), तृतीय स्थान पर अदानी समूह (रिया,हर्ष, संजना) रहे। निर्णायक मंडल में डॉ. रंजू बनोता, डॉ. मदन लाल एवं डॉ. रविंदर डोगरा शामिल हुए। मुख्यातिथि डॉ. मीता शर्मा ने विद्यार्थियों को आगे ऐसे कार्यक्रम करने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. शाम सिंह बैंस ने भी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी।इस आयोजन में डॉ. संजय वर्मा, प्रो. शशी कंवर, डॉ. पवित्र दुलारी, प्रो. मंजीत, डॉ. मोनिका, प्रो. विकास सैनी, प्रो. किरण बाला, प्रो. ऋचा शर्मा, प्रो. मोनिका, प्रो. अंजलि, प्रो. विजय कुमार, अनीता, चंद्रपाल एवं सुनीता उपस्थित रहे।

### मुबारिकपुर के बिजली उपभोक्ताओं को अल्टीमेटम

**अनंत ज्ञान, अंब।** सब डिवीजन मुबारिकपुर के अंतर्गत आने वाले सभी उपभोगताओं के पास बिजली बोर्ड के 18 लाख रुपए फंसे हुए हैं। बिजली बोर्ड के अधिकारियों का कहना है कि यदि 28 मार्च तक बिजली बिल जमा नहीं हुए तो उपभोक्ताओं के बिना कोई नोटिस दिए कनेक्शन काट दिए जाएंगे। बिजली बोर्ड के एसडीओ धर्मपाल ने बताया की विद्युत सब डिवीज़न मुबारिकपुर के अंतर्गत आने वाले मुबारिकपुर, भंजाल नकरीह, कुनेरन, बनेहरा जीतपुर बेहरी, सिद्ध चलेड, मधेर व कलरूही आदि गांवों के सैकड़ो लोगों के बिजली बिल पेंडिंग हैं। उन्होंने कहा कि यदि निर्धारित समय पर बिजली बिल जमा नहीं हुए तो बिना नोटिस दिए बिजली कनेक्शन काट दिए जाएंगे।

### ईसपुर के छात्रों ने किया आईटीआई का भ्रमण

**अनंत ज्ञान, अंब।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय ईसपुर के छात्र-छात्राओं ने सोमवार को नैहरियां स्थित सरकारी आईटीआई में एकदिवसीय ' प्री वोकेशनल टूअर ' किया। इस मौके पर इन्होंने आईटीआई की कार्यप्रणाली और वर्तमान में यहां चल रहे व्यवसायों के बारे में विस्तार से जाना। आईटीआई के समूह अनुदेशक राकेश कुमार ने बताया कि इस आईटीआई में 85 प्रशिक्षु प्रशिक्षण ग्रहण कर रहे हैं। आईटीआई के अनुदेशकों विवेक कुमार, सुनील दत्त और आशा रानी ने भ्रमण पर आए छात्र-छात्राओं को विभिन्न कार्यशालाओं में ले जाकर जानकारी उपलब्ध करवाई। इस अवसर पर अनुदेशक सुनील कुमार और विद्यालय की ओर से आई अध्यापिकाओं कमलजीत कौर, किरण बाला और मीना कुमारी भी उपस्थित रहीं।

### पलोह में आचार्य कर रहे श्रद्धा की अमृतवर्षा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उत्तरी भारत के सुप्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य अतुल कृष्ण महाराज प्रसिद्ध समाजसेवी शिव शक्ति ट्रांसपोर्ट के सीएमडी किशन देव शर्मा के घर श्रीमद् भागवत कथा में श्रद्धालुओं को अमृतपान करवा रहे हैं। कथा ब्यास ने कहा कि जहां मन की हलचल है, वहां एकाग्रता नहीं हो सकती और जहां एकाग्रता है, वहां मन का अस्तित्व समाप्त हो जाता है. जो अपनी अंतरात्मा की दिशा तय कर लेता है, उसे भीड़ में धक्के नहीं खाने पड़ते. विरोधाभास या भ्रम में जी कर कोई भी लक्ष्य नहीं प्राप्त किया जा सकता। उक्त अमृतवचन श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस में परम श्रद्धेय अतुल कृष्ण जी महाराज ने पलोह, अम्ब में व्यक्त किए। आज कथा में कर्दम देवहूति प्रसंग, भगवान कपिल का अवतार, यज्ञ भगवान का प्राकट्य, शिव पार्वती विवाह एवं ध्रुव जी को भगवत प्राप्ति का प्रसंग लोगों ने अत्यंत श्रद्धा से सुना। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कथा के मुख्य यजमान किशन देव शर्मा, अमित शर्मा, वतन सिंह, पंकज गौतम, सुरेंद्र सिंह सूबेदार, रमेश, आशुतोष शर्मा, सृजन शर्मा, मीनू देवी, कमला देवी, कंचन, सुमन देवी, सुदर्शना कुमारी, अनुराधा शर्मा आदि मौजूद रहे।



### हिमुडा कॉलोनी में बताया श्रीमद भागवत का अर्थ

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** हिमुडा कॉलोनी बंगाणा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास आचार्य श्री जगमोहन दत्त शास्त्री ने श्रीमद भागवत का अर्थ बताया। कथा व्यास ने कहा कि श्रीमद भागवत कथा का पावन आयोजन श्रद्धालुओं के लिए भक्ति, ज्ञान, वैराग्य और तपस्या का संदेश लेकर आया। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान आचार्य श्री कथा व्यास ने पंडाल में बैठे सैकडों श्रद्धालुओं को दिव्य रूप से राधारानी के बगीचे के दर्शन करवाए और ठाकुर जी से मिलने का आध्यात्मिक मार्ग बताया। कथा आरती विराम के बाद सभी सैकड़ों भक्तों ने विशाल भंडारे का प्रसाद भी ग्रहण किया। इस मौके पर कथा आयोजिक नरेश कुमार लक्की, पूजा सोनी, राजन सोनी, बिक्की, बिंदु सोनी, देसराज मोदगिल के अलावा सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कथा का आनंद उठाया।

### भक्तों को आध्यात्मिक ज्ञान से करवाया ओत-प्रोत



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के श्रीराम नाटक क्लब हटली में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास आचार्य तरुण डोगरा ने भक्तों को आध्यात्मिक ज्ञान से ओत-प्रोत किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि सनातन धर्म का वह दिव्य वृक्ष है, जो मनुष्य को सद्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। वहीं, कथा के दूसरे दिन विराम पर श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद भी ग्रहण किया। इस मौके पर प्रधान मदन सोनी, महासचिव संजय सोनी, कोषाध्यक्ष सुरेश शर्मा, विवेकशील शर्मा, मदन गोपाल,ओपी सोनी,सुरेन्द्र राणा,राहुल शर्मा,बबीता साईं, राज कुमार धीमान, अजय कुमार, सोनू फौजी के अलावा अन्य श्री राम भक्तों ने अपनी सेवाएं दीं।

# गर्मियों में बिजली आपूर्ति चाक-चौबंद करने के लिए प्रशासन ने कसी कमर

## अतिरिक्त उपायुक्त ने बिजली बोर्ड के अधिकारियों के साथ बैठक कर की पूर्व तैयारियों की समीक्षा

**राजेश शर्मा, ऊना**

गर्मियों की आमद के मद्देनजर ऊना जिला प्रशासन बिजली आपूर्ति की चाक-चौबंद व्यवस्था के लिए पूरी मुस्तैदी से ठोस कदम उठाने में जुटा है। इस क्रम में अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने सोमवार को बिजली बोर्ड के आला अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में अधीक्षण अभियंता बलराज सांगर और अधिशाषी अभियंता यशविंदर सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**बिजली का करें समझदारी से उपयोग :** अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिजली आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक मुरम्मत कार्य तय समय पर पूरे किए जाएं, जिससे आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने नागरिकों से भी बिजली के संयमित और



समझदारी से उपयोग की अपील करते हुए कहा कि अनावश्यक रूप से बिजली उपकरण चालू न रखें, क्योंकि बचाई गई एक यूनिट बिजली, उत्पन्न की गई एक यूनिट बिजली के बराबर होती है।

अधीक्षण अभियंता बलराज सांगर ने बताया कि हाल ही में रविवार को जिले में आवश्यक मुरम्मत कार्य किए गए हैं और आगामी एक से दो सप्ताह में भी कुछ क्षेत्रों में मुरम्मत कार्य जारी रहेंगे। इस दौरान बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से प्रभावित हो सकती है, जिसके लिए उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की गई है।

**एसी का तापमान 25 डिग्री से नीचे न रखें :** अधीक्षण अभियंता ने उपभोक्ताओं को सुझाव दिया कि एयर कंडीशनर (एसी) का तापमान 25 डिग्री से नीचे न रखें। यह उपाय अपनाने से बिजली बिल में लगभग 50 प्रतिशत तक की बचत संभव है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष गर्मियों में जिले में प्रतिदिन अधिकतम लोड के समय औसतन 180 से 190 मेगावाट बिजली की मांग थी, जबकि इस वर्ष इसमें और वृद्धि का अनुमान है, ऐसे में सभी उपभोक्ताओं से बिजली का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने की अपील की गई है, ताकि बिजली बोर्ड के बुनियादी ढांचे पर अतिरिक्त दबाव न पड़े। (अनंत ज्ञान)

### पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लें लाभ

**बलराज** सांगर ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 3 किलोवाट तक के रूफटॉप सोलर प्लांट पर सरकार द्वारा 86,500 रुपए तक की सब्सिडी दी जा रही है। इस योजना का लाभ उठाकर उपभोक्ता बिजली बिल शून्य कर सकते हैं। यह न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि बिजली बोर्ड के बुनियादी ढांचे पर भी दबाव कम करने में सहायक है। उन्होंने बताया कि ऊना जिले में इस योजना को लेकर लोगों में रुचि बढ़ी है। अब तक लगभग 600 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जिनमें से 232 घरों में सोलर प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं और शेष पर कार्य जारी है। इच्छुक उपभोक्ता इस योजना का लाभ उठाने के लिए, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

# श्रीराम सेवा समिति अंबेहड़ा ने सुरुचि का सीएजी ऑडिटर बनने पर किया सम्मान



**अनंत ज्ञान, बड़ूही**

उपतहसील जोल की पंचायत अंबेहड़ा धीरज की बेटी सुरुचि पुत्री तरसेम लाल गांव अंबेहड़ा धीरज ने एसएससी की परीक्षा 2024 -2025 में सी ग्रेड हासिल कर सीएजी ऑडिटर बनकर ऊना जिले का गौरव बढ़ाया है। इस सफलता पर श्रीराम सेवा समिति अंबेहड़ा धीरज के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने उनके निवास स्थान पहुंचकर सुरुचि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

वहीं, इस अवसर पर श्रीराम सेवा समिति के अध्यक्ष रिटायर्ड कर्नल तरसेम राणा ने कहा कि एकाग्रता व आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है। इसको अपने जीवन में प्रयोग करने से आपको सफलता जरूर मिलती है। इस अवसर पर श्रीराम सेवा समिति के अध्यक्ष रिटायर्ड कर्नल तरसेम राणा, उपाध्यक्ष मास्टर जगदीश चंद शर्मा, कोषाध्यक्ष रमेश शास्त्री, मुख्य सलाहकार महालक्ष्मी अंबेहड़ा धीरज के उद्योगपति एवं समाजसेवी योगराज जोगी, चीफ ऑडिटर आचार्य शिवकुमार शास्त्री, सदस्य किशोरी लाल शर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य मनोहर लाल शर्मा, संजीव कुमार, जगत राम शर्मा, कमलनयन, अंबेडकर धीरज पंचायत प्रधान अंजू शर्मा, सहकारी सभा सचिव विजय शर्मा एवं गणमान्य व्यक्ति तथा परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

# बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में छाया संतोषगढ़ का पवन




**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** सुंदरनगर (मंडी) में बीती 23 मार्च को हुई बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में पवन चौधरी ने अपने हुनर का लोहा मनवाया है। पवन चौधरी ने मिस्टर हिमाचल 2025 प्रतियोगिता में ओपन क्लासिक में मिस्टर हिमाचल व ओवरऑल बॉडी बिल्डिंग में भी मिस्टर हिमाचल के दो खिताब अपने नाम किए हैं।

नगर परिषद संतोषगढ़ स्थित गणपति जिम के संचालक एवं मास्टर बॉडी बिल्डिंग में मिस्टर वर्ल्ड रह चुके दिलीप डोजी की टीम की ओर से गए पवन ने इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर में ऊना का नाम रोशन किया है। पवन चौधरी वर्तमान में प्राइम टाइम मैहतपुर जिम में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं और युवाओं को मेहनत और कसरत सहित जिम के टिप्स देकर मजबूत बॉडी बनाने में योगदान दे रहे हैं। चौधरी ने अपनी सफलता का श्रेय दिलाप डोजी व सोनी सिद्धू को दिया है। पवन की सफलता को दिलीप डोजी ने क्षेत्र का गौरव बताया है। उन्होंने कहा कि आजकल के दौर में यहां नशे का चलन बढ़ रहा है युवाओं को जिम, खेल मैदान जैसी गतिविधियों ने नाता जोड़ने की जरूरत है। पवन चौधरी जैसे बॉडी बिल्डिंग करने वाले युवा बड़ी प्रेरणा बनते हैं।

# रास्ता पूछने के बहाने दुकानदार लूटा

**अनंत ज्ञान, अंब।** क्षेत्र में आए दिन कई आपराधिक मामले सामने आ रहे हैं। रात के समय एक दुकानदार को पंजाब नंबर कार में सवार युवकों ने रास्ता पूछने के बहाने रोककर लूट लिया। इस दौरान दुकानदार के सिर पर डंडे का प्रहार किया, जिससे वह घायल हो गया। मामला दो रोज पहले का है, जो पुलिस ने रविवार को दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक अंब में बेकरी की दुकान चलाने वाला जोग राज पुत्र राम दास गांव व डाकघर नैहरियां तहसील अंब का निवासी है। यह रोज की तरह 20 मार्च की देर रात को दुकान बंद करके घर जा रहा था। रात को करीब साढ़े नौ बजे जब वह दोसड़का से थोड़ा आगे पहुंचा तो एक पंजाब नंबर गाड़ी उनके पास रुकी और कुछ युवक उनसे चिंतपूर्णी का रास्ता पूछने लगे, तभी उसमें से एक व्यक्ति बाहर निकला और उसके ऊपर डंडे से प्रहार कर दिया। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने उसके पास से अठारह हजार की नकदी और मोबाइल छीन लिया। मोबाइल की कीमत लगभग सत्रह हजार रुपए थी। पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# हरोली के दुलैहड़ में बेल्डिंग की दुकान से देसी तमंचा बरामद

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हरोली क्षेत्र के पंजाब से सटे दुलैहड़ गांव में बेल्डर की दुकान से देसी तमंचा बरामद हुआ है। अब यह देसी तमंचा लोकल मेड है या बाहर से सप्लाई हुआ है, इसकी छानबीन शुरु हो गई है। इस संबंध में ही पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने सोमवार को पत्रकार वार्ता करके भी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि जिले में पुलिस द्वारा नशे की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है।

सोमवार को उपमंडल हरोली में पुलिस टीमों ने पांच स्थानों पर छापेमारी की। इसी छापेमारी के दौरान पुलिस उस समय हैरान रह गई, जब दुलैहड़ गांव में स्थित एक बेल्डिंग की दुकान में देसी तमंचा (कट्टा) पिस्टल बरामद किया। पुलिस टीम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए देसी पिस्टल को कब्जे में लेकर दुकानदार को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी दुकानदार के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

वहीं, हरोली क्षेत्र में ही छापेमारी के दौरान एक व्यक्ति से चूरा-पोस्त पकड़ने में भी सफलता हाथ लगी है। एसपी राकेश सिंह ने कहा कि जिले में आपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस द्वारा विशेष अभियान छेड़ा गया है। इसी अभियान के तहत हरोली क्षेत्र में पांच स्थानों पर छापेमारी की गई थी।

एसपी ने बताया कि छापेमारी के दौरान एक व्यक्ति से देसी पिस्टल कट्टा बरामद हुई है। उन्होंने कहा कि पुलिस आरोपी से यह जानने का प्रयास करेगी कि वे यह देसी पिस्टल किसलिए और कहां से लाया था। जिले में आपराधिक गतिविधियों से निपटने के लिए भविष्य में भी ऐसी छापेमारियां की जाएगी ताकि अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया जा सके।

# स्कूलों में परीक्षा केंद्रों पर शिक्षा बोर्ड की सख्ती

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा आयोजित 10वीं और 12वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाओं में बोर्ड की ओर से सख्ती की गई है। सोमवार को दसवीं कक्षा का ड्राइंग एवं वोकेशनल विषय और 12वीं कक्षा का रसायन विज्ञान और व्यावसायिक अध्ययन विषय की परीक्षा में शिक्षा उपनिदेशक शिक्षा क्वालिटी कंट्रोल जिला ऊना नीलम की अध्यक्षता में गठित फ्लाइंग स्क्वायड की टीम ने कई स्कूलों का औचक निरीक्षण किया।

टीम में प्रवक्ता डॉ. किशोरी लाल शर्मा, सुनीता टीजीटी एवं बोधराज डीएम ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ईसपुर, पंडोगा, सीनियर सेकेंडरी स्कूल बाढेड़ा राजपूतां, कुठेड़ा जसवाला, गगरेट एवं कलोह में परीक्षा केंद्र को जांचा, एवं सीसीटीवी फुटेज को देखा और पाया कि परीक्षाएं सुचारु रूप से चल रही हैं। इन परीक्षा केंद्रों में कमियां पाई गईं, वहां परीक्षा समन्वयक को सुधार करने के लिए कहा गया।

# संयम का राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन

**अनंत ज्ञान, अंब।** कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल धुसाड़ा के पांचवीं कक्षा के छात्र संयम शर्मा का चयन 27 से 30 मार्च तक कटक (उड़ीसा )में होने वाली राष्ट्रीय स्तरीय सब जूनियर राष्ट्रीय तलवारबाजी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। संयम शर्मा ने राज्य स्तरीय मुकाबलों में भी शानदार प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल हासिल कर यह स्थान हासिल किया है।



संयम शर्मा के चयन से स्कूल परिवार और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। इस सफलता के लिए संयम के परिजनों ने स्कूल प्रबंधन का धन्यवाद किया। कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल के एमडी संदीप शर्मा का कहना है कि संयम शर्मा खेलों के साथ-साथ पढ़ाई में भी अव्वल रहता है। स्कूल के सारे स्टाफ ने संयम की इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं है। राज्य फेंसिंग एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष शादी लाल गोस्वामी ने उम्मीद प्रकट की है कि संयम शर्मा राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन कर प्रदेश और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। उधर, एसोसिएशन के सचिव अतुल ठाकुर ने कहा कि तलवारबाजी की फोइल इवेंट में संयम शर्मा राज्य का प्रतिनिधित्व करेगा।

# सर्वे में हुआ खुलासा, एसबीएम के डस्टबिन ही पाए गए गायब

**नरेश सिंघा, टाहलीवाल**

स्वच्छ भारत अभियान के तहत नगर परिषद संतोषगढ़ में डस्टबिन बांटने को लेकर धांधली का संदेह जाहिर होने लगा है। संतोषगढ़ में हुए सर्वे के दौरान प्रतिनिधियों को अभियान को लेकर नगर वासियों को बांटे गए डस्टबिन न मिलने का पता चला है, जिससे एसबीएम सर्वे प्रतिनिधि भी अचंभित है। डस्टबिन न मिलने पर स्थानीय लोग नगर परिषद पर सवाल भी खड़े भी कर रहे हैं। हालांकि मामले में सच्चाई क्या है और डस्टबिन मिलने का प्रावधान है या नहीं यह आगामी जांच में ही पुख्ता हो पाएगा।

बता दें कि जिला ऊना सहित पूरे देशभर में स्वच्छ भारत मिशन का कार्य कई लंबे अरसे से चला हुआ है। इसमें विभिन्न नगर निकायों एवं नगर पंचायतों में भी गीला एवं सूखा कूड़ा अलग-अलग एकत्रित किया जा रहा है।

इसी अभियान के तहत बीते एक दो दिन से संतोषगढ़ नगर परिषद में अभियान के दिल्ली से सुपरवाइजर मयंक टीम सहित विभिन्न वार्डों में सर्वे करने में लगे हुए हैं। इसमें गीला-सूखा कूड़ा अलग-अलग करने के संबंध में प्रश्नों को पूछने के अलावा कई प्रश्नों को पूछ कर फार्म आनलाइन भरा जा रहा है। शनिवार को जब संतोषगढ़ के वार्ड पांच में सर्वे के लिए मयंक टीम संग सतपाल के मकान में पहुंचे तो उन्होंने प्रश्नों में उन्हें कूड़ादान मिलने के बारे में पूछा तो स्पष्ट किया कि अभी तक उन्हें कोई डस्टबिन अभियान के तहत नहीं मिला है। (अनंत ज्ञान)

# शिक्षक बता रहे सरकारी स्कूलों की सुविधाएं

**हिना पठानिया, बड़ूही**

सरकारी स्कूलों में इन दिनों बच्चों के दाखिले का काम जोरों पर है। राजकीय उच्च विद्यालय बड़ूही के शिक्षक विवेक कुमार और चमन लाल ने स्कूल के आसपास के क्षेत्रों में घर-घर जाकर अभिभावकों को सरकारी स्कूलों में अपने बच्चों का दाखिला कराने के लिए प्रेरित किया। शिक्षकों ने बताया कि राजकीय उच्च विद्यालय बड़ूही में छठी से आठवीं कक्षा तक निशुल्क शिक्षा प्रदान की जाती है।

इसके अलावा, छठी से दसवीं कक्षा तक छात्रों को निशुल्क वर्दी, पुस्तकें, अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा और विभिन्न छात्रवृत्तियां भी सरकार की ओर से दी जाती हैं। विद्यालय में चार स्मार्ट क्लासरूम, वाईफाई कैंपस और खेलकूद की गतिविधियां भी करवाई जाती हैं, जो बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं। विद्यालय के मुख्याध्यापक संजय कुमार धीमान ने कहा कि प्रत्येक वर्ष जनवरी से ही गणित, अंग्रेजी और विज्ञान के अतिरिक्त कक्षाएं छुट्टियों



**बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ाने के लिए कर रहे अभिभावकों को प्रेरित**

के दिनों में लगाई जाती हैं, ताकि बच्चों का शैक्षिक स्तर और भी ऊंचा हो। इस विद्यालय में सभी पद भरे हुए हैं और यहां की शैक्षिक सुविधाओं का स्तर अत्यधिक उच्च है।

इसके अलावा, विद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्यों अतुल कुमार, राजेश कुमार, सुरेश कुमार, परमिंदर कौर, नीलम कुमारी, आरती, और ऋषा भारद्वाज भी अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों को सरकारी स्कूलों में अभिभावकों को दाखिला कराने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उनका कहना है कि यदि अभिभावक अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में दाखिला दिलवाते हैं, तो वे न केवल बेहतर शिक्षा पा सकते हैं, बल्कि अन्य सुविधाओं का भी लाभ उठा सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

**आयोजन** निक्षय शिविर 100 डेज कैंपेन के तहत विश्व क्षय रोग दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली पंचायतें की सम्मानित

**अनंत ज्ञान, ऊना**

विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर जिला परिषद हॉल ऊना में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपायुक्त जतिन लाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए निक्षय शिविर 100 डेज कैंपेन में बेहतरीन कार्य करने वाली 105 पंचायतों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि इस अभियान में ऊना जिले ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने कैंपेन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जिला अधिकारियों एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को भी पुरस्कृत किया तथा उनके प्रयासों की सराहना की।

**टीबी उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक :** उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि टीबी उन्मूलन एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्वास्थ्य चुनौती है, जिसने लाखों लोगों को सामाजिक और आर्थिक रूप से प्रभावित किया है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम और



विश्व क्षय रोग दिवस पर उपस्थित डीसी जतिन लाल और अन्य अधिकारी

विभिन्न जागरूकता अभियानों के माध्यम से पिछले दशक में टीबी मामलों में उल्लेखनीय कमी आई है।

उन्होंने सभी हितधारकों, पंचायत प्रतिनिधियों, स्वास्थ्य कर्मियों और नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही भारत को टीबी मुक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि निक्षय शिविर 100 डेज कैंपेन आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य टीबी की शीघ्र पहचान, समय पर उपचार और इसके उन्मूलन की गति को तेज करना था। उन्होंने बताया कि विश्व क्षयरोग दिवस 2025 की थीम – हां हम टीबी को समाप्त कर सकते हैं। प्रतिबद्ध हों, निवेश करें, परिणाम दें, है। यह विषय इस बात पर जोर देता है कि टीबी उन्मूलन के लिए संगठित और समर्पित वैश्विक प्रयास आवश्यक हैं।

उपायुक्त ने बताया कि टीबी उन्मूलन के लिए विभिन्न योजनाएं और अभियान चलाए जा रहे हैं। निक्षय पोषण योजना के तहत टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार हेतु आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।

**टीबी जागरूकता और जांच के लिए शिविर आयोजित :** इस अभियान के तहत जिले भर में विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेष निक्षय शिविर आयोजित किए गए। इनमें लोगों को टीबी जांच की सुविधाएं, जैसे एक्स-रे, बलगम परीक्षण और आवश्यक परामर्श उपलब्ध कराया गया।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष नीलम कुमारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव वर्मा, जिला पंचायत अधिकारी श्रवण कुमार, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. विशाल ठाकुर, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. किरण शर्मा, चिकित्सा अधीक्षक संजय मनकोटिया, बीडीओ ऊना केएल वर्मा, बीडीओ अंब ओमपाल डोगरा, बीडीओ हरोली राजेश्वर भाटिया, बीडीओ गगरेट सुरेंद्र कुमार, बीडीओ बंगाणा सुशील कुमार, समस्त बीएमओ, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. राकेश अग्निहोत्री, केमिस्ट एसोसिएशन के प्रधान मनीश चड्ढा सहित विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### जांच में 70 निकले टीबी संक्रमित : डॉ. संजीव

**मुख्य** चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव वर्मा ने बताया कि निक्षय शिविर 100 डेज कैंपेन के तहत कुल 84,285 व्यक्तियों की जांच की गई। उन्होंने बताया कि ब्लॉक अंब में 13,970, ब्लॉक बसदेहड़ा में 27,895, ब्लॉक गगरेट में 8,122, ब्लॉक हरोली में 20,492 और ब्लॉक थानाकलां में 6,692 व्यक्तियों की टीबी जांच की गई। इस दौरान 7,741 व्यक्तियों में टीबी संभावित लक्षण पाए गए, जिनकी पूरी जांच प्रक्रिया पूरी करने के बाद 70 व्यक्तियों में टीबी संक्रमण की पुष्टि हुई।

### सार्वजनिक सहयोग से ही संभव होगा टीबी उन्मूलन : डीसी

उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि टीबी से जुड़े लक्षणों को अनदेखा न करें और समय पर जांच एवं उपचार करवाएं। उन्होंने कहा कि यदि हम संगठित प्रयासों के साथ आगे बढ़ें, तो टीबी उन्मूलन का लक्ष्य जल्द ही प्राप्त किया जा सकता है।

# बंगाणा के इन क्षेत्रों में कल बिजली सप्लाई रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** बुधवार को 11 केवी फीडर बंगाणा की आवश्यक मुरम्मत और रखरखाव हेतु इस फीडर के अंतर्गत आने वाले गांवों बंगाणा, बंगाणा बाजार, अंदरोली, भूगड़ीयान, भलेत, नारगरू, बोट, ठंडी खूई, नायली, 11 केवी, 250 केवीए ट्रांसफार्मर टेलीफोन एक्सचेंज बंगाणा के अंतर्गत आने वाली जगह जैसे सैंट्रल बैंक से लेकर आइस फेक्टरी ठडी खूई तक तथा इनके साथ लगने वाले गांवों की बिजली आपुर्ति सुबह साढ़े 9 से शाम 6 बजे तक बाधित रहेगी।

विद्युत उपमंडल बंगाणा के सहायक अभियंता ई. उदित सिंह ने सर्वसाधारण से सहयोग की अपील की है और साथ ही विद्युत उपमंडल, बंगाणा के सभी उपभोक्ताओं से अपील है कि बिजली बोर्ड की ओर से विद्युत मीटर संख्या को उपभोक्ता के आधार कार्ड से जोड़ने (केवाईसी) की प्रक्रिया 31म ार्च 2025 तक जारी है। जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक केवाईसी नहीं करवाई है, वह जल्द से जल्द इस प्रक्रिया को पूरा करें, ताकि वे सुविधाओं से वंचित न रह सके।

**कार्यालय ग्राम पंचायत चकवाड़ी**
**विकास खंड फतेहपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

**प्र. सं. 04** **दिनांक 24/03/2025**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि ग्राम पंचायत चकवाड़ी वर्ष 2025-26 में निम्न लिखित मैटीरियल की सप्लाई हेतु निविदा आमंत्रित करती है। इच्छुक फार्म/व्यक्ति /एजेन्सी इस निविदा के प्रकाशित होने के सात दिन के भीतर-2 कार्यालय ग्राम पंचायत में अपनी निविदा जमा करवा सकते हैं। निविदा डाक द्वारा ही दी जा सकती है। इन निविदाओं को 07/04/2025 को निर्धारित पंचायत बैठक में खोला जाएगा। मैटिरियल विवरण निम्न लिखित है। रेता, जीरा, रोडी, पत्थर, बजरी लोकल, सरिया, आरसीसी पाईप, प्लास्टिक पाईप, ईट, क्रेट वायर, शटरिंग स्टील व शटरिगं लकड़ी, मिक्सचर मशीन, पानी का टैंक, पानी टैंकी, साफ सफाई, ठोस तरल, साईन बोर्ड आर.सी.सी. बैंच, आयरन बैंच इत्यादि ही निविदा द्वारा कार्यालय ग्राम पंचायत चकवाड़ी तह. फतेहपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.) पर दी जा सकती है। अधिक जानकारी के लिए मो. 9816931538 पर सम्पर्क कर सकते हैं। फर्म के पास अपना जीएसटी नं. होना आवश्यक है। व पारित बैंडर की सिक्योरिटी के रूप में 50000 रु0 जमा करवानी होगी। मैटिरियल बिल एम फार्म सहित ही मान्य होगा अन्य शर्तों बारे निविदा खोलने के समय पहले ही विस्तार में बता दिया जायगा।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत चकवाड़ी**
**विकास खंड फतेहपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

# बर्फ के दीदार के लिए पर्यटकों की बहार

## बर्फ से लकदक सिस्सू व अटल टनल पर्यटन स्थल सैलानियों से गुलजार

**कमलेश वर्मा, केलांग**

कुल्लू व कबायली क्षेत्र लाहौल-स्पीति के पर्यटन स्थल इन दिनों देश-विदेश के सैलानियों से गुलजार हैं।

लाहौल-स्पीति व कुल्लू-मनाली में कुछ दिन पहले हुई बर्फबारी से पहाड़ व वादियां बर्फ की चांदी से निखर उठी हैं। ताजा बर्फबारी के बाद अब सैलानियों ने कुल्लू, मनाली के साथ-साथ लाहौल घाटी का भी रुख कर लिया है और इस समय अटल टनल का नॉर्थ व साउथ पोर्टल सहित प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सिस्सू सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। हालांकि, सोलंगनाला, फातरु, हामटा, अंजनी महादेव सहित अन्य पर्यटन स्थलों में भी पर्यटक सैर सपाटे के लिए जा रहे हैं, लेकिन सिस्सू व अटल टनल के दोनों पोर्टल में बर्फ के दीदार के लिए सैलानियों की बहार लगी हुई है। रोजाना हजारों वाहन अटल टनल, सिस्सू के आर-पार हो रहे हैं। सुबह से ही सिस्सू व अटल टनल के दोनों छोर में सैलानियों का भारी संख्या में सैलाब उमड़ रहा है और देर शाम तक सैलानियों का आना-जाना चला रहता है। वाहनों की संख्या अधिक होने और पार्किंग की कमी के कारण हालांकि ट्रैफिक जाम की समस्या भी पेश आ रही है। पर्यटक व स्थानीय लोग घंटों जाम में फंस रहे हैं, लेकिन फिर भी पर्यटक खूब मजे कर रहे हैं। कुल्लू-मनाली घूमने आए हरियाणा के पर्यटक रुद्रा अग्रवाल, योगेश गर्ग, शीतल, भीमसेन, जियांशी व रवि सहित अन्य ने बताया कि वह पहली बार मनाली घूमने आए हैं। अपना अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि कुल्लू-मनाली व लाहौल के पर्यटन स्थल जन्नत हैं। अटल टनल के साउथ पोर्टल में बर्फ के बीच उन्होंने खूब मस्ती की और वह यहां आकर बहुत खुश हैं, दोबारा भी यहां आएंगे। (अनंत ज्ञान)



### धुंधी में हिमस्खलन, कुछ समय बाधित रहा मार्ग

**धुंधी** में सोमवार को हिमस्खलन हुआ। गनीमत रही कि इस दौरान किसी भी तरह का जानमाल का नुकसान नहीं हुआ, लेकिन मनाली-लेह मार्ग कुछ समय के लिए बाधित रहा। दोपहर तक सड़क मार्ग यातायात के लिए बहाल कर दिया गया।

### अटल टनल में पर्यटकों का हुड़दंग, 1500 कटा चालान

**कुल्लू** व लाहौल घाटी घूमने आने वाले कुछ पर्यटक यहां पर उपद्रव भी फैला रहे हैं। ऐसी ही एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ लड़के अटल टनल के अंदर गाड़ी से बाहर नाच-गाना व पुश अप लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद मनाली पुलिस ने जांच शुरू की तथा प्रभारी अटल टनल से भी टेलिफोन द्वारा जानकारी ली गई। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि यह मामला गत दिन का है, जब जिला लाहौल-स्पीति में मैराथन का आयोजन किया जा रहा था, जिस कारण सिस्सू हेलिपैड़ पर पार्किंग सुविधा न होने तथा रोड के दोनों साईड बर्फ होने के कारण व वाहनों का आवागमन अत्यधिक होने के कारण कुछ देर के लिए यातायात रुक गया था। रुक-रुक कर गाड़ियां चल रही थी। पुलिस द्वारा इस मामले पर संज्ञान लेते हुए उपरोक्त गाड़ी संख्या डीएल-3सीसीयू-3909 का चालान मोटर वाहन अधिनियम की धारा 177,179 के अंतर्गत 1500 रुपए का चालान किया गया है। इसके अतिरिक्त प्रभारी, अटल टनल सुरक्षा, दक्षिण छोर को जरुरी दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

### सुबह सात से नौ बजे तक सिस्सू-अटल टनल मार्ग बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जिला दंडाधिकारी राहुल कुमार ने आदेश जारी करते हुए कहा कि लाहौल उपमंडल में तेलिंग मार्ग का जीर्णोद्धार कार्य पूरा किया जाना है। तेलिंग गांव की सड़क एनएच-3 के लिए एक महत्वपूर्ण वैकल्पिक संपर्क है। इस सड़क पर जीर्णोद्धार कार्य के कारण एनएच-3 पर चलने वाले वाहनों के लिए पत्थर, चट्टानें और मलबा गिरने का खतरा है। एनएच-3 पर चलने वाली आम जनता और उनके वाहनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व कार्य के लिए यातायात की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाने की आवश्यकता है। लिहाजा, मोटर वाहन अधिनियम के तहत सिस्सू (नर्सरी) से एटीआर नॉर्थ पोर्टल तक की सड़क आज सुबह 7 से सुबह 9 बजे तक आपातकालीन वाहनों को छोड़कर सभी प्रकार के वाहनों के लिए यातायात की आवाजाही के लिए प्रतिबंधित रहेगी। पुलिस विभाग उक्त मार्ग पर कड़ी निगरानी रखने, यातायात की आवाजाही पर प्रतिबंध सुनिश्चित करने और यात्रियों की सहायता के लिए पुलिस कर्मियों को तैनात कर सकता है।

# दारचा तक सभी वाहनों के लिए खुला सड़क मार्ग

## केलांग में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की समीक्षा बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



डीसी लाहौल-स्पीति एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण राहुल कुमार ने कहा कि दारचा तक सड़क मार्ग को पर्यटकों व आम लोगों व सभी तरह के वाहनों के लिए सामान्य तौर पर खोल दिया है। यह बात सोमवार को उन्होंने केलांग मुख्यालय में सर्दी के मौसम के बाद जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की तैयारियों को लेकर समीक्षा आयोजित बैठक में कही।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी राहुल कुमार ने जिले में सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की और मौजूदा स्थिति का संबंधित विभागीय अधिकारियों से अद्यतन रिपोर्ट की जानकारी लेने के उपरांत डीसी ने बैठक में यह निर्देश जारी किए किए। जिले में पर्यटकों की बढ़ती संख्या को मध्य नजर रखते हुए सीमा सड़क संगठन व पुलिस विभाग वाहनों के लिए उचित पार्किंग स्थलों व ट्रैफिक मैनेजमेंट को लेकर समन्वय स्थापित कर समय रहते प्रभावी कार्य योजना सुनिश्चित बनाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी घटना की जानकारी को तुरंत जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को प्रेषित करें।

उन्होंने कहा कि सभी विभाग वर्ष भर के निर्धारित क्रियाकलापों की भी वार्षिक रिपोर्ट 15 अप्रैल तक डीडीएमए को प्रेषित करें। बैठक में चंद्रभागा नदी व सहायक नालों के मुहानों पर बाढ़ से एकत्रित मलबे के उचित निस्तारण के लिए ड्रेजिंग साइट्स को चिन्हित करने को लेकर चर्चा के दौरान डीसी ने वन, खनन व राजस्व विभाग के अधिकारियों को तीनों उपमंडल में समितियां गठित करने के लिए निर्देश दिए, ताकि जल्द सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर ड्रेजिंग साइट्स का कार्य आरंभ किया जा सके। डीसी ने सीमा सड़क संगठन के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले से गुजरने वाले देश के सामरिक महत्व के बारालाचा, शिंकुला दर्रा मार्ग व सुमदो काजा ग्राफू मार्ग को खोलने की भी समय सीमा निर्धारित की जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### कमलेश बने प्रेस क्लब मनाली के अध्यक्ष



**अनंत ज्ञान, मनाली।** इंटरनेशनल प्रेस क्लब मनाली के चुनाव सर्वसम्मति से प्रेस रूम मनाली में आयोजित किए गए। इस दौरान कमलेश बौद्ध को अध्यक्ष चुना गया। चुनाव से पहले प्रेस क्लब मनाली की पूर्व कार्यकारिणी को निरस्त किया गया। अध्यक्ष संजय भारद्वाज ने साल भर किए कार्यों का ब्यौरा दिया। सदस्यों की सहमति से कमलेश बौद्ध को अध्यक्ष के रूप में चुना गया। चुनाव प्रक्रिया के शुरुआत में तीन प्रत्याशियों कमलेश बौद्ध, पूर्ण ठाकुर व राज कुमार डोगरा ने अपने नाम प्रधान पद के लिए रखे। सदस्यों ने उन्हें आपसी सहमति बनाने का समय दिया। दोनों ने भी कमलेश बौद्ध के नाम पर सहमति जता दी। पूर्ण ठाकुर को सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष, राजकुमार डोगरा को महासचिव, मधु वाला को कोषाध्यक्ष, रतन कटोच को सह सचिव, संजय भारद्वाज को चेयरमैन तथा शलेंद्र शर्मा को कानूनी सलाहकार बनाया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष कमलेश बौद्ध ने कहा कि पत्रकारों के हित में वरिष्ठ सदस्यों की सलाह से विकासात्मक कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब की मजबूती के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। पत्रकारों की हर समस्या के समाधान का प्रयास किया जाएगा।

### डीएवी पब्लिक स्कूल के उत्थान बारे की चर्चा

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** डीएवी पब्लिक स्कूल कटराईं में स्थानीय प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में विद्यालय के उत्थान और विभिन्न मुद्दों पर विशेष चर्चा की गई। डीएवी कटराईं के अध्यक्ष प्रीतम पाल की अध्यक्षता में यह बैठक हुई। बैठक की शुरुआत वैदिक हवन से की गई। इसके बाद विज्ञान प्रयोगशाला और जैन सेट का उद्घाटन अध्यक्ष द्वारा किया गया। वहीं, विभिन्न विषय विशेषज्ञों ने प्रत्याशियों के साक्षात्कार भी लिए, जिसमें कई प्रत्याशियों ने अपने ज्ञान और कौशल का प्रदर्शन किया। इस दौरान एआरओ हिमाचल प्रदेश जोन-सी केएस गुलेरिया, उपाध्यक्ष नरेश कटोच, डीएवी कटराईं के प्रबंधक आरएस राणा, एलएमसी सदस्य मोहिंद्र कटोच और डॉक्टर संदीप दत्तवालिया, डीएवी मौहल प्रधानाचार्य अंशु सूद, डीएवी जोगिंद्रनगर प्रधानाचार्य संजय ठाकुर, डीएवी गोहर के प्रधानाचार्य चंद्रेश्वर शर्मा व डीएवी कटराईं की प्रधानाचार्य चंद्रिका मल्होत्रा आदि उपस्थित रहे।

### औषधीय पौधों की खेती बारे किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, तीर्थन।** हिमाचल प्रदेश में जड़ी-बूटियों की खेती, रखरखाव और उनके व्यापार को लेकर सरकार प्रदेश के किसानों को लगातार जागरुक कर रही है। इसी के तहत जिला कुल्लू के मौहल में स्थित गोविंद वल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान की ओर से तीर्थन घाटी में प्रशिक्षण एंव जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को जागरूक किया गया कि किस तरह से वह औषधीय पौधों की खेती से अपनी किस्मत बदल सकते हैं। तीर्थन एवं बंजार घाटी के प्रमुख प्रगतिशील जड़ी-बूटी उत्पादक खुशाल शर्मा ने बताया कि कैसे जड़ी-बूटी की खेती ने उनके जीवन में बड़ा बदलाव लाया। इससे न सिर्फ वह और उनका परिवार आर्थिक रूप से सशक्त हुआ, बल्कि इससे उन्हें जीवन जीने का नया नजरिया मिला। खुशाल शर्मा न सिर्फ खुद बल्कि घाटी के अन्य किसानों को भी औषधीय पौधों की खेती करने के लिए लिए लगातार प्रोत्साहित कर रहे हैं। साथ ही साथ वह इससे जुड़े सेमिनार और कार्यक्रमों में भी भाग लेते रहते हैं। तीर्थन घाटी में स्ववित्त पोषित परिवर्तनकारी परियोजना 4 सतत विकास के लिए हिमालयी जैव विविधता के अंतर्गत तीर्थन घाटी में सतत विकास के लिए उच्च मूल्य वाले हिमालयी औषधीय पौधों की खेती, कटाई और विपणन प्रबंधन विषय पर एकदिवसीय प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# व्यक्ति के साथ मारपीट मामले में एएसआई व दो पुलिस कर्मी सस्पेंड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू के मुख्यालय ढालपुर के पुलिस थाना में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में एसपी कुल्लू ने कार्रवाई करते हुए तीन पुलिस कर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। पुलिस प्रशासन ने इस मामले में एक एएसआई, दो पुलिस कर्मचारी और एक होमगार्ड के जवान पर कार्रवाई की है। पुलिस के द्वारा तीनों पुलिस कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया गया है। साथ ही होमगार्ड के जवान पर भी कार्रवाई की जा रही है।

वहीं, सोशल मीडिया में भी मारपीट का वीडियो वायरल हो रहा है, जिससे एक बार फिर कुल्लू पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान खड़े हो गए हैं। बीती शाम के समय खराहल घाटी के रहने वाले प्रकाश की ढालपुर में एक अन्य कार चालक के साथ टक्कर हो गई। प्रकाश के अनुसार पोती उनकी गाड़ी में बैठी थी। मौके पर पुलिस पहुंची और पुलिस ने प्रकाश को कहा कि वह पहले अपनी पोती को घर छोड़कर आए और उसके बाद अपनी कर ले जाए, जब प्रकाश वापस ढालपुर पहुंचा, तो वहां पर एक एएसआई, दो पुलिस के आरक्षी और एक होमगार्ड के जवान ने उसे कमरे में बंद किया और उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दी।

प्रकाश का आरोप है कि उसके साथ मारपीट की गई और उसका मोबाइल फोन छीनने की भी कोशिश की गई। सोशल मीडिया में यह वीडियो वायरल होने के बाद अब पुलिस ने भी आप आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, सोमवार को प्रकाश एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन से मिला और उसके साथ घटित घटना बारे अवगत करवाया। उधर, एएसपी कुल्लू संजीव चौहान ने बताया कि इस मामले में एएसआई सहित दो पुलिस कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया गया है। होमगार्ड के जवान को भी कॉल बैक किया गया है। पुलिस इस मामले में आगामी कार्रवाई कर रही है।

### अमन सूद पर पुलिस ने दर्ज किया मामला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** होली उत्सव के दौरान पंजाब से आए उपद्रवियों के द्वारा यहां पर स्थानीय लोगों के साथ मारपीट की गई। होटल कारोबारी अमन सूद के द्वारा इन उपद्रवियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग रखी गई थी। डीसी के माध्यम से भी सरकार को ज्ञापन भेजा गया था और 4 अप्रैल तक सभी उपद्रवियों पर कानूनी कार्रवाई करने की भी बात कही गई थी, लेकिन अब प्रदेश सरकार के द्वारा अमन सूद पर ही देश की अखंडता को खंडित करने का आरोप लगाते हुए पुलिस में मामला दर्ज करवाया गया है। सोमवार को अमन एसडीएम कुल्लू की अदालत में पेश हुए, जहां अब आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने उपद्रवियों पर कानूनी कार्रवाई करने की बात कही थी, लेकिन किसी व्यक्ति के द्वारा भी उनके ऊपर एक मामला दर्ज करवाया गया कि उन्होंने खलिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। सरकार को चाहिए था कि वह उपद्रव मचाने वालों पर कानूनी कार्रवाई करे, लेकिन सरकार ने पुलिस के माध्यम से उल्टा उन पर ही कार्रवाई की।



### प्राकृतिक परिवेश को बचाते हुए पर्यटन का विकास करना आवश्यक

**अनंत ज्ञान, मनाली**

पर्यटन नगरी मनाली में पर्यटन से जुड़े मुद्दों पर कार्यशाला आयोजित की गई। डीसी तोरुल रवीश कार्यशाला में मुख्यातिथि पहुंची। कार्यशाला में पर्यटन से जुड़े विभिन्न संगठनों के लोगों ने भाग लिया।

डीसी ने महिला सुरक्षा, नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव, आतिथ्य सत्कार क्षेत्र, सतत पर्यटन एवं अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर जानकारी साझा की। डीसी ने कहा कि मनाली क्षेत्र में प्राकृतिक परिवेश को बचाते हुए पर्यटन का विकास करना आवश्यक है, ताकि भविष्य के लिए भी हम पर्यटन स्थलों को बचा कर रखें। महिलाओं के लिए इस व्यवसाय में एक सुरक्षित वातावरण बनाना होगा, ताकि पर्यटक महिलाओं सहित इस क्षेत्र में उद्यमिता के रूप में भी महिलाओं की भागीदारी बढ़ सके। पर्यटन स्थलों को ड्रग मुक्त क्षेत्रों के रूप में विकसित करना पड़ेगा साथ ही स्थानीय युवाओं को भी नशे से दूर रखना होगा।

### 38 ग्राम चिट्टे सहित पंजाब के दो पर्यटक काबू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स द्वारा कुल्लू-मंडी सीमा पर स्थित औट के समीप 38 ग्राम चिट्टे के साथ पंजाब के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उक्त मामला गत रात का है, जब एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम गश्त पर थी।

इस दौरान टीम को गुप्त सूत्रों से जानकारी मिली कि दो व्यक्ति नशे की खेप लेकर जा रहे हैं। सूचना के आधार पर टीम ने योजना बनाकर शनि मंदिर के समीप सामने से आ रहे दो व्यक्तियों को दबोच लिया, जिनके कब्जे से तलाशी के दौरान 38 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद हुई। टीम ने नशे की खेप को कब्जे में लेकर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी नारकोटिक्स टास्क फोर्स हेमराज वर्मा ने बताया कि आरोपियों की पहचान गुरजीत सिंह गांव गंगोमहल तहसील अंजनाला जिला अमृतसर पंजाब तथा अशनदीप सिंह गांव जोड़ाफटक तहसील अंजनाला जिला अमृतसर पंजाब के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपियों को संबधित थाना के सुपुर्द कर दिया गया है और मामला औट थाना को आगामी जांच के लिए भेज दिया गया है।

### इंटर कॉलेज फैकल्टी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

# करसोग कॉलेज ने लंबाथाच कॉलेज को 76 रनों से हराया

**अनंत ज्ञान, आनी**



आनी के हरिपुर स्थित डिग्री कॉलेज द्वारा आईक्यूएसी सेल के तत्वावधान में इंटर कॉलेज फैकल्टी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में जीडीसी आनी (हरिपुर), जीडीसी रामपुर बुशहर, जीडीसी लंबाथाच और जीडीसी करसोग आदि चार कॉलेजों की टीमों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता का उद्देश्य विभिन्न कॉलेज के फैकल्टी प्राध्यापकों में खेल भावना को बढ़ावा देना और उन्हें शारीरिक सक्रियता की दिशा में प्रेरित करना था। प्रतियोगिता में मुख्यातिथि के रूप में प्रोफेसर नरेंद्र पॉल ने शिरकत की साथ ही विशिष्टातिथि के रूप में प्रो. रमेश कटारिया, प्रो. राजेश नेगी, क्रिकेट अकादमी आनी के मुख्य कोच प्रेम पॉल भी मौजूद रहे। टूर्नामेंट में फाइनल मुकाबला करसोग कॉलेज और लंबाथाच कॉलेज (सिराज) के मध्य खेला गया, जिसमें करसोग कॉलेज ने लंबाथाच कॉलेज को 76 रन से पराजित किया और विजेता रही। वहीं, लंबाथाच कॉलेज उपविजेता रही। टूर्नामेंट में उपरोक्त सभी कॉलेजों के प्राध्यापकों ने उत्साह और जोश के साथ हिस्सा लिया और खेल का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सभी कॉलेजों की टीमों ने अच्छे प्रदर्शन का परिचय दिया।

### 4 अप्रैल तक संस्कृत भाषा का लें ज्ञान

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** शास्त्रा सोसायटी घुड़दौड़ द्वारा 4 अप्रैल तक संस्कृत भाषा पर निशुल्क दस दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में संस्कृत भाषा का ज्ञान प्राप्त करने के लिए दस दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। शास्त्रा सोसायटी घुड़दौड़ के सचिव डॉ. डीने राम ने बताया कि यह शिविर पूरी तरह से निशुल्क होगा और इसमें संस्कृत में पढ़ना और बोलना सिखाया जाएगा।

संस्कृत भाषा हमारी सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह भाषा न केवल हमारे प्राचीन ज्ञान और साहित्य को संरक्षित करती है, बल्कि यह हमें अपनी जड़ों से जुड़ने का एक अवसर भी प्रदान करती है। आचार्य नितिन शिविर के शिक्षक और आलम चंद आयोजक शास्त्र समिति अध्यक्ष ने कहा कि शिविर में प्रशिक्षण का समय दोपहर बाद 3 से सायं 5 बजे तक रहेगा और इस शिविर का आयोजन शास्त्रा सोसायटी घुड़दौड़ के भवन में आयोजित होगा। सभी विद्यार्थी इस दौरान संस्कृत का ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं।

# वार्ड एक रामशिला में पार्क के पास कूड़ा फेंकने वालों की अब खैर नहीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

नगर परिषद कुल्लू के वार्ड एक रामशिला में पार्क के पास अब कूड़ा-कचरा फेंकने वालों की अब खैर नहीं। रामशिला में पार्क के पास वार्ड के कुछ लोगों द्वारा खुले में कूड़ा कचरा फेंका जाता है और यह कूड़ा यहां से ब्यास में जाकर मिल रहा है। साथ ही हमेशा इस कूड़े में बेसहारा पशु व कुत्ते मुंह मारते नजर आते हैं।

हालांकि, नगर परिषद कुल्लू की ओर से वार्डवासियों को यहां पर खुले में कूड़ा न फेंकने की कई बार हिदायत भी दी गई थी, लेकिन तब भी वार्डवासी खुले में कूड़ा फेंकने से नहीं मान रहे थे। अभी कुछ समय पूर्व इसी जगह पर खुले में कूड़े के ढेर में मानसिक रूप से परेशान एक युवक की वीडियो भी वायरल हुई थी, जिसमें युवक कूड़े के ढेर से रोटी निकालने के बाद उसी रोटी को खाते हुए दिखा है। नगर परिषद कुल्लू की पार्षद आशा महंत ने बताया कि अब इस प्वाइंट को बंद कर दिया है और अगर कोई भी व्यक्ति यहां पर कूड़ा फेंकते हुए पाया गया, तो उस पर नप कुल्लू द्वारा जुर्माना वसूला जाएगा। इस जगह पर कोई भी कूड़ा कचरा फेंकते हुए पकड़ा गया, तो नगर परिषद द्वारा उससे 1000 से 5000 रुपए तक जुर्माना वसूला जाएगा। वहीं, उन्होंने लोगों से यह भी अपील की कि यदि कोई उन्हें कूड़ा फेंकने वाले की जानकारी फोटो, वीडियो भेजता है तो उसे उनकी ओर से 100 रुपए इनाम के रूप में दिया जाएगा। साथ ही उसका नाम गुप्त रखा जाएगा। उन्होंने वार्डवासियों से वार्ड को स्वच्छ व सुंदर बनाने में सहयोग करने का आह्वान किया।



**नगर परिषद कुल्लू ने बंद किया प्वाइंट, कूड़ा फेंकने वालों को भरना पड़ेगा 1000 से 5000 रुपए तक जुर्माना**

# विश्व क्षय रोग दिवस: रैली निकालकर किया जागरूक




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर स्थित क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में सोमवार को विश्व क्षय रोग दिवस मनाया गया। इस मौके पर चामुंडा नर्सिंग एवं क्रिश्चियन नर्सिंग प्रशिक्षु नर्सों के द्वारा भी इस बारे ढालपुर में एक रैली निकाली गई।

इस दौरान सीएमओ कुल्लू डॉक्टर नागराज पवार विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने बताया कि इस दिवस के अवसर पर जिला कुल्लू में लोगों को क्षय रोग से बचाव के बारे में विशेष रूप से जागरूक किया। डॉक्टर पवार ने बताया कि विश्व टीबी दिवस मनाने के पीछे का उद्देश्य आम लोगों को टीबी रोग के लक्षण, कारण और बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी देना है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट्स के अनुसार वर्ष 2000 से टीबी को खत्म करने के वैश्विक प्रयासों से अनुमानित 7 करोड़ से अधिक लोगों की जान बचाई गई है। वहीं, विश्व क्षय रोग दिवस की थीम इस साल हम टीबी को समाप्त कर सकते हैं और प्रतिबद्ध, निवेश, उद्धार रखी गई है।

इस थीम का उद्देश्य दुनिया को यह संदेश देना है कि सामूहिक प्रयास और जागरूकता के साथ टीबी का उन्मूलन संभव है। ऐसे में जिला कुल्लू में भी क्षय रोगियों की स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मदद की जाती है और समय-समय पर उन्हें दवाइयां उपलब्ध करवाई जाती हैं, ताकि इस रोग को जड़ से खत्म किया जा सके।

**कार्यक्रम** आनी-निरमंड क्षेत्र में दुग्ध उत्पादन से संबंधित कार्यों को मिलेगी प्राथमिकता

# दुग्ध समितियों को मिलेगा एनालाइजर: बुद्धि सिंह

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

प्रदेश सरकार सभी दुग्ध समितियों को एनालाइजर (दूध की गुणवत्ता मापने वाला यंत्र) उपलब्ध करवाएगी। इस संबंध में जल्द ही प्रभावी कदम उठाए जाएंगे, जिससे पशुपालकों को दूध की गुणवत्ता का दैनिक स्तर पर पता चल सके और उन्हें उनके उत्पाद का उचित मूल्य प्राप्त हो। यह बात मिल्कफेड के अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर ने आनी में उनके सम्मान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही।



उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार दुग्ध समितियों के डिजिटलकरण की दिशा में अग्रसर है। इस पहल के अंतर्गत प्रारंभिक चरण में प्रदेश की 15 दुग्ध समितियों को पायलट योजना के रूप में शामिल किया गया है। इसे चरणबद्ध रूप से अन्य समितियों तक विस्तारित किया जाएगा। सोमवार को आनी में मिल्कफेड का अध्यक्ष बनने के उपरांत पहली बार कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा उनका अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर आनी-निरमंड विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बुद्धि सिंह ने पशुपालकों से आग्रह किया कि वे अपने दूध की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें, जिससे उन्हें उचित मूल्य प्राप्त हो सके। प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा हालही में प्रस्तुत बजट में दूध के दाम बढ़ाए गए हैं, जिससे पशुपालकों की आजीविका को सुदृढ़ता मिलेगी। भविष्य में इन दरों में और वृद्धि किए जाने की संभावना है, जिससे पशुपालकों को और अधिक लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने अन्य विभागों की भांति पशुपालकों के लिए भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया और आश्वासन दिया कि जल्द ही इस विचार को मूर्त रूप प्रदान किया जाएगा। उन्होंने समारोह में उपस्थित जनसमूह को आश्वासन दिया कि आनी-निरमंड क्षेत्र के विकास कार्यों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। उन्होंने आनी की सेब एवं सब्जी मंडी तथा खेगसू की सेब मंडी के उन्नयन के लिए एपीएमसी के अध्यक्ष मियां राम सिंह से आग्रह किया।

उन्होंने कहा की बशलेओ जोत से होकर बनने वाले पथ पर इलेक्ट्रिक वाहन (ई-कार्ट) चलाई जाएंगी। इसी प्रकार, जलोड़ी जोत से सरेउल सर तक भी ई-कार्ट संचालन का प्रस्ताव है। बागासराहन और रघुपुर क्षेत्रों में पैराग्लाइडिंग को भी बढ़ावा दिया जाएगा। समारोह में जिला परिषद अध्यक्ष पंकज परमार ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इससे पूर्व लुहरी और आनी में कार्यकर्ताओं द्वारा मिल्कफेड के अध्यक्ष बुद्धि सिंह ठाकुर का पारंपरिक वाद्ययंत्रों एवं पुष्पमालाओं से भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर उनकी पत्नी गोयला ठाकुर, एपीएमसी के अध्यक्ष मियां राम सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष पंकज परमार, पूर्व विधायक किशोरी लाल सागर, कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी परस राम, एसडीएम आनी नरेश वर्मा, बीडीसी अध्यक्ष विजय कंवर सहित विभिन्न पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### आनी में इस वर्ष प्रारंभ होगी सब्जी मंडी

आनी में इस वर्ष से सेब मंडी का संचालन प्रारंभ किया जाएगा। आरंभ में अस्थायी शेड के माध्यम से मंडी की शुरुआत होगी और अगले वर्ष तक स्थायी ढांचा स्थापित किया जाएगा। एपीएमसी (कुल्लू-लाहौल-स्पीति) के अध्यक्ष मियां राम सिंह ने समारोह को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने खेगसू सेब मंडी में आधारभूत सुविधाओं के उन्नयन का भी आश्वासन दिया।

### त्रिलोकनाथ धाम में आज स्नो फेस्टिवल होगा शुरू

**केलांग।** एसडीएम उदयपुर मनोज ठाकुर ने कहा कि मंगलवार को त्रिलोकनाथ धाम उदयपुर उपमंडल में स्नो फेस्टिवल यति उत्सव का धूमधाम से आयोजन होगा, जिसका मुख्य आकर्षण स्नो बोर्ड तथा स्की प्रतियोगिता के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम व विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा।

फॉर्म संख्या 3 [देखें विनियमन-15 (1)(ए)]/16(3)

**ऋण वसूली न्यायाधिकरण चंडीगढ़ (डीआरटी 1)**
**द्वितीय तल एससीओ 33-34-35 सेक्टर-17 ए, चंडीगढ़**

ऋण वसूली न्यायाधिकरण (प्रक्रिया) नियम, 1993 के नियम के उप-नियम के साथ पठित अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के अंतर्गत समन।

**प्रदर्श संख्याः- 26081** **समन** **केस संख्याः- OA/1572/2024**

**एचडीएफसी बैंक लिमिटेड बनाम बाला राम**

**1. बाला राम पुत्री/पत्नी/पुत्र -सपुत्र श्री राम दयाल निवासी 144/2, गांव पुरुनी, तह. कल्पा, जिला किन्नौर, हिमाचल प्रदेश-172107 2. राम जीत पुत्र बाला राम, निवासी 144/2, गांव पुरुनी, तह. कल्पा जिला किन्नौर, शिमला किन्नौर, हिमाचल प्रदेश-172107 3. विनोद कुमार पुत्र बाला राम, निवासी 144/2, गांव पुरुनी, तह. कल्पा जिला किन्नौर, शिमला -172107 4. कैलाश चंद पुत्र नर्गू दास, मकान नं. 139, मुहाल चीनी कल्पा, ग्राम कल्पा, तह. कल्पा, जिला किन्नौर, हिमाचल प्रदेश-172108**

चूँकि, **OA /1572/2024** दिनांक **07.01.2025** को माननीय पीठासीन अधिकारी/रजिस्ट्रार के समक्ष सूचीबद्ध किया गया था। चूँकि यह माननीय न्यायाधिकरण अधिनियम की धारा 19(4) के तहत उक्त आवेदन पर समन/नोटिस जारी करने के लिए सक्षम है। (OA) आपके विरुद्ध **42,43,681.58/- रुपये** के ऋण की वसूली के लिए दायर किया गया है (दस्तावेजों आदि की प्रतियों सहित आवेदन संलग्न है)। अधिनियम की धारा 19 की उप-धारा (4) के अनुसार, आप, प्रतिवादियों को निम्नानुसार निर्देशित किया जाता है-

(i) संदेह या समन की सेवा के तीस दिनों के भीतर यह कारण बताएं कि क्यों प्रार्थित राहत प्रदान नहीं की जानी चाहिए; (ii) मूल आवेदन के क्रमांक 3A के तहत आवेदक द्वारा निर्दिष्ट संपत्तियों और संपत्तियों के अलावा अन्य संपत्तियों या सम्पत्तियों का विवरण प्रदान करने के लिए; (iii) आपको संपत्तियों की कुर्की के लिए आवेदन की सुनवाई और निपटान लंबित रहने तक मूल आवेदन के क्रमांक 3ए के तहत प्रकट की गई सुरक्षित संपत्तियों या ऐसी अन्य संपत्तियों और संपदाओं से निपटने या उनका निपटान करने से रोका जाता है; (iv) आप ट्रिब्यूनल की पूर्व स्वीकृति के बिना मूल आवेदन के क्रमांक 3ए के तहत निर्दिष्ट या प्रकट की गई किसी भी संपत्ति और/या अन्य संपत्तियों और संपदाओं को, अपने व्यवसाय के सामान्य क्रम को छोड़कर, बिक्री, पट्टे या अन्यथा तरीके से हस्तांतरित नहीं करेंगे; (v) आप सामान्य व्यवसाय के क्रम में सुरक्षित संपत्तियों या अन्य संपत्तियों और संपदाओं की बिक्री से प्राप्त बिक्री आय का हिसाब रखने और ऐसी बिक्री आय को ऐसी संपत्तियों पर सुरक्षा हित रखने वाले बैंक या वित्तीय संस्थानों के साथ रखे गए खाते में जमा करने के लिए उत्तरदायी होंगे। आपको आवेदक को दी गई एक प्रति के साथ लिखित बयान दाखिल करने और **17/04/2025** को **सुबह 10:30 बजे** रजिस्ट्रार के समक्ष उपस्थित होने का भी निर्देश दिया जाता है। ऐसा न करने पर आवेदन की सुनवाई और निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। इस दिनांक को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायाधिकरण की मुहर से जारीः **08/01/2025**

**Sd/-समन जारी करने के लिए प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर।**

## न्यूज ब्रीफ

### 8 ग्राम चिट्टे सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिला पुलिस का नशे के खिलाफ अभियान जारी है और पुलिस ने नशे के सौदागरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कड़ी में उत्तराखंड के देहरादून जिले के दो व्यक्तियों को 8 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) के साथ गिरफ्तार किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार सिरमौर पुलिस की एसआईयू (स्पेशल इंवेस्टिगेशन यूनिट) टीम पांवटा साहिब के यमुना पुल के पास गश्त पर थी, तभी उन्हें गुप्त सूचना मिली कि निर्माणाधीन पुल के पास दो व्यक्ति संदिग्ध स्थिति में मौजूद हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों आदिल पुत्र स्व. निसार अली और साहबजाद पुत्र यूसुफ दोनों निवासी कुंजा ग्रांट तहसील विकास नगर जिला देहरादून उत्तराखंड के कब्जे से 8 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद की। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना पांवटा साहिब में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। इस वर्ष के पहले तीन महीनों में सिरमौर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत 52 अभियोग पंजीकृत किए हैं और कुल 74 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### डॉ. साहिल कश्यप पीएचडी डिग्री से सम्मानित

**अनंत ज्ञान, सोलन** सोलन निवासी डॉ. साहिल कश्यप ने मैथेमेटिक्स में पीएचडी कर नाम रोशन किया है। शूलिनी यूनिवर्सिटी में आयोजित दीक्षांत समारोह में राज्यपाल शिव प्रताव शुक्ल की मौजूदगी में डॉ. साहिल कश्यप को पीएचडी डिग्री से सम्मानित किया गया। साहिल ने यूनिवर्सिटी में बतौर सहायक प्रोफेसर कार्यरत होकर यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय यूनिवर्सिटी सहित माता शांता कश्यप और पिता ओम प्रकाश कश्यप के मार्गदर्शन को दिया।

### कर्नल पर पुलिस हमले की कड़ी निंदा की

**अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** इंडियन एक्स सर्विस लीग कंडाघाट इकाई का तीसरा स्थापना दिवस पूरे जोश और संगठन की गरिमा को ध्यान में रखते हुए हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में सूबेदार मेजर सचिदानंद शर्मा (सेवानिवृत्त), उपाध्यक्ष साउथ जोन ने शिरकत की। कार्यक्रम में विभिन्न सब यूनिट्स के अध्यक्ष, मुख्य कार्यकारिणी सदस्य, वीर नारियां और महिला शक्ति भी उपस्थित रहीं। इस दौरान पंजाब में सेवारत कर्नल पुष्पिंद्र पर पुलिस द्वारा किए गए हमले की कड़ी निंदा की गई। मुख्यातिथि सूबेदार मेजर सचिदानंद शर्मा (सेवानिवृत्त) ने संगठन की शक्ति, अनुशासन और पूर्व सैनिकों की एकजुटता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिक केवल सेवा के दौरान ही नहीं, बल्कि समाज के हर क्षेत्र में अनुशासन, समर्पण और नेतृत्व का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने सभी सदस्यों को लीग की मजबूती और समाज में पूर्व सैनिकों की प्रभावी भूमिका को और अधिक सशक्त करने के लिए संगठित में रहने का आहवान किया।

### नुक्कड़ नाटक से स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** हंस फाउंडेशन टीम अर्की यूनिट एक, दो, तीन और चार ने स्कूल और गांव में आयोजित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूक किया। इस नाटक में स्वच्छता, पोषण और नशा मुक्त जीवन के महत्व पर जोर दिया और लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया गया। नुक्कड़ नाटक घनागुघाट स्कूल, कराड़ाघाट स्कूल, शेरपुर स्कूल, घड़याच स्कूल, हाई स्कूल लड़ोग, आईटीआई दाड़लाघाट और गांव-कोलका, सेरा, समलोह, बखालग, खलनग और गांव टयूरू में आयोजित किया गया। नुक्कड़ नाटक की टीम ने छात्रों तथा लोगों का खूब मनोरंजन किया। हंस फाउंडेशन की तरफ से स्वास्थ्य जागरूकता की यह अच्छी पहल थी, जिससे लोगों को मनोरंजन के साथ-साथ जानकारी भी मिली। इस मौके पर एसपीओ उमा ठाकुर, एसपीओ महेंद्र सिंह, एसपीओ मोहिनी, एसपीओ आशिश सहित नुक्कड़ नाटक टीम के कलाकार रोहित वोहरा और उनकी टीम शामिल रही।

### अतिक्रमण पर कार्रवाई के लिए बनी विशेष टीम

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नगर परिषद नाहन के सदन की बैठक नप अध्यक्ष श्यामा पुंडीर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में शहर में बढ़ते अतिक्रमण कार्यों पर कार्रवाई करने के लिए विशेष टीम का गठन किया गया। वहीं, मुख्य बाजारों में संकरी होती सड़कों पर भी शिकंजा कसने के लिए कहा गया है। इसके अलावा शहर में बेतरतीब पार्किंग सड़कों पर खड़े होने वाले वाहनों पर भी शिकंजा कसने के लिए रणनीति तैयार की गई है। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अजय गर्ग ने बताया कि शहर के मुख्य मार्ग पर बढ़ते अतिक्रमण को हटाने के लिए टीम का गठन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पार्किंग की समस्या का भी निदान किया जाएगा। शहर की मुख्य पार्किंगों के दामों में कटौती करने के लिए निर्णय लिया गया है। इसके अलावा शहर में आवारा कुत्तों की समस्या विकराल रूप धारण कर चुकी है, जिसके लिए डॉग पोंड बनाने के निर्देश दे दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि शहर में चल रही विकास कार्य को रफ्तार मिले इसको लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय बैठक में लिए गए हैं।

### खुशियों के बैंक में समाजसेवी बांटते हैं खुशियां



**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था के सौजन्य से संचालित खुशियों का बैंक माजरा में पांवटा साहिब के समाजसेवियों द्वारा अपने व अपने बच्चों के जन्मदिवस पर जरूरतमंद बच्चों के संग खुशियां बाटी जाती हैं। पांवटा साहिब के समाजसेवी मुकेश रामौल के द्वारा अपने जन्मदिवस पर खुशियों के बैंक में निशुल्क क्लास में पढ़ने वाले बच्चों के साथ जन्मदिवस मनाया गया उनके द्वारा बच्चों के लिए खेलने के लिए कैरम बोर्ड, बैट बॉल, फुटबॉल, वॉलीबाल, चेस बोर्ड, लूडो पजल्स आदि भेंट की। संस्था के अध्यक्ष पुष्पा खंडूजा ने कहा कि मेरा गांव मेरा देश एक सहारा संस्था समाजसेवियों को खुशियों का बैंक माजरा में आपनी खुशियां बांटने के लिए उनकी दीर्घायु व खुशहाली की कामना करती है और परिवार को बहुत-बहुत हार्दिक बधाई देती है आप सब भी अपने शादी की सालगिरह या अपने बच्चों का जन्म दिवस खुशियों का बैंक माजरा में इन बच्चों के साथ आकर मना सकते हैं।

### पांवटा-बद्रीपुर चौक पर हाईटेक ट्रैफिक लाइट शुरू

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले के पांवटा साहिब में ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए बड़ा कदम उठाया गया है। शहर के प्रमुख बद्रीपुर चौक पर नई हाईटेक ट्रैफिक लाइट स्थापित कर दी गई हैं। इस अवसर पर एएसपी सिरमौर योगेश रोल्टा और पांवटा साहिब के एसडीएम गुंजित सिंह चीमा विशेष रूप से मौजूद रहे। एएसपी सिरमौर योगेश रोल्टायोगेश रोल्टा ने कहा कि बद्रीपुर चौक पर 2010 में पहली बार ट्रैफिक लाइट लगाई गई थी, लेकिन हाईवे निर्माण के दौरान यह टूट गई थी। इसके बाद यहां ट्रैफिक जाम और सड़क हादसे आम समस्या बन गए थे। अब मैनकाइंड फार्मा कंपनी ने 7 लाख की लागत से नई हाईटेक ट्रैफिक लाइट लगवाई हैं, जिससे ट्रैफिक नियंत्रण में मदद मिलेगी और दुर्घटनाओं में कमी आएगी। नई ट्रैफिक लाइट के साथ एक नया ट्रैफिक प्लान भी तैयार किया जाएगा, जिससे लोगों को सुचारू यातायात व्यवस्था मिले और जाम की समस्या से राहत मिल सके। प्रशासन इस विषय पर लगातार कार्य कर रहा है और जल्द ही पूरे शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

### परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने के दिए टिप्स

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** डिग्री कॉलेज दाड़लाघाट में एकेडमिक स्टार ग्रुप ने विद्यार्थियों को परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए कार्यशाला का आयोजन किया। इस ग्रुप का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को मेरिट लिस्ट में आने के लिए प्रेरित करना है। एकेडमिक स्टार ग्रुप के प्रभारी सहायक आचार्य अक्षय कुमार ने बताया कि गत सत्र में एकेडमिक स्टार ग्रुप का गठन किया गया था। इस कार्यशाला में प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान होने वाले मानसिक तनाव से निपटने, अच्छे उत्तर लेखन की विधियां व परीक्षा हाल में टाइम मैनेजमेंट से जुड़े टिप्स दिए।

# सोलन के वार्ड-6 में लोगों को पानी की लीकेज से नहीं मिल रही निजात

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन के शहर के वार्ड-6 में पानी की लीकेज को लेकर लोगों ने समाधान शिविर में हल्ला बोला।

वार्ड के लोगों ने कहा कि पानी लीकेज की समस्या कोई आज की नहीं है, बल्कि पिछले कई वर्षों से लीकेज हो रही है। कई बार इस समस्या को लेकर नगर निगम को बताया जा चुका है, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल रहा है। गर्मियों के दिनों में पानी की किल्लत के दौरान लीकेज समस्या काफी परेशानी में डालती है क्योंकि जो पानी व्यर्थ बहता है, वे किसी के काम आ सकता है। इस दौरान मौके पर संयुक्त आयुक्त बिमला वर्मा ने कनिष्ठ अभियंता को मौके का निरीक्षण कर लीकेज समस्या का हल निकालने के निर्देश दिए। नगर निगम की ओर से स्वच्छ शहर



समृद्ध शहर अभियान के दौरान वार्ड छह के सर्कुलर रोड स्थित गुरुद्वारा में समाधान शिविर आयोजित किया। शिविर में 30 लोग मौजूद थे।

इस दौरान लोगों ने 15 समस्याएं और शिकायतें नगर निगम के समक्ष रखीं। इस दौरान जवाहर पार्क और सड़क पर पुराने पेड़ों की अनुमति न मिलने पर भी सवाल खड़े किए। इस दौरान लोगों ने कहा कि नगर निगम कोई अनहोनी होने की राह देख रहा है। इसी कारण अनुमति नहीं दी जा रही है। वहीं, वार्ड में सीवरेज की समस्या से भी लोग परेशान हैं, जबकि समय पर कूड़ा न उठने पर भी लोगों ने मोर्चा खोला है। लोगों ने कहा कि जवाहर पार्क को जाने वाले रास्ते में खुले में आधे दिन तक कूड़ा पड़ा रहता है। सभी समस्याओं को सुनने के बाद संयुक्त आयुक्त ने उसे जल्द हल करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर पार्षद रेखा समेत अन्य लोग मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### चोरी की घटनाओं का उठाया मुद्दा

**शहर** के वार्ड नौ में चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। तीसरे दिन चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। ऐसे में अब लोग घर से बाहर निकलने में भी कतार रहे हैं। सोमवार को वार्ड नौ में समाधान शिविर के दौरान वार्डवासियों ने नगर निगम के समक्ष मुद्दा उठाया। शिविर की अध्यक्षता नगर निगम आयुक्त एकता कापटा ने की। इस मौके पर पार्षद शैलेंद्र गुप्ता भी मौजूद रहे। शिविर में वार्ड के लोगों ने स्ट्रीट लाइट, बिजली की तारें, वाहनों की पार्किंग, पेड़ों, कूड़ा समेत अन्य समस्याओं और शिकायतों को दिया।

## सोलन-राजगढ़ रोड पर जाम की समस्या से वाहन चालक परेशान




**अनंत ज्ञान, सोलन**

सोलन-राजगढ़ रोड पर पीजी कॉलेज के नजदीक चल रहे निर्माण कार्य के कारण सड़क किनारे ही ठेकेदार ने मिट्टी के ढेर लगा दिए। इससे यहां पर क्षेत्र में सुबह से लेकर रात तक जाम लगा रहा।

यह समस्या न केवल स्थानीय लोगों के लिए बल्कि विश्वविद्यालय, स्कूल और कार्यालयों में जाने वाले लोगों के लिए भी बड़ी चुनौती बन गई। इस मार्ग से कई विश्वविद्यालय, स्कूल और कार्यालयों में जाने वाले लोग रोजाना गुजरते हैं, लेकिन निर्माण कार्य के कारण सड़क पर मिट्टी का ढेर लगने से उनको परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

लोगों का कहना है कि यदि यहां पर कोई गाड़ी खड़ी कर दे तो पुलिस एकदम चालान कर देती है, लेकिन यहां पर मिट्टी के ढेर आदि सड़क तक पहुंच गया है और ऐसे में यहां से गाड़ियों का इधर-उधर आना जाना मुश्किल हो रहा है। लोगों की मांग है कि संबंधित विभाग इस समस्या का समाधान जल्द करें और सड़क को यातायात के लिए सुरक्षित बनाएं।

### विधायक ने इलेक्ट्रॉनिक कूड़ा गाड़ी को दिखाई हरी झंडी

## शाड़ियाना में कूड़ा उठाना होगा आसान



**अनंत ज्ञान, सोलन**

कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने इलेक्ट्रॉनिक कूड़ा गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर जनता को समर्पित किया।

यह आयोजन शाड़ियाना पंचायत के थड़ी में स्थित शनि देव मंदिर में हुआ। इस अवसर पर सुबाथू छावनी की अधिशाषी अधिकारी रिधीपाल भी मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। विधायक ने पहले शनि देव की पूजा-अर्चना की और फिर कूड़ा गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद उन्होंने आयोजित सभा में पंचायत की जनता को इस इलेक्ट्रॉनिक गाड़ी के लिए बधाई दी। यह वाहन बीडीसी की निधि व 15वें वित्त से क्रय किया गया है। विधायक ने बताया कि बीडीसी सदस्य देवेंद्र शर्मा द्वारा उठाई गई युवाओं के खेल मैदान के लिए 15 लाख रुपए और क्वारग से सुबाथू को जोड़ने के लिए संपर्क मार्ग के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। साथ ही, पंचायत की मांग पर पनु, क्वारग, तुनी, जोहार और गद्दों गांव की पानी की स्कीम के लिए एक सबमर्सिबल पंप लगवाने की घोषणा की।

## 20 मई को मिड-डे-मील वर्कर्स यूनियन करेगी हड़ताल

**अनंत ज्ञान, सोलन।** मिड-डे-मील वर्कर्स यूनियन सोलन का जिला सम्मेलन सफलतापूर्वक आयोजित किया गया, जिसमें जिले के 9 ब्लॉकों से लगभग 150 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन में मिड-डे-मील वर्कर्स यूनियन की राज्य सचिव हिमी देवी, सीटू के राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष जगत राम और जिला सचिव मोहित वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सम्मेलन में मिड-डे-मील वर्कर्स से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। सरकार की श्रमिक-विरोधी नीतियों की कड़ी आलोचना की और कर्मियों को न्यूनतम वेतन और नियमितीकरण जैसे अधिकार दिलाने की मांग उठाई। अंत में यह निर्णय लिया गया कि 20 मई को सभी मिड-डे-मील वर्कर्स हड़ताल पर जाएंगे और सरकार की जनविरोधी एवं परियोजना कर्मचारियों के प्रति उदासीन नीतियों के खिलाफ विरोध दर्ज करवाएंगे।

## पझौता कॉलेज में मेधावियों के सम्मान पाकर खिले चेहरे



**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

राजगढ़ उपमंडल के राजकीय महाविद्यालय पझौता का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

इस समारोह के मुख्यातिथि वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर डॉ. जोगेंद्र हाब्बी तथा अध्यक्ष एवं विशिष्टातिथि पद्मश्री विद्यानंद सरैक रहे। मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलन एवं पझौता कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शिवानी शर्मा द्वारा अतिथियों के औपचारिक स्वागत के पश्चात प्राचार्य ने कॉलेज का वार्षिक प्रतिवेदन पढ़ते हुए बताया कि यह सत्र कॉलेज के अध्यापकों व विद्यार्थियों की विशेष उपलब्धियों से भरा रहा है। एनएसएस इकाई की छात्राओं कशिश व अंजली वर्मा ने तीन राष्ट्रीय एकता शिविरों में सहभागिता की। बीए प्रथम की वार्षिक परीक्षाओं में ज्योति बाला प्रथम, स्मृति चौहान द्वितीय तथा रोहन अत्री तृतीय रहे। मुख्यातिथि ने मेधावी स्टूडेंट्स को सम्मानित किया व सम्मान पाकर मेधावियों के चेहरे खिल उठे।

## त्रिलोकपुर मेले में मांस मछली पर रहेगा प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान, नाहन।** अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी सिरमौर एलआर वर्मा ने बताया कि 30 से 12 अप्रैल तक चलने वाले बाला सुंदरी चैत्र नवरात्र मेला त्रिलोकपुर के दौरान कालाअंब पुलिस स्टेशन और मेला क्षेत्र की सीमाओं में किसी भी प्रकार के आग्नेयास्त्र, घातक हथियार व विस्फोटक सामग्री आदि लाने ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने यह भी आदेश जारी कि मेला अवधि के दौरान कोई भी तीर्थयात्री मंदिर में नारियल नहीं चढ़ाएगा तथा मेला क्षेत्र में शराब लेकर/ पीकर कोई भी गैर कानूनी गतिविधि नहीं करेगा। एडीएम ने आदेश जारी किए कि कालाअंब से त्रिलोकपुर रोड पर 30 से 12 अप्रैल तक यातायात व्यवस्था को सूचारू रूप से बनाए रखने के लिए प्रात: 6 से रात्री 10 बजे तक उद्योगों में प्रयुक्त होने वाले तूडी अथवा भूसा आदि से लद्दे ट्रक व ट्रैक्टर चलाने पर प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने मेला अवधि के दौरान धार्मिक भावना एवं आस्था के मद्देनजर यह आदेश जारी किए हैं कि संपूर्ण मेला क्षेत्र त्रिलोकपुर में मांस व मछली आदि की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, ताकि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं में किसी प्रकार का जनाक्रोश उत्पन्न न हो। कालाअंब से त्रिलोकपुर सड़क के साथ लगती मांस व मछली की दुकानों में विक्रेताओं को केवल दुकान के अंदर ही (पर्दे में) मांस व मछली का विक्रय करना होगा।

## पुश्तैनी भूमि पर तालाब बनाकर मत्स्य पालन किया शुरू

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

ग्रामीण क्षेत्रों ष्में रोजगार सृजन के साथ ही किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए सरकार मछली पालन को बढ़ावा दे रही है। अर्की तहसील की पंचायत सूरजपुर के गांव कुलावन (भेल) के कृषक हेतराम ने भी मतस्य पालन का कार्य शुरू किया है। पारंपरिक खेती से सीमित आय प्राप्त करने वाले हेतराम ने अपनी पुश्तैनी भूमि पर तालाब बनाकर मत्स्य पालन शुरू करने की योजना को अमलीजामा पहनाया।

उन्होंने मत्स्य विभाग के मार्गदर्शन में इन योजनाओं का लाभ उठाते हुए 0.32 हेक्टर भूमि पर यह प्रोजेक्ट तैयार किया और मछली पालन शुरू करने के लिए तीन टैंक का निर्माण करवाया, जिस पर एक लाख रुपए खर्च हुए। हेतराम ने बताया कि टैंकों में कॉर्प फिश का बीज कृषि विभाग कार्यालय नालागढ़ से एक रुपए प्रति बीज मिला। इससे चार से छह माह में मछलियां तैयार होकर बाजार में बिकना शुरू होंगी। मछली पालन के लिए उन्हें प्रदेश सरकार की



मुख्यमंत्री कार्य मत्स्य पालन योजना के अंतर्गत निर्मित कॉर्प के तहत परियोजना की कुल लागत 12 लाख 40 हजार में उन्हें अनुदान सहायता राशि 3 लाख 14 हजार रुपए मिलेगी और कार्य पूर्ण होने की एक किश्त मिल चुकी है। हेतराम ने पारंपरिक खेती के साथ मछली पालन को अपनाकर आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाया है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री की मन की बात से प्रेरितहोकर यह कदम उठाया। उनका यह कदम न केवल उन्हें आय का एक नया स्रोत प्रदान करेगा, बल्कि इससे स्थानीय लोगों को ताजी मछली भी आसानी से जल्द बाजार में मिल पाएगी। उन्होंने विभाग के नालागढ़ केंद्र से मत्स्य पालन का प्रशिक्षण प्राप्त किया। विशेषज्ञों ने प्रशिक्षण में सिखाया कि मछली पालन कैसे आरंभ करें और मछली की देखभाल किस प्रकार की जाए। प्रदेश सरकार की स्वावलंबन योजना से उन्हें कारोबार करने के लिए मदद मिलेगी, जो लाभदायक साबित होगी। उन्होंने कहा कि उन्हें इस प्रोजेक्ट को लगाने के लिए करीब 7 वर्षों का समय लगा, इसके अलावा अर्की क्षेत्र में यह पहला प्रोजेक्ट होगा।

उन्होंने कहा कि उन्होंने अपनी सारी भूमि इस कार्य के लिए प्रधानमंत्री को समर्पित की है, जब तक वह जीवित हैं। इसके अलावा वे अंडरग्राउंड कोल्ड स्टोर निर्माण और प्रेरणादायक प्रशिक्षण केंद्र भवन निर्माण की भी योजना बना रहे हैं। इन योजनाओं को अमल में लाने से न केवल क्षेत्र के विकास को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय लोगों को भी रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

## लॉरेंस स्कूल सनावर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अक्षरश: क्रियान्वयन के लिए प्रतिबद्ध, लॉरेंस स्कूल, सनावर ने शिक्षकों के विकास को सुनिश्चित करने के लिए मार्च के महीने में अपने परिसर में सीबीएसई क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। मार्च के महीने में तीन चरणों में आयोजित इन कार्यशालाओं में कक्षा प्रबंधन, अनुभवात्मक शिक्षा और लिंग संवेदनशीलता पर चर्चा हुई, जिसमें 130 से अधिक शिक्षकों ने भाग लिया।

विषय विशेषज्ञ वेगा शर्मा और मनु तंवर रोहिल द्वारा लिंग संवेदनशीलता पर आयोजित तीसरा प्रशिक्षण सत्र 21 मार्च को हुआ, जिसमें 60 से अधिक प्रतिभागियों ने लिंग भूमिकाओं, लिंग संबंधों, लिंग अंतर, लिंग भेदभाव आदि जैसे विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया।

## 14 राम भक्तों को नवाजा

**अनंत ज्ञान, नाहन**



श्री सनातन चैरिटेबल वेलफेयर सोसायटी नाहन का शुभारंभ हिंदू आश्रम में आयोजित हुआ।

इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि स्वामी तीर्थ आनंद ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्री राम जन्म भूमि आंदोलन में महान योगदान के लिए 14 राम भक्तों को, जिसमें 4 राम भक्तों को मरणोपरांत स्वर्गीय ओम प्रकाश, स्वर्गीय देवेंद्र चौधरी, स्वर्गीय डॉ. दामोदर पांडे, स्व. वेद पंसारी के परिवारजनों सहित राम प्रभु के स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया एवं मुख्यातिथि एवं सनातन धर्म के लिए उत्कृष्ट योगदान देने के लिए 14 लोगों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात सोसायटी के अध्यक्ष राकेश अरोड़ा ने सभी उपस्थित सनातन धर्मों के लोगों का हार्दिक अभिनंदन किया इसके पश्चात गुरू रविदास सभा के अध्यक्ष बाबूराम, सीमा, सुमित गुप्ता ने सनातन धर्म के ऊपर प्रकाश डाला। मुख्यातिथि ने सनातन धर्म सेवा कार्य के बारे में जानकारी दी। सोसायटी सनातन धर्म के लिए क्या करना चाहती है इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने हर हिंदू भाई तक सरकार की कल्याणकारी योजनाएं पहुंचे के बारे में पूरा सहयोग करने के लिए कहा। सोसायटी हर हिंदू भाई, बहन के दुख-कष्ट में जन्म से लेकर अंतिम समय तक तन-मन-धन से पूरा सहयोग करेगी। सोसायटी हिंदू धर्म के लोगों के लिए विशेष रूप से युवाओं के लिए स्वरोजगार में उपयोगी भूमिका निभाएगी। समाज में अपने किसी भाई को कोई भी आवश्यकता हुई, तो सोसायटी समाज के सहयोग से सेवा कार्य करेगी।

**कार्यक्रम** डीसी की अध्यक्षता में टीबी मुक्त पंचायत पुरस्कार समारोह हुआ आयोजित

# सोलन की 35 पंचायतें टीबी मुक्त घोषित

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि टीबी का पूर्ण उपचार संभव है और समय पर अस्पताल में परीक्षण के उपरांत परामर्श के अनुसार दवा लेकर इस रोग को समाप्त किया जा सकता है।

मनमोहन शर्मा विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तर पर आयोजित टीबी मुक्त ग्राम पंचायत पुरस्कार समारोह की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के मानकों के अनुरूप सोलन की 35 पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित होने के लिए सम्मानित किया। इन पंचायतों को केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप टीबी मुक्त घोषित किया गया है। मनमोहन शर्मा ने कहा कि विश्व क्षय रोग दिवस आयोजित करने का उद्देश्य लोगों को इस रोग के कारण, निवारण, बचाव के उपाय एवं दवाओं के बारे में जानकारी देना है। इस रोग का उपचार प्रभावी और सुलभ है तथा सरकार इस बीमारी की रोकथाम और उपचार के लिए जांच, निशुल्क दवाइयां प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार क्षय रोगी को उपचार के दौरान पोषण के लिए छह माह तक 1000 रुपए प्रतिमाह भी प्रदान करती है। इस बीमारी को उपचार के माध्यम से ठीक किया जा सकता है। डीसी ने उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि जिले को क्षय रोग मुक्त बनाने के लिए सभी नागरिकों को जागरूक करें, ताकि इस बीमारी का नाश किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने हिमाचल को क्षय रोग मुक्त बनाने के लिए वर्ष 2025 तक का समय निर्धारित किया है। मनमोहन शर्मा ने कहा कि सोलन की 11 पंचायतों को मानदंडों के आधार पर टीबी मुक्त आंका गया है।

डीसी ने इस अवसर पर सभी को 'टीबी मुक्त भारत' की शपथ भी दिलाई गई। विभिन्न पंचायत प्रतिनिधि, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सोलन डॉ. अमित रंजन तलवार, जिला क्षय रोग अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गगनदीप राज हंस, जिला कार्यक्रम अधिकारी जोगिंद्र राणा, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीन शर्मा, खंड चिकित्सा अधिकारी अर्की डॉ. तारा चंद, खंड चिकित्सा अधिकारी नालागढ़ डॉ. मुक्ता रस्तोगी, खंड चिकित्सा अधिकारी बद्दी डॉ. योगेश गुप्ता, चिकित्सा अधिकारी सायरी डॉ. अक्षिता, जिला दवा विक्रेता संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र सूद, महासचिव विपुल शर्मा, सोलन फार्मासिस्ट संघ के प्रतिनिधि, जिले के अग्रणी बैंक यूको बैंक के प्रतिनिधि सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।



### जोहड़जी में भी मनाया क्षयरोग दिवस

**अनंत ज्ञान, सोलन।** महर्षि मार्कंडेश्वर कॉलेज ऑफ नर्सिंग कुमारहट्टी ने सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग विभाग के तहत सोलन के जोहड़जी में विश्व क्षयरोग दिवस का आयोजन किया। एमएमयू सोलन के रजिस्ट्रार अजय सिंगल ने बताया कि जिला सोलन में हम टीबी को समाप्त कर सकते हैं प्रतिबद्ध हों , निवेश करें, वितरित करें विषय के अंतर्गत एक समूह परियोजना का आयोजन किया गया। इस परियोजना का उद्देश्य टीबी और दुनिया भर में इसके विनाशकारी स्वास्थ्य, सामाजिक और आर्थिक प्रभाव के बारे में लोगों में जागरूक करना और समझ को बढ़ाना है। जागरूकता कार्यक्रम में क्षय रोग के लक्षण, संकेत, उपचार और रोकथाम शामिल रहे। जीएनएम तृतीय वर्ष के छात्रों ने एक विशेष रोल प्ले का आयोजन किया, जिसके माध्यम से आम जनता को स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गई। रोल प्ले में टीबी के लक्षणों की शीघ्र पहचान, निदान, उपचार, आहार प्रबंधन और सरकार से जनता के लिए उपलब्ध सुविधाओं पर जोर दिया गया।

## स्पीति के किसानों की आय बढ़ाने के लिए क्षेत्रीय फसलों को दें बढ़ावा



**अनंत ज्ञान, सोलन**

कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) लाहौल और स्पीति-दो की 5वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक ताबो में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल ने की।

इस बैठक में विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. इंद्र देव सहित विभिन्न विभागों के सदस्य, प्रगतिशील किसान और वैज्ञानिक शामिल हुए। आईसीएआर-अटारी जोन-1 के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. राजेश राणा ने वर्चुअल माध्यम से बैठक में भाग लिया। केवीके ताबो के प्रभारी डॉ. आरएस सिपहिया ने सभी सदस्यों का स्वागत किया और आगामी वर्ष की कार्ययोजना के साथ-साथ पिछले वर्ष की केवीके की गतिविधि रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने फलों और सब्जियों की वैज्ञानिक खेती को बेहतर बनाने के लिए केवीके के प्रयासों पर प्रकाश डाला। साथ ही अतिरिक्त और विपणन योग्य न होने वाले उत्पादों के खाद्य प्रसंस्करण पर किए गए कार्य के बारे में बताया। प्रो. चंदेल ने सेब की खेती और अन्य कृषि गतिविधियों को बढ़ावा देने में केवीके की भूमिका की सराहना की। एक अलग कार्यक्रम में, हुर्लिंग गांव में किसान-वैज्ञानिक संवाद आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 80 किसानों ने भाग लिया। प्राकृतिक खेती के प्रमाणीकरण पर चर्चा केंद्रित रही। सभी सदस्यों को प्राकृतिक खेती की गतिविधियों के लिए विश्वविद्यालय और केवीके के तकनीकी समर्थन का आश्वासन दिया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### सुधांशु अग्रवाल बने मोबिलिटी और अंतरराष्ट्रीय कारोबार के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारत में इलेक्ट्रिक दो और तीन पहिया वाहनों की अग्रणी निर्माता कंपनी काइनेटिक ग्रीन एनर्जी एंड पावर सॉल्यूशंस लिमिटेड ने सुधांशु अग्रवाल को मोबिलिटी और अंतरराष्ट्रीय कारोबार का अध्यक्ष नियुक्त किया है। ऑटोमोबाइल क्षेत्र में दो दशकों से अधिक का अनुभव रखने वाले श्री अग्रवाल रणनीतिक नेतृत्व, कारोबार विस्तार और टिकाऊ मोबिलिटी समाधान के क्षेत्र में विशेषज्ञ माने जाते हैं। उनकी नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब कंपनी ईवी निर्यात और अंतिम मील डिलीवरी के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की तैनाती जैसे दो महत्वपूर्ण क्षेत्रों में तेजी से विस्तार कर रही है। भारत में ई-कॉमर्स और क्विक कॉमर्स से जुड़ी होम डिलीवरी सेवाओं में तेजी से बढ़ते ट्रेंड को देखते हुए काइनेटिक ग्रीन इस बदलाव का नेतृत्व करने की दिशा में अग्रसर है।

### चंडीगढ़ भाजपा ने लोगों को राष्ट्रभक्ति और समाज सेवा के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए चंडीगढ़ भाजपा ने शहर के कई सेक्टरों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य शहीदों के योगदान को हर क्षेत्र में पहचान दिलाना और उनके बलिदान को सम्मानित करना था। कार्यक्रम में भाजपा के प्रमुख नेताओं ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके संघर्ष को याद करते हुए लोगों को राष्ट्रभक्ति और समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। जितेंद्र पाल मल्होत्रा, राज्य अध्यक्ष ने कहा कि हमने चंडीगढ़ के विभिन्न सेक्टरों में कार्यक्रम आयोजित किए ताकि शहीदों के योगदान को व्यापक रूप से सम्मानित किया जा सके। यह रैली और कार्यक्रम उनकी वीरता को याद करने का एक छोटा सा प्रयास था। कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय निवासियों की बड़ी संख्या उपस्थित थी, जिन्होंने शहीदों के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### समिति सदस्यों ने पार्षदों के साथ नियमित रूप से दौरा करने का लिया निर्णय

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ नगर निगम की रोड कमेटी की पहली बैठक सोमवार को दलीप शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में राजिंदर सिंह, सरबजीत कौर, गुरुचरणजीत सिंह, सुमन देवी, मनौर और नरेश पंचाल सहित अन्य कमेटी सदस्यों ने नगर निगम के संबंधित अधिकारियों के साथ भाग लिया। समिति के सदस्यों ने संबंधित क्षेत्र के पार्षदों के साथ नियमित रूप से दौरा करने का निर्णय लिया ताकि पेवर ब्लॉकों और क्षतिग्रस्त सड़क नालियों से संबंधित मुद्दों का निरीक्षण और समाधान किया जा सके। यह संकल्प लिया गया कि प्रवर्तन दल की सहायता से वी-4 और वी-5 रोड बर्म पर अतिक्रमण को 15 दिनों के भीतर हटा दिया जाएगा। समिति ने सड़कों की तत्काल रीकार्पेटिंग और पेवर ब्लॉक कार्यों के लिए ₹25 लाख तक के अनुमान तैयार करने का निर्देश दिया, जिसे अगली बैठक में मंजूरी के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।

### लग्जरी लाइफस्टाइल के लालच में अपराध करने वाले दो युवकों को दबोचा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** लग्जरी लाइफस्टाइल के लालच में अपराध की दुनिया में उतरे दो युवकों को चंडीगढ़ पुलिस ने दबोच लिया है ये कोई आम अपराधी नहीं, बल्कि हरूक कंपनी मेरठ से 5 करोड़ 26 लाख रुपये की हेराफेरी कर फरार चल रहे थे। पुलिस ने दोनों के पास से एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। यह ऑपरेशन एसएसपी कंवरदीप कौर के नेतृत्व और डीएसपी सीता देवी व इंस्पेक्टर जसविंदर सिंह की निगरानी में अंजाम दिया गया। 24 मार्च 2025 को जिला अपराध शाखा सेक्टर-24 की टीम सेक्टर-56 में गश्त पर थी, जब उन्हें गुप्त सूचना मिली कि दो युवक अवैध हथियार लेकर खुले मैदान में बैठे हैं। टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों को घेर लिया और हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गौरव (27) पुत्र कुलदीप सिंह निवासी गांव अरिफपुर, बड़ौत, जिला बागपत और रॉकी (25) पुत्र राजपाल सिंह निवासी गांव लिसाढ़, जिला शामली के रूप में हुई।

### मूसेवाला का हत्यारोपी सिलचर सेंट्रल जेल शिफ्ट

**नई दिल्ली।** सिद्धू मूसेवाला के हत्यारोपी जगदीप सिंह उर्फ जग्गू भगवानपुरिया को पंजाब से सिलचर सेंट्रल जेल में स्थानांतरित किया है। अधिकारियों ने बताया कि पंजाब पुलिस आरोपी को भटिंडा जेल से एक विशेष विमान से सिलचर लेकर आई है। असम की जेल में उसका स्थानांतरण खुफिया जानकारी के आधार पर किया गया। पुलिस को जानकारी मिली थी कि वह मोबाइल फोन का इस्तेमाल करके जेल के अंदर से अन्य लोगों के साथ मादक पदार्थों की तस्करी करा रहा था। ड्रग तस्करी के नेटवर्क को तोड़ने के लिए उसे सिलचर जेल में ट्रांसफर किया गया है। आरोपी को एक विशेष सेल में रखा गया है और जेल के अंदर और आसपास की सुरक्षा को और मजबूत कर दिया गया है।

### मणिपुर में पांच उग्रवादी किए गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में अलग-अलग अभियानों के दौरान पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया। उग्रवादियों के पास से हथियार एवं गोला-बारूद बरामद हुआ है। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित 'पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक' (पीआरईपीएके) (पीआरओ) के तीन सदस्यों को बिष्णुपुर जिले के कुम्बी तेराखोंग से गिरफ्तार किया है। इनके पास से .303 एलएमजी, दो .303 एलएमजी मैगजीन और गोला-बारूद बरामद किया है। संगठन के एक अन्य सदस्य को इंफाल पूर्वी जिले के मंत्रिपुखरी बाजार से गिरफ्तार किया है। स्थानीय दुकानों से जबरन वसूली करने का आरोप है। यूएनएलएफ) के एक सदस्य को इंफाल पश्चिम जिले के निंगोमवम लमखाई से गिरफ्तार किया है।

### अवमानना याचिका पर महाराष्ट्र प्राधिकरण को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक अवमानना याचिका पर महाराष्ट्र प्राधिकरण से जवाब मांगा। कोर्ट सिंधुदुर्ग जिले में एक घर और दुकान के खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई थी। कार्रवाई क्रिकेट मैच के दौरान कथित भारत विरोधी नारे लगाने के मामले में की गई थी। इसी मामले में अवमानना कार्यवाही शुरू करने की मांग वाली याचिका पर महाराष्ट्र प्राधिकरण से जवाब मांगा गया है।

### केयर हेल्थ इंश्योरेंस को 104.7 करोड़ का मांग नोटिस

**नई दिल्ली।** रेलिगेयर एंटरप्राइजेज लिमिटेड (आरईएल) ने अनुषंगी कंपनी केयर हेल्थ इंश्योरेंस को आकलन वर्ष 2020-21 और 2021-22 के लिए 104.77 करोड़ रुपए का मांग नोटिस भेजा है। आरईएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि मांग नोटिस मुंबई के सेंट्रल सर्किल 6(2) स्थित सहायक आयकर आयुक्त के कार्यालय की ओर से भेजा है। कंपनी सूचना के अनुसार, केयर हेल्थ इंश्योरेंस की वित्तीय स्थिति कंपनी के साथ जुड़ी है। यदि आयकर की मांग का भुगतान करना आवश्यक है, तो इसका भुगतान बीमा कंपनी की ओर से किया जाएगा। साथ ही कर सलाहकारों की सलाह के आधार पर केयर हेल्थ निर्धारित समय सीमा के भीतर उचित मंच के समक्ष उक्त नोटिस खिलाफ अपील दायर करेगी।

# पानीपत में 17.85 करोड़ से अत्याधुनिक अग्निशमन केंद्र होगा स्थापित : नायब सैनी

## मुख्यमंत्री ने एचपीडब्ल्यूसी की बैठक में 109.30 करोड़ के अनुबंधों को दी मंजूरी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

**पानीपत** नगर निगम क्षेत्र में 17.85 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक अग्निशमन केंद्र स्थापित किया जाएगा। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को हाई पावर वर्कस परचेज कमेटी (एचपीडब्ल्यूसी) बैठक की अध्यक्षता की है। बैठक के दौरान 109.30 करोड़ रुपये के अनुबंधों को मंजूरी दी। बैठक के दौरान विभिन्न बोलीदाताओं के साथ नेगोशिएशन के परिणामस्वरूप 6.92 करोड़ रुपये की महत्वपूर्ण लागत बचत हुई। बैठक में हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल भी मौजूद थे।

यमुनानगर में स्मार्ट लाइटिंग सिस्टम के लिए 16.50 करोड़ रुपये की लागत से नई एलईडी लाइट लगाने और मौजूदा स्ट्रीट लाइटों को एलईडी स्ट्रीट लाइटों से बदलने के साथ-साथ एक केंद्रीकृत नियंत्रण और निगरानी प्रणाली (सीसीएमएस) पैनल को




**बोले- गुणवत्ता से किसी भी हालत में नहीं किया जाएगा समझौता**

भी मंजूरी दी गई। इसके अतिरिक्त, अंबाला नगर निगम की सीमा के भीतर एक स्मार्ट स्ट्रीट लाइट सिस्टम के कार्यान्वयन को मंजूरी दी गई, जिसमें पारंपरिक स्ट्रीट लाइटों को बदलना और केंद्रीकृत नियंत्रण और निगरानी प्रणाली (सीसीएमएस) के साथ एकीकृत नई एलईडी ल्यूमिनेयर स्थापित करना शामिल है, जिसकी लागत 14.70 करोड़ रुपये है। इसी तरह, करनाल नगर निगम के अंतर्गत मेरठ रोड से उधम सिंह चौक वाया सामुदायिक केंद्र, सेक्टर-9 और बाजार क्षेत्र (मेरठ रोड से साईं मंदिर और चौक, साईं मंदिर से नूर महल चौक और चौक, नूर महल चौक से उधम सिंह चौक और उधम सिंह चौक से सामुदायिक केंद्र) तक सड़क को 7.90 करोड़ रुपए की लागत से मजबूत करने को भी मंजूरी दी गई। बैठक में स्मार्ट सिटी मिशन के तहत ईपीसी मोड पर करनाल के कैलाश स्थित हॉकी स्टेडियम के लिए 13.25 करोड़ रुपये की लागत से छात्रावास ब्लॉक के निर्माण को भी मंजूरी दी गई।

इसके अतिरिक्त, फरीदाबाद में स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत 18.10 करोड़ रुपये की लागत से दो कोलेटरल सड़कों- शनि मंदिर रोड और सेक्टर-28 मेन रोड के विकास को भी मंजूरी दी गई। इसके अलावा, पलवल नगर परिषद क्षेत्र में 9.93 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न गलियों और नालियों के निर्माण तथा नगर परिषद होडल के वार्ड 20 और 21 में नव नियमित कॉलोनी-154 में 11.07 करोड़ रुपये की लागत से आईपीबी गली और नाले के निर्माण को भी मंजूरी दी गई।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएं, साथ ही कहा कि किसी भी देरी के लिए संबंधित ठेकेदार और अधिकारी जिम्मेदार होंगे। उन्होंने निर्माण में गुणवत्ता वाली सामग्री के उपयोग को सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया, उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी परिस्थिति में गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा।

# मोहाली में रजिस्ट्रेशन और राजस्व संबंधी कार्यों का रिकॉर्ड किया चेक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

**अतिरिक्त** मुख्य सचिव सह वित्त आयुक्त (राजस्व) अनुराग वर्मा सोमवार सुबह मोहाली तहसील में औचक निरीक्षण करने पहुंचे। उनके साथ मोहाली डीसी कोमल मित्तल भी साथ थी। अनुराग वर्मा ने आम लोगों से बातचीत की और उन्हें पेश आ रही समस्याओं को सुना। इस बीच कुछ ऐसी शिकायतें उनके पास आई जिसे उन्होंने मौके पर अधिकारियों को उसका हल करने के निर्देश दिए।

उन्होंने तहसील कर्मचारियों से रजिस्ट्रेशन कार्यों और अन्य अन्य राजस्व संबंधी कार्यों की जानकारी ली और वहां मौजूद रिकॉर्ड को चेक किया। अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग वर्मा ने वहां डीड रजिस्ट्रेशन के लिए उपस्थित लोगों से बातचीत की और उनसे पूछा कि क्या उनसे अधिक पैसे लिए गए हैं या उन्हें किसी को रिश्वत देनी पड़ी है तो लोगों ने ऐसी किसी बात पर सहमति नहीं जताई। मोहाली में चैकिंग के बाद वह खरड़ सब रजिस्ट्रार कार्यालय का दौरा करने पहुंचे जिसके बाद अतिरिक्त मुख्य सचिव ने जीरकपुर और डेराबस्सी सब रजिस्ट्रार कार्यालयों का भी दौरा किया और



पंजीकरण से संबंधित कार्यों के लिए वहां मौजूद स्थानीय लोगों से बातचीत की।

इस बीच तहसील में काम करवाने आए एक बुजुर्ग हरपाल सिंह से जब उन्होंने बात की तो हरपाल सिंह ने उन्हें बताया कि वह काफी समय से अपना काम करवाने के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं लेकिन कोई भी कर्मचारी उन्हें सही जानकारी नहीं दे रहा। इस बीच उन्होंने कर्मचारियों को मौके पर बुलाया और फटकार लगाई, जिसके बाद बुजुर्ग कर्मचारियों का काम करने में जुट गए। इस मौके अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि आज के दौरे का उद्देश्य जमीनी स्तर पर बदलाव करने की जरूरतों का आंकलन करना है। उन्होंने कहा कि कहीं भी पंजीकरण राज्य में पंजाब सरकार का एक अग्रणी निर्णय होगा, जिसकी शुरुआत मोहाली जिले से होगी।

# 54वें अखिल भारतीय भास्कर राव नृत्य एवं संगीत सम्मेलन का आगाज कल से

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**




**प्राचीन** कला केंद्र द्वारा सोमवार को प्रेस क्लब के सेक्टर 27 में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस प्रेस मीट का आयोजन केंद्र के आगामी वार्षिक महोत्सव 54वें अखिल भारतीय भास्कर राव नृत्य एवं संगीत सम्मेलन का शानदार आगाज से संबंधित था जोकि 26 मार्च से टैगोर थिएटर में शुरू होने जा रहा है। 6 दिवसीय इस सम्मेलन में देशभर के जाने माने कलाकार अपनी प्रस्तुतिया पेश करेंगे। इस अवसर पर सम्मलेन और केंद्र की भावी योजनाओं के बारे में भी चर्चा की गई। इस प्रेस कांफ्रेंस को केंद्र की रजिस्ट्रार एवं वरिष्ठ कत्थक गुरु शोभा कौसर, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. समीरा कौसर, प्रो मीरा मदान, मेंबर गवर्निंग बॉडी प्राचीन कला केंद्र एवं प्रोजेक्ट प्लानिंग मैनेजर पार्थ कौसर ने संबोधित किया। प्राचीन कला केंद्र की पिछले 53 वर्षों से निरंतर चले आ रहे संगीत एवं नृत्य से परिपूर्ण सम्मेलन को आयोजित करने की परम्परा इस वर्ष 5 वें वर्ष में प्रवेश कर गई। इस संगीतिक समारोह में देश के लगभग सभी महान कलाकारों ने अपनी मंच प्रस्तुतियों से इस सम्मेलन की शोभा बढ़ाई है। प्राचीन कला केंद्र द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में इस वर्ष भी सधे हुए कलाकारों एवं कला के विभिन्न रंगो का खूबसूरत समावेश है।

# हाउसिंग बोर्ड ग्राउंड की बुकिंग को 9 दिन की मंजूरी

## नगर निगम चंडीगढ़ की वित्त एवं अनुबंध समिति की बैठक आयोजित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

नगर निगम चंडीगढ़ की वित्त एवं अनुबंध समिति की बैठक सोमवार को महापौर हरप्रीत कौर बबला की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें आयुक्त अमित कुमार, आईएएस और समिति के अन्य सदस्य सौरभ जोशी, पूनम, सुमन देवी व एमसीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

समिति के सदस्यों ने विभिन्न महत्वपूर्ण एजेंडा मदों पर विस्तार से चर्चा की और निम्नलिखित के लिए स्वीकृति प्रदान की। समिति के सदस्यों ने हाउसिंग बोर्ड ग्राउंड की बुकिंग 02.03.2025 से 10.03.2025 तक 9 दिनों के लिए बढ़ाने की अनुमति को मंजूरी दी।



डड्डूमाजरा, चंडीगढ़ में 32.90 लाख रुपए की अनुमानित लागत से डंपिंग ग्राउंड में पेड़ और झाड़ियां उपलब्ध कराना और लगाना। समिति के सदस्यों ने यात्रा और होटल व्यय के प्रस्ताव को मंजूरी दी। दीया सोढ़ी, अधिवक्ता को माननीय मध्यस्थ न्यायाधिकरण के समक्ष जय प्रकाश एसोसिएटेड लिमिटेड बनाम एमसीसी नामक दो उच्च मूल्य वाले मध्यस्थता मामलों की पैरवी के लिए नियुक्त किया गया है।

## देश-विदेश

# देश की शिक्षा व्यवस्था को खत्म करने में लगा आरएसएस : राहुल

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**राहुल** गांधी ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) देश के भविष्य और शिक्षा व्यवस्था को खत्म करने में लगा हुआ है। उन्होंने यहां जंतर-मंतर पर 'इंडिया' गठबंधन के विभिन्न घटक दलों की छात्र इकाइयों के संयुक्त प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि आरएसएस और भाजपा को मिलकर रोकना एवं पराजित करना है।

विपक्षी पार्टियों की छात्र इकाइयों ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के मसौदा नियमों और पेपर लीक के मुद्दों को लेकर 'संसद मार्च' का आह्वान किया था। राहुल ने दावा किया कि एक संगठन हिंदुस्तान का भविष्य और शिक्षा व्यवस्था को खत्म करने में लगा है। उस संगठन का नाम आरएसएस है। यदि शिक्षा व्यवस्था उनके हाथ में चली जाएगी, जो धीरे-धीरे जा रही है, तो देश बर्बाद हो जाएगा और इस देश में किसी को रोजगार नहीं मिलेगा। उनका कहना था कि आज छात्रों को यह बताने की जरूरत है कि सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों के कुलपति आरएसएस की ओर से नामित हैं और आने वाले समय में राज्यों के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति भी आरएसएस की ओर से नामित होंगे। यह देश के लिए खतरनाक हैं। इसे हमें रोकना है। राहुल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बेरोजगारी और महंगाई पर बात नहीं करना चाहते। देश में सबसे बड़ा मुद्दा बेरोजगारी है। कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री ने महाकुंभ के बारे में लोकसभा में बात की।

# तोड़फोड़ करने पर शिवसेना नेता और 11 अन्य गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने शिवसेना नेता राहुल कनाल और 11 अन्य को मुंबई के एक होटल में तोड़फोड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया, जहां स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ विवादास्पद 'गद्दार' वाली टिप्पणी की थी। खार इलाके में यूनिकॉन्टिनेंटल होटल में हैबिटेट कॉमेडी क्लब में अपनी प्रस्तुति के दौरान कामरा ने शिंदे के लिए 'गद्दार' शब्द का इस्तेमाल किया था। कामरा ने उद्धव ठाकरे के खिलाफ 2022 में शिंदे के विद्रोह को बयां करने के लिए फिल्म 'दिल तो पागल है' के एक हिंदी गीत के संशोधित संस्करण का इस्तेमाल किया।

### इसराइल ने गाजा के अस्पताल पर दागी मिसाइल

# हमास के सीनियर नेता इस्माइल बरहूम समेत पांच लोगों की मौत

**एजेंसी, गाजा**



इसराइली सेना ने गाजा पट्टी के दक्षिणी हिस्से खान यूनिस में नासिर मेडिकल कांप्लेक्स पर हवाई हमला किया। इसराइल के इस हमले में हमास के पोलित ब्यूरो के सदस्य इस्माइल बरहूम और कम से कम चार अन्य फिलिस्तीनियों की मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक इजरायली ड्रोन ने कांपेलक्स के इमरजेंसी बिल्डिंग की दूसरी मंजिल को निशाना बना कर हमला किया। इस मंजिल पर सर्जरी विभाग मौजूद है। इसराइल ने इमरजेंसी बिल्डिंग के दूसरी मंजिल पर मिसाइल से हमला किया, जिसकी वजह से भीषण आग लग गई है।

# विवाह पति को अपनी पत्नी का स्वामित्व प्रदान नहीं करता: इलाहाबाद हाईकोर्ट

**एजेंसी, प्रयागराज (उप्र)**

**पत्नी** का अश्लील वीडियो बनाकर फेसबुक पर अपलोड करने के एक मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि विवाह पति को अपनी पत्नी का स्वामित्व या उस पर नियंत्रण प्रदान नहीं करता और न ही उसकी स्वायत्तता या निजता के अधिकार को कम करता है। पति की आरोप पत्र खारिज करने की मांग के साथ दायर याचिका खारिज करते हुए न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर ने कहा कि अंतरंग संबंधों का वीडियो फेसबुक पर अपलोड कर पति ने वैवाहिक रिश्ते की पवित्रता का घोर उल्लंघन किया है। एक पति से अपनी पत्नी की ओर से किए गए विश्वास और आस्था विशेषकर उनके अंतरंग संबंध के संदर्भ में विश्वास का सम्मान करने की अपेक्षा की जाती है। अदालत ने कहा कि इस तरह के कंटेंट को साझा करना पति और पत्नी के बीच रिश्ते को परिभाषित करने वाली अंतर्निहित गोपनीयता का उल्लंघन है।

# दक्षिण कोरिया के पीएम हान के खिलाफ महाभियोग खारिज

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की संवैधानिक अदालत ने देश के प्रधानमंत्री हान डक-सू के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव को सोमवार को खारिज कर दिया और देश के दूसरे नंबर के नेता को कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में बहाल कर दिया, लेकिन राष्ट्रपति यून सूक येओल के खिलाफ महाभियोग पर अभी फैसला नहीं सुनाया गया है। पिछले साल दिसंबर में मार्शल लॉ लागू करने के कारण यून के खिलाफ 'नेशनल असेंबली' की ओर से महाभियोग प्रस्ताव पारित किए जाने के बाद हान कार्यवाहक राष्ट्रपति बने थे। देश में मार्शल लॉ लागू किए जाने के कारण एक बड़ा राजनीतिक संकट पैदा हो गया था।

# सिख विरोधी दंगा: सज्जन कुमार के दर्ज नहीं हुए बयान

**नई दिल्ली।** सिख विरोधी दंगों के जनकपुरी से जुड़े मामले में आरोपित सज्जन कुमार सोमवार को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश हुए। सज्जन कुमार का बयान दर्ज होना था, लेकिन प्रश्न तैयार नहीं होने की वजह से सुनवाई टाल दी गई। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने मामले की अगली सुनवाई 14 अप्रैल को करने का आदेश दिया। कोर्ट ने 25 फरवरी को सरस्वती विहार से जुड़े सिख विरोधी दंगों के मामले में सज्जन कुमार को उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

# उग्रवाद से प्रभावित लोगों को जोड़ा जा रहा समाज की मुख्यधारा से : मुर्मू

**एजेंसी, रायपुर**

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि छत्तीसगढ़ में वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का काम अंतिम और निर्णायक दौर में पहुंच गया है।



उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य जल्द ही इस बुराई से मुक्ति पा लेगा। छत्तीसगढ़ विधानसभा के रजत जयंती वर्ष समारोह के दौरान सदन को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा ने लोकतांत्रिक परंपराओं के उच्चतम मानदंड स्थापित किए हैं तथा बेहतरीन संसदीय आचरण का अनूठा उदाहरण पेश किया है। उन्होंने इस बात की भी सराहना की कि राज्य विधानसभा में 19 महिला सदस्य हैं और 2023 के विधानसभा चुनाव में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक थी। राष्ट्रपति ने कहा कि सभी विधायकों को प्रयास करना चाहिए कि अगली विधानसभा में महिला सदस्यों की संख्या बढ़े। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि छत्तीसगढ़ को उग्रवाद से पूर्णतः मुक्त करने के प्रयास में आप सब शीघ्र ही सफलता प्राप्त करेंगे और राज्य के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ेंगे।

# रूस ने यूक्रेन पर दागे 150 ड्रोन, सात लोगों की मौत

**कीव।** रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच रूस ने यूक्रेन पर 150 ड्रोन दागे हैं। इस हमले में कम से कम 7 लोगों की मौत हो गई। ये हमले सऊदी अरब के रियाद में होने वाली पीस टॉक से ठीक पहले हुए हैं। यूक्रेन और रूस के बीच सोमवार को बैठक शुरू होगी।

वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने दावा किया कि इन हमलों में कीव के 3 लोगों की मौत हो गई। ये सभी एक ही परिवार के हैं। वहीं, हमले में एक बच्चे समेत दस लोग घायल हुए हैं। जेलेंस्की ने कहा कि इस हफ्ते यूक्रेन पर रूस ने 1,580 से अधिक गाइडेड बम, 1,100 ड्रोन और 15 मिसाइलें दागी हैं। उन्होंने कहा कि मॉस्को पर और दबाव बनाने की जरूरत है, ताकि यह युद्ध और हमले रोके जा सकें।

# सेंसेक्स 1078 अंक चढ़कर 77,984 पर बंद

**एजेंसी, मुंबई**

**हफ्ते** के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को शेयर बाजार में तेजी रही। सेंसेक्स 1078 अंक (1.40 फीसदी) चढ़कर 77,984 पर बंद हुआ। निफ्टी में 307 अंक (1.32 फीसदी) की तेजी रही, ये 23,658 पर बंद हुआ।




**निफ्टी में भी 307 अंक की रही तेजी**

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 24 में तेजी रही। टॉप गेनर्स में कोटक महिंद्रा बैंक 4.63 फीसदी, एनटीपीसी 4.51 फीसदी, एसबीआई 3.75 फीसदी, टेक महिंद्रा 3.54 फीसदी और पावर ग्रिड 3.27 फीसदी रहे। वहीं, निफ्टी पीएसयू बैंक इंडेक्स में 3.18 फीसदी, प्राइवेट बैंक में 2.42 फीसदी, रियल्टी में 1.53 फीसदी, ऑयल एंड गैस में 1.46 फीसदी और फाइनेंशियल सर्विसेज इंडेक्स में 1.89 फीसदी की तेजी रही। विदेशी निवेशक ट्रेंड को बदलते हुए भारतीय बाजार में खरीदारी कर रहे हैं। 21 मार्च को उन्होंने 7,470.36 करोड़ रुपए की नेट बाइंग की। यह विदेशी निवेशकों की 2025 की सबसे बड़ी नेट बाइंग है। यह बीते हफ्ते का लगातार तीसरा सेशन था, जिसमें विदेशी निवेशकों ने खरीदारी की। वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में भारत की जीडीपी 6.2 फीसदी की दर से बढ़ी है। वहीं रिटेल महंगाई फरवरी में 3.61 फीसदी रही, जो जनवरी में 4.26 फीसदी थी।

इसके अलावा इंडेक्स ऑफ इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन जनवरी में 5 फीसदी बढ़ा, जो उसके पहले महीने में 3.2 फीसदी था। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, यह डाटा इकोनॉमी के लिए पॉजिटिव है।

# पाक-अफगान सीमा पर 16 आतंकवादी ढेर



**एजेंसी, इस्लामाबाद**

**पाकिस्तान** ने सोमवार को दावा किया कि उसने पाक-अफगान बॉर्डर से घुसपैठ की कोशिश कर रहे कई आतंकवादियों को मार गिराया। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब इस्लामाबाद-काबुल रिश्तों को सामान्य बनाने की कोशिशें दोनों तरफ से की जा रही हैं।

इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) की ओर से जारी बयान के अनुसार, खुफिया जानकारी से पाकिस्तान के उत्तरी वजीरिस्तान जिले के गुलाम खान कल्ले इलाके के पास आतंकवादियों की गतिविधि का पता चला। यहां अफगानिस्तान के आतंकवादी घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे थे। हालांकि, सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की कोशिश नाकाम कर दी और कई घुसपैठियों को मार गिराया।

## स्पोर्ट्स विंडो

### पूर्व कप्तान तमीम इकबाल सीने में दर्द के बाद अस्पताल में भर्ती

**एजेंसी, नई दिल्ली।** बांग्लादेश के पूर्व कप्तान तमीम इकबाल को ढाका में ढाका प्रीमियर डिवीजन क्रिकेट लीग मैच के दौरान सीने में दर्द के बाद सोमवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया।



ईएसपीएनक्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार मोहम्मडन स्पोर्टिंग क्लब और शाइनपुकुर क्रिकेट क्लब के बीच खेले गए 50 ओवर के मैच के दौरान पहली पारी में 36 वर्षीय इकबाल को सीने में दर्द महसूस हुआ जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। रिपोर्ट के अनुसार मैच रेफरी देबब्रत पॉल ने कहा कि शुरुआत में तमीम को अस्पताल ले जाने के लिए हेलीकॉप्टर की व्यवस्था की गई थी, लेकिन उन्हें सावर के बीकेएसपी मैदान से नहीं लाया जा सका। बाद में उन्हें फाज़िलतुन्नेस अस्पताल में भर्ती कराया गया। तमीम इकबाल ने इसी साल जनवरी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। उन्होंने बांग्लादेश के लिए 70 टेस्ट और 243 एकदिवसीय मैच में क्रमशः 5,134 रन और 8,357 रन बनाए। उन्होंने 78 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भी बांग्लादेश का प्रतिनिधित्व किया जिनमें उन्होंने 1,758 रन बनाए।

### पुणे में होगा बिली जीन किंग कप एशिया-ओशिनिया ग्रुप एक टूर्नामेंट

**एजेंसी, पुणे।** बिली जीन किंग कप एशिया-ओशिनिया ग्रुप एक टूर्नामेंट 8 से 12 अप्रैल तक यहां बालेवाड़ी खेल परिसर में आयोजित किया जाएगा जिसमें भारत सहित छह टीम शिरकत करेंगी। प्रतियोगिता में अन्य टीमें न्यूजीलैंड, चीनी ताइपे, हांगकांग चीन, कोरिया और थाईलैंड होंगी। टूर्नामेंट राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेला जाएगा जिसमें सभी मुकाबलों में तीन मैच, दो एकल और उसके बाद युगल मुकाबले होंगे। टीमें इस क्षेत्र से उपलब्ध दो क्वालीफिकेशन स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। एमएसएलटीए सचिव सुंदर अय्यर ने कहा कि मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए और महा ओपन एटीपी चैलेंजर की सफलता के बाद एआईटीए और पीएमडीटीए के सहयोग से एमएसएलटीए उच्च स्तर का एक और टूर्नामेंट हासिल कर रोमांचित है। भारतीय महिला टीम का नेतृत्व अंकिता रैना करेंगी और इसमें सहजा यमलापल्ली, श्रीवल्ली भामिदीपती और वैदेही चौधरी शामिल होंगी जिनकी रैंकिंग 300 से 358 के बीच है।

### मुंबई इंडियंस के पुथुर ने आईपीएल के पदार्पण मैच में किया प्रभावित

**एजेंसी, मुंबई।** भारतीय क्रिकेट जगत के लिए अब तक अनजान रहे मुंबई इंडियंस के स्पिनर विग्नेश पुथुर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने पदार्पण मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ तीन विकेट झटक कर प्रभावित किया। मुंबई की टीम रविवार को खेले गये इस मैच को चार विकेट से हार गयी लेकिन केरल के 24 साल के वामहस्त स्पिनर ने अपनी काबिलियत से करिश्माई महेंद्र सिंह धोनी को भी प्रभावित किया। पुथुर को मैच के बाद धोनी से मिली तारीफ और शाबाशी लंबे समय तक याद रहेगी। ऑटो रिक्शा चालक के बेटे पुथुर ने अब तक प्रथम श्रेणी या लिस्ट ए स्तर का मैच भी नहीं खेला है। केरल के इस चाइनामैन गेंदबाज ने अपने कौशल के साथ दृढ़ता और आत्मविश्वास से क्रिकेट की दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। पुथुर ने चेन्नई के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ (53) के साथ शिवम दुबे (09) और दीपक हुड्डा (03) के अहम विकेट चटकाये। पुथुर ने मैच के बाद टीम के अपने सम्मान समारोह में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार प्राप्त करने के बाद सितारों से सजे ड्रेसिंग रूम में मुस्कुराते हुए कहा कि मैंने अपने जीवन में कभी नहीं सोचा था कि मैं इन सभी खिलाड़ियों के साथ खेलूंगा।

### क्रिस्टी बोलीं- यह सिर्फ मेरी सफलता नहीं, हमारी सफलता

**एजेंसी, हरारे।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) की नवनिर्वाचित अध्यक्ष क्रिस्टी कोवेंट्री का अपने गृह देश जिंबॉब्वे पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। अफ्रीका के देश जिंबॉब्वे को वर्षों तक अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों से अलगाव और प्रतिबंधों का सामना करना पड़ा है। जिंबॉब्वे की खेल मंत्री 41 वर्षीय कोवेंट्री



आईओसी अध्यक्ष पद की दौड़ में एकमात्र महिला उम्मीदवार थीं और वह विश्व की सर्वोच्च खेल संस्था की प्रमुख चुनी जाने वाली पहली महिला और पहली अफ्रीकी हैं। कोवेंट्री ने रविवार को जिंबॉब्वे पहुंचने पर कहा कि यह सिर्फ मेरी सफलता नहीं है, यह हमारी सफलता है। हमने बाधाओं को पार कर दिया। राजधानी हरारे के एक हवाई अड्डे पर पहुंचने पर कोवेंट्री का स्वागत पारंपरिक अफ्रीकी लोकनृत्य के साथ किया गया। इस अवसर पर वहां पर मौजूद लोगों ने उनकी जय जयकार की। इनमें महिला क्रिकेटर और स्कूली बच्चे भी शामिल थे। इस अवसर पर रॉबर्ट गेब्रियल मुगाबे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्वागत समारोह में मौजूद महिला मामलों की मंत्री मोनिका मुत्सवांगवा ने कहा, ''यह सिर्फ एक व्यक्तिगत जीत नहीं है, यह जीत जिंबॉब्वे को वैश्विक मंच पर स्थापित करेगी।

# आईपीएल : अय्यर और गिल के बीच आज होगी कप्तानी की रोचक जंग

## दोनों खिलाड़ियों ने चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत में निभाई थी अहम भूमिका

**एजेंसी, अहमदाबाद**



**पंजाब** किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच मंगलवार को होने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल के बीच कप्तानी की भी रोचक जंग देखने को मिलेगी। अय्यर आईपीएल के सफल कप्तानों में शामिल हैं। उनके नेतृत्व में कोलकाता नाइट राइडर्स ने पिछले साल खिताब जीता था। इससे चार साल पहले 2020 में दिल्ली कैपिटल्स ने उनकी कप्तानी में फाइनल में जगह बनाई थी। अब उनका लक्ष्य पंजाब का आईपीएल खिताब जीतने का 18 साल लंबा इंतजार खत्म करना होगा।

पंजाब आईपीएल 2018 के सेमीफाइनल में पहुंचा था जबकि उसने 2014 में फाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन पिछले चार वर्षों में शीर्ष पांच में भी जगह नहीं बना सका। किंग्स इलेवन पंजाब से पंजाब किंग्स बनने के बावजूद इस टीम को अब भी अपने पहले आईपीएल खिताब का इंतजार है, लेकिन अब अय्यर के रूप में नया कप्तान और रिकी पोंटिंग के रूप में नया मुख्य कोच मिलने के बाद पंजाब की टीम नए सिरे से शुरुआत करने के लिए तैयार है।

दूसरी तरफ गिल को भारत का भविष्य का कप्तान माना जा रहा है। उन्हें हाल में भारत की एकदिवसीय टीम का उप कप्तान नियुक्त किया गया। उन्होंने हार्दिक पांड्या के पिछले साल मुंबई इंडियंस से जुड़ जाने के बाद गुजरात की कप्तानी संभाली थी लेकिन उनकी टीम तब आठवें स्थान पर रही थी। इससे पहले हार्दिक की कप्तानी में गुजरात की टीम 2022 में विजेता और 2023 में उपविजेता रही थी। गिल और अय्यर दोनों शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। इन दोनों ने चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

**मैच : शाम 7.30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**गुजरात टाइटंस:** शुभमन गिल (कप्तान), अनुज रावत, जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, शेरफेन रदरफोर्ड, साई सुदर्शन, एम शाहरुख खान, राशिद खान, करीम जनत, महिपाल लोमरोर, ग्लेन फिलिप्स, निशांत सिंधु, मानव सुथार, राहुल तेवतिया, वाशिंगटन सुंदर, अरशद खान, गेराल्ड कोएत्जी, गुरनूर बराड़, कुलवंत खेजरोलिया, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कगिसो रबाडा। साई किशोर, ईशांत शर्मा, जयंत यादव।

**पंजाब किंग्स:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, पायला अविनाश, हरनूर सिंह, जोश इंग्लिस, प्रभसिमरन सिंह, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, आरोन हार्डी, मार्को जानसन, ग्लेन मैक्सवेल, मुशीर खान, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, सूर्यांश शेडगे, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, प्रवीण दुबे, लॉकी फर्ग्यूसन। हरप्रीत बराड़, कुलदीप सेन, विजयकुमार वैश्य, यश ठाकुर।

# मिचेल मार्श ने 21 गेंदों में जड़ा अर्धशतक



**एजेंसी, विशाखापत्तनम**

**आईपीएल** 2025 का चौथा मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जाएंट्स के बीच खेला गया। इस संस्करण में दोनों टीमें नए कप्तानों के नेतृत्व में खेलने उतरी हैं।

लखनऊ की अगुआई ऋषभ पंत ने की जबकि दिल्ली की कमान अक्षर पटेल ने संभाली। दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। मिचेल मार्श शानदार फॉर्म में नजर आ रहे थे। उन्होंने महज 21 गेंदों में अर्धशतक जड़ा है। उनका साथ देने के लिए निकोलस पूरन मौजूद हैं। लखनऊ को पहला झटका विपराज निगम ने दिया। उन्होंने एडेन मार्करम को अपना शिकार बनाया। वह 15 रन बनाकर पवेलियन लौटे। दक्षिण अफ्रीका के स्टार बल्लेबाज ने मिचेल मार्श के साथ पहले विकेट के लिए 46 रनों की साझेदारी निभाई। खबर लिखे जाने 11 ओवर में लखनऊ की टीम ने 1 विकेट के नुकसान पर 131 रन बना लिए थे।

# धर्मशाला में दिसंबर में होगा भारत दक्षिण अफ्रीका में टी-20 मुकाबला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



**अंतरराष्ट्रीय** क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला जहां मई माह में टाटा आईपीएल मैचों की रोनक रहेगी, वहीं दिसंबर माह में दर्शकों को अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैचों में भारत और दक्षिण अफ्रीका का मुकाबला देखने को मिलेगी। आईपीएल के चेयरमैन अरुण धूमल ने कहा है कि भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी-20 मैचों की सीरीज को तीसरा मैच 14 दिसंबर को धर्मशाला स्टेडियम में खेला जाएगा। मार्च 2024 में भारत-इंग्लैंड के बीच टेस्ट मैच की मेजबानी के पौने दो साल बाद एचपीसीए का अंतरराष्ट्रीय मैच की मेजबानी को अवसर मिला है।

बता दें कि धर्मशाला स्टेडियम को अब तक 11 अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैचों की मेजबानी का मौका मिल चुका है। इनमें एक मैच बारिश के कारण नहीं हो पाया था। इससे पहले धर्मशाला में दक्षिण अफ्रीका तीन बार मैच खेलने आई, जिसमें एक टी-20 मैच खेल चुकी है, जबकि एक टी-20 और एक वनडे बारिश के कारण नहीं हो पाया था। अब दक्षिण अफ्रीका चैथी बार आएगी। दो अक्तूबर 2015 को धर्मशाला में खेले गए टी-20 मैच में दक्षिण अफ्रीका ने भारत पर सात विकेट से जीत दर्ज की थी। मैचों को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में अभी से भारी जनून देखने को मिल रहा है। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एशोसिएशन के सचिव अवनीश परमार ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला को टाटा आईपीएल मैचों के बाद भारत और दक्षिण अफ्रीका मैच मिलना सभी के लिए खुशी की बात है।

# नेशंस लीग के सेमीफाइनल में स्पेन और फ्रांस

## पेनल्टी शूटआउट में दर्ज की जीत, जर्मनी व पुर्तगाल भी अंतिम चार में पहुंचने में सफल

**एजेंसी, पेरिस**



**गत** चैंपियन स्पेन और फ्रांस ने पेनल्टी शूटआउट में जीत दर्ज करके नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इन दोनों के अलावा जर्मनी और पुर्तगाल भी अंतिम चार में पहुंचने में सफल रहे। स्पेन ने नीदरलैंड के खिलाफ दूसरे चरण के मैच में तीन बार पिछड़ने के बाद वापसी करके 3-3 से ड्रॉ खेला। इस तरह से कुल स्कोर 5-5 से बराबर रहा जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया।

शूटआउट में स्पेन के गोलकीपर उनाई सिमोन ने डोनियल मैलेन के प्रयास को नाकाम कर दिया। इसके बाद बार्सिलोना के मिडफील्डर पेड्री ने निर्णायक पेनल्टी किक मारी। इस तरह से स्पेन ने शूटआउट में 5-4 से जीत हासिल की। फ्रांस ने भी पेनल्टी शूटआउट में क्रोएशिया को 5-4 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। फ्रांस के स्टार स्ट्राइकर किलियन एम्बाप्पे लगातार सातवें मैच में अपनी राष्ट्रीय टीम की तरफ से गोल नहीं कर पाए। लेकिन माइकल ओलिसे ने 52वें मिनट में फ्री किक पर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय गोल किया जबकि ओस्मान डेम्बेले ने निर्धारित समय से 10 मिनट पहले गोल करके कुल स्कोर 2-2 कर दिया। क्रोएशिया ने पहले चरण का मैच 2-0 से जीता था।

पेनल्टी शूटआउट में फ्रांस के गोलकीपर माइक मेगनन ने जोसिप स्टानिसिच के शॉट का शानदार बचाव किया जिसके बाद डेयोट उपामेकानो ने निर्णायक गोल किया। जर्मनी ने इटली के खिलाफ पहले हाफ में तीन गोल किए लेकिन फिर 3-3 की बराबरी पर रहकर 5-4 के कुल स्कोर से जीत हासिल करके सेमीफाइनल में जगह बनाई।

पुर्तगाल ने लिस्बन में पहला चरण 1-0 से हारने के बाद अतिरिक्त समय तक चले मैच में डेनमार्क को 5-2 के कुल स्कोर से पराजित किया। फ्रांसिस्को ट्रिनकाओ ने पुर्तगाल के लिए दो गोल किए जबकि क्रिस्टियानो रोनाल्डो शुरुआती पेनल्टी चूक गए।

पहले सेमीफाइनल चार जून को म्यूनिख में जर्मनी और पुर्तगाल के बीच खेला जाएगा जबकि दूसरे सेमीफाइनल में पांच जून को स्टटगार्ट में फ्रांस और स्पेन के बीच मुकाबला होगा। फाइनल आठ जून को खेला जाएगा।

# एशियाई चैंपियनशिप : अंतिम पंघाल, दीपक के सामने फिर से खुद को साबित करने की चुनौती

**एजेंसी, अम्मान (जॉर्डन)**

**अंतिम** पंघाल और दीपक पूनिया जैसे पहलवानों के लिए 2024 का सत्र निराशाजनक रहा लेकिन इन दोनों के साथ भारत के अन्य पहलवानों को मंगलवार से यहां शुरू हो रही सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में एक नयी शुरुआत करने का मौका मिलेगा। युवा पहलवान अंतिम 2022-23 के बीच चयन ट्रायल को लेकर सुर्खियों में रही लेकिन वह वैश्विक मंच पर खुद को साबित करने में नाकाम रही। पेरिस ओलंपिक में वह पहले ही दौर से बाहर हो गयी। ऐसा नहीं है कि वह पदक की प्रबल दावेदार थीं, लेकिन उनकी प्रतिभा को देखते हुए उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद थी। अंडर-20 विश्व चैंपियन के 53 किग्रा में दो बार चैंपियन रही अंतिम दबाव में बिखर गयी थी।

अंडर-23 विश्व चैंपियन रीतिका हुड्डा (76 किग्रा) और अंडर-17 विश्व चैंपियन मानसी लाठेर (जो 68 किग्रा चयन ट्रायल के माध्यम से चुनी गयी है) और मनीषा भानवाला (62 किग्रा) से बहुत उम्मीदें होंगी। विश्व चैंपियनशिप (2019) के रजत पदक विजेता दीपक पूनिया तोक्यो ओलंपिक में मामूली अंतर से पदक से चूक गए थे लेकिन वह पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में भी नाकाम रहे।

दीपक ने जूनियर स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया था लेकिन वह काफी समय तक खराब लय में रहे। उनके पास इस प्रतियोगिता से अपनी पिछली नाकामियों को पीछे छोड़कर खुद को फिर से साबित करने की चुनौती होगी। सामान्य तौर पर 86 किग्रा में चुनौती पेश करने वाले दीपक यहां 92 किग्रा वर्ग में अपने कौशल को आजमायेंगे। पेरिस खेलों के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत पदक के लिए बड़े दावेदार होते, लेकिन वह चोट से पूरी तरह से उबरने में नाकाम रहे है ऐसे में अंडर-23 विश्व चैंपियन चिराग 57 किग्रा वर्ग में भारत की चुनौती पेश करेंगे। इस भार वर्ग के मुकाबलों को तेज गति के लिए जाना जाता है। उदित (61 किग्रा) और विश्व अंडर-20 पदक विजेता सुजीत कलकल (65 किग्रा) से भी भारतीय टीम को प्रभावी प्रदर्शन की उम्मीद है।



**भारतीय टीम**

**पुरुष फ्रीस्टाइलः** चिराग (57 किग्रा), उदित (61 किग्रा), सुजीत कलकल (65 किग्रा), विशाल कालीरमन (70 किग्रा), जयदीप (74 किग्रा), चंद्रमोहन (79 किग्रा), मुकुल दहया (86 किग्रा), दीपक पूनिया (92 किग्रा), जोंटी कुमार (97 किग्रा) और दिनेश (125 किग्रा)।

**महिलाः** अंकुश (50 किग्रा), अंतिम पंघाल (53 किग्रा), निशु (55 किग्रा), नेहा शर्मा (57 किग्रा), मुस्कान (59 किग्रा), मनीषा भनवाला (62 किग्रा), मोनिका (65 किग्रा), मानसी लाठेर (68 किग्रा), ज्योति बेरवाल (72 किग्रा) और रीतिका हुडा (76 किग्रा)

**ग्रीको रोमनः** नितिन (55 किग्रा), सुमित (60 किग्रा), उमेश (63 किग्रा), नीरज (67 किग्रा), कुलदीप (72 किग्रा), सागर (77 किग्रा), राहुल (82 किग्रा), सुनील (87 किग्रा), नितेश (97 किग्रा) और प्रेम (130 किग्रा)।

# हरमनप्रीत, मंधाना व दीप्ति बीसीसीआई केंद्रीय अनुबंध की शीर्ष श्रेणी में बरकरार

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**भारतीय** महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर, उप कप्तान स्मृति मंधाना और हरफनमौला खिलाड़ी दीप्ति शर्मा को सोमवार को ग्रेड ए में बरकरार रखा गया, जो भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के केंद्रीय अनुबंध की सर्वोच्च श्रेणी है।

तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर, ऑलराउंडर जेमिमा रोड्रिग्स, विकेटकीपर ऋचा घोष और सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा को भी ग्रेड बी में बनाए रखा गया है लेकिन पिछले साल ग्रेड बी में शामिल बाएं हाथ की स्पिनर राजेश्वरी गायकवाड अपना अनुबंध बरकरार नहीं रख पाई।

युवा ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल, तेज गेंदबाज टिटास साधु और अरुंधति रेड्डी, ऑलराउंडर अमनजोत कौर और विकेटकीपर उमा छेत्री को पहली बार केंद्रीय अनुबंध में शामिल किया गया है। उन्हें यास्तिका भाटिया, राधा यादव, अमनजोत कौर, स्नेह राणा और पूजा वस्त्राकर के साथ ग्रेड सी में शामिल किया गया है। जिन खिलाड़ियों को केंद्रीय अनुबंध में जगह नहीं मिल पाई उनमें मेघना सिंह, देविका वैद्य, सब्बीनेनी मेघना, अंजलि सरवानी और हरलीन देयोल शामिल हैं।

केंद्रीय अनुबंध में ए श्रेणी में शामिल महिला क्रिकेटर को सालाना 50 लाख, बी श्रेणी की क्रिकेटर को 30 लाख और सी श्रेणी की क्रिकेटर को 10 लाख रुपए मिलते हैं।

# हैमर बॉल नेशनल चैंपियनशिप में हिमाचल ने झटका तीसरा स्थान

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



**आगरा** में आयोजित प्रथम अंडर-14 हैमर बॉल नेशनल चैंपियनशिप में हिमाचल प्रदेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस सफलता के साथ हिमाचल के युवा खिलाड़ियों ने राज्य का नाम रोशन किया और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर से विभिन्न राज्यों की टीमों ने हिस्सा लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद हिमाचल प्रदेश की टीम ने अपने दमदार खेल से कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। टीम के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर अपनी मेहनत और लगन का परिचय दिया।

हिमाचल लौटने पर खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। थ्रो बॉल हिमाचल प्रदेश के अध्यक्ष अमन शर्मा, जिला ऊना थ्रो बॉल की सीमा शर्मा, इंदु वाला, बृजेश कुमार, कबड्डी एसोसिएशन के रिशब, स्थानीय खेल संघों, अभिभावकों और खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों का फूल-मालाओं से अभिनंदन किया। पंचायत समिति बंगाणा के अध्यक्ष देवराज शर्मा ने भी खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

हैमर बॉल एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश सहोता और कोच सुमित शर्मा ने इस सफलता को टीम की मेहनत और समर्पण का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि यदि खिलाड़ी ऐसे ही प्रयास जारी रखते हैं, तो हिमाचल इस खेल में और ऊंचाइयों तक पहुंचेगा। टीम के खिलाड़ी उत्कर्ष, संचित, हर्षित, कपिल, सूर्यांश, अयान राणा, यशवीर, अभी, अक्षव कटोच और आरब ने इस सफलता का श्रेय अपने कोच सुमित शर्मा, अभिभावकों और साथी खिलाड़ियों को दिया। खिलाड़ियों ने कहा कि यह उपलब्धि उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगी।

**चर्चा**

## गायकवाड़ को सीएसके की कप्तानी सौंपने के बाद अटकलों को किया खारिज

# प्रासंगिक बने रहने के लिए खुद को ढालना होगा: धोनी

**एजेंसी, चेन्नई**

**करिश्माई** क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी ने रुतुराज गायकवाड़ को चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी सौंपने के बावजूद पर्दे के पीछे से निर्णय लेने की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल)में प्रासंगिक बने रहने के लिए खुद को परिस्थितियों के अनुसार ढालने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। चेन्नई की रविवार की रात को खेले गए मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ चार विकेट से जीत के बाद धोनी ने गायकवाड़ के नेतृत्व, अपनी फॉर्म और मौजूदा लीग में की जा रही क्षेत्रीय कमेंट्री के बारे में भी बात की।

धोनी ने कहा कि बल्लेबाज अब जोखिम लेने को तैयार हैं। अब बल्लेबाजों का मानना है कि उचित क्रिकेट शॉट्स के साथ वे बड़े स्ट्रोक खेल सकते हैं और साथ ही वे अपने शॉट चयन में सुधार कर रहे हैं फिर चाहे वह तेज गेंदबाज के खिलाफ रिवर्स स्कूप हो, स्वीप हो या तेज गेंदबाज के खिलाफ रिवर्स स्वीप हो। उन्होंने कहा कि मैं उनसे अलग नहीं हूं। मुझे भी खुद को ढालना होगा। जहां मैं बल्लेबाजी कर रहा हूं, वहां मेरे लिए यही जरूरी है। आपको कोशिश करनी होगी और प्रासंगिक बने रहना होगा।



धोनी ने कहा कि हमने जिस तरह से 2008 में टी20 खेला था और जिस तरह से हम पिछले साल आईपीएल में खेले उसमें बहुत अंतर था। पहले विकेट काफी टर्न लेते थे लेकिन अब भारत के विकेट पहले की तुलना में काफी बेहतर बन गए हैं। यह बल्लेबाजों के लिए अधिक अनुकूल है। चेन्नई ने धोनी के कप्तान रहते हुए पांच आईपीएल खिताब जीते, लेकिन उन्होंने 2024 के सत्र से पहले गायकवाड को कमान सौंप दी थी। धोनी ने कहा कि हालांकि वह गायकवाड़ के साथ चर्चा करते हैं, लेकिन वह उन पर अपनी सलाह नहीं थोपते हैं।

### 43 साल की उम्र में फुर्ती देखकर मंत्रमुग्ध हो गए हेडन

**एजेंसी, चेन्नई।** महेंद्र सिंह धोनी ने 43 साल की उम्र होने के बावजूद रविवार को यहां खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में जिस तरह की फुर्ती दिखाकर मुंबई इंडियंस के कप्तान सूर्यकुमार यादव को स्टंप आउट किया उसे देखकर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन मंत्रमुग्ध हो गए। धोनी अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर हैं। उन्होंने पांच साल पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स को पांच आईपीएल खिताब दिलाने के बाद वह अपनी इस टीम की तरफ से केवल एक खिलाड़ी के रूप में खेल रहे हैं। धोनी ने रविवार को एक बार फिर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जब उन्होंने नूर अहमद की गेंद पर तुरंत गिल्लियां उड़ा दी और सूर्यकुमार को वापस पवेलियन भेज दिया। हेडन ने कहा कि धोनी बहुत आक्रामक थे। उन्होंने गजब की फुर्ती दिखाई। मेरे कहने का मतलब है कि नूर अहमद लेग साइड में गेंदबाजी कर रहा था और ऐसे में स्टंपिंग करना बहुत मुश्किल होता है।